दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — मंत्रालय परिसर में लगेगी महात्मा गांधी की...
4 अभिव्यक्ति — हसीन विषकन्याओं का मायावी जाल...
9 मनोरंजन/खेल — सुशांत को याद कर कृति सेनन ने लिखा...
11 व्यापार — यूपी के गौरजीत, लंगड़ा और चौसा...

www.navpradesh.com
बिलासपुर, गुरुवार 18 जून 2020, आषाण कृष्ण पक्ष-द्वादशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-06 अंक-69 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

लद्दाख में चीनी सैनिकों के साथ हुई हिंसक झड़प में शहीद हुए भारतीय रणबांकुरों की शहादत को सलाम। चीनी चमगादड़ों की इस कायराना करतूत का हिसाब जरूर होगा। चीन ने आगाज किया है लेकिन इसे अंजाम तक भारत पहुंचाएगा। वैसे तो बड़ी संख्या में ड़ेढ फुटिए चीनी सैनिकों को भी चींटी की तरह मसला गया है लेकिन यह बदला काफी नहीं है। हर हिन्दुस्तानी का खून खौल रहा है। चीन के पाप का घड़ा भर गया है। उसे फोड़ना ही पड़ेगा। चीन ने भारत को छेड़ने की गुस्ताखी की है, अब उसे किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ जाना चाहिए।

अच्छी खबर

कोरोना मरीजों की रिकवरी दर 52.80 फीसदी तक हुई

नई दिल्ली, (वार्ता)। देश में कोरोना मरीजों के स्वस्थ होने की दर में इजाफा हो रहा है और अब तक कोरोना वायरस'कोविड-19' के कुल 1,86,934 मरीज ठीक हो गये हैं और रिकवरी दर बढ़कर 52.80 प्रतिशत हो गई है। पिछले 24 घंटों में 6922 मरीज स्वस्थ हुए हैं। कोरोना मरीजों के ठीक होने की दर में वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि पीड़ितों पर दवाओं का बेहतर असर हो रहा है। इस समय 1,55,227 कोरोना के सक्रिय मरीज चिकित्सकों की निगरानी में हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद भी लगातार अपनी टेस्टिंग क्षमता में बढ़ोत्तरी कर रही है और इस समय देश में 674 सरकारी और 250 निजी प्रयोगशालाएं काम कर रही हैं।

कोरोना अपडेट

देश	टोटल केस	मौत
भारत	3,59,398	12,028
अमेरिका	2,209,231	119,158
ब्राजील	929,149	45,467
ब्रिटेन	298,136	41,969
इटली	237,500	34,405
फ्रांस	157,716	29,547
स्पेन	291,408	27,136
मैक्सिको	154,863	18,310
बेल्जियम	60,244	9,675
ईरान	195,051	9,185
जर्मनी	188,544	8,910
कनाडा	99,467	8,213
रूस	553,301	7,478
पेरु	237,156	7,056
नीदरलैंड	49,204	6,074
टर्की	181,298	4,842

शेयर बाजार

सेंसेक्स- 33507.92
निफ्टी- 9881.15
गोल्ड- 47197 (10 ग्रा.)
सिल्वर- 48085 (1 कि ग्रा.)

लद्दाख में 20 सैनिकों की शहादत पर पीएम मोदी की चीन को चेतावनी

कोई भ्रम न पाले, उकसाने पर हर हाल में देंगे जवाब

■ मोदी ने शहीद जवानों को भी याद किया, कहा गर्व है कि वे मारते-मारते मरे हैं

नई दिल्ली (वार्ता)। पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ हिंसक झड़प में 20 भारतीय जवानों की शहादत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन को कड़ा संदेश दिया है। मोदी ने देश को आश्वस्त किया कि जवानों का बलिदान बेकार नहीं जाएगा। उन्होंने चीन को चेतावनी देते हुए कहा कि भारत किसी को उकसाता नहीं है, लेकिन अगर कोई हमें उकसाएगा, तो वह भ्रम में न रहे। भारत के पास हर हाल में यथोचित जवाब देने की ताकत है। बुधवार को कोरोना वायरस पर मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले लद्दाख में भारत-चीन विवाद पर बात की।

उन्होंने जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भारत के जवान मारते-मारते शहीद हुए हैं। देश को उनके शौर्य पर गर्व है। उन्होंने साफ किया कि भारत की संप्रभुता और अखंडता से किसी भी हाल में समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा वैसे भारत शांति चाहता है, लेकिन किसी के उकसाने पर उचित जवाब देना भी जानता है। मोदी ने कहा कि मैं शहीदों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं, जवानों और उनके परिवार को भरोसा दिलाता हूं कि देश आपके साथ है, स्थिति कुछ भी हो देश आपके साथ है। मोदी ने आगे कहा कि भारत अपने स्वाभिमान और हर एक इंच जमीन की रक्षा करेगा। आज जिन 15 राज्यों से पीएम नरेंद्र मोदी ने कोरोना ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मोदी ने शहीद 20 जवानों के लिए 2 मिनट का मौन भी रखवाया

'भरोसा दिलाता हूं- बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा'

मोदी ने आगे कहा कि देश को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। भारत की अखडता, संप्रभुता की रक्षा करने से हमें कोई रोक नहीं सकता। किसी को भ्रम या संदेह नहीं होना चाहिए कि भारत शांति चाहता है लेकिन उकसाने पर उचित जवाब देने में सक्षम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लद्दाख में शहीद हुए वीर जवानों को याद करते हुए कहा कि देश को गर्व है कि हमारे सैनिक मारते-मारते मरे हैं। अपनी बात खत्म करके उन्होंने शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन भी रखवाया।

भारत शांति चाहता है, लेकिन उकसावे पर चुप नहीं बैठेगा

चीन का नाम लिए बगैर कहा कि भारत उसके साथ सहयोग और दोस्ताना रास्ते पर चला है। उन्होंने कहा कि भारत शांतिपूर्ण देश है। इतिहास भी इस बात का गवाह है कि हमने विश्व में शांति फैलाई। पड़ोसियों के साथ दोस्ताना तरीके से काम किया। मतभेद हुए भी को कोशिश की है कि विवाद न हो। हम कभी किसी को भी उकसाते नहीं हैं लेकिन अपने देश की अखंडता के साथ समझौता भी नहीं करते।

शहीद वीर सपूत

शहीद जवानों में कर्नल बी संतोष बाबू, नायब सूबेदार नादूराम सोरेन, एसबी सब मंदीप सिंगज, एनडी सूबेदार सतनाम सिंह, हवलदार के पलानी, हवलदार सुनील कुमार, हवलदार बिपुल रॉय, एनके दीपक कुमार, सिपाही राजेश ओरंग, सिपाही कुंदन कुमार ओझा, सिपाही गणेश राम, सिपाही चंद्रकांता प्रधान, सिपाही अंकुश, सिपाही गुरबिंदर, सिपाही गुरतेज सिंह, सिपाही चंदन कुमार, सिपाही कुंदन कुमार, सिपाही अमन कुमार, सिपाही जय किशोर सिंह, सिपाही गणेश हांसदा

देश को नाज है जांबाजों की बहादुरी पर : राजनाथ

रक्षा मंत्री ने ट्विटर पर अपने शोक संदेश में कहा है, गलवान घाटी में सैनिकों की मौत परेशान करने वाली और दुखद है। हमारे सैनिकों ने कर्तव्य की वेदी पर असाधारण साहस और बहादुरी का परिचय दिया तथा सेना की सर्वोच्च परंपराओं का निर्वहन करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उन्होंने कहा, राष्ट्र उनकी बहादुरी और बलिदान को कभी नहीं भुला पायेगा। शहीदों के परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं।

सेना अलर्ट, सर्वदलीय बैठक 19 को

नई दिल्ली ए.। लद्दाख के गलवान घाटी में सोमवार रात चीन और भारतीय सैनिकों के बीच हुए संघर्ष के बाद भारत पेइचिंग को घेरने के लिए कई मोर्चे पर तैयारी कर रहा है। इस बीच, पीएम नरेंद्र मोदी ने चीन के मुद्दे पर 19 जून को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस वर्चुअल बैठक में पीएम मोदी देश के राजनीतिक दलों के अध्यक्षों से चीन के मसले पर बात करेंगे और उन्हें मौजूदा स्थिति की जानकारी दे सकते हैं। हालांकि पीएम की इस बैठक पर कई तरह के कयास भी लगाए जा रहे हैं। इस बीच, सूत्रों के अनुसार सेना, वायुसेना और नेवी को अलर्ट कर दिया गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि पीएम मोदी कुछ बड़ा सोच रहे हैं।

हाई अलर्ट पर तीनों सेना

सूत्रों के मुताबिक सेना, वायुसेना और नौसेना को उच्चतम स्तर पर अलर्ट रहने को कहा गया है। सभी सेनाओं को बुरी से बुरी स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा गया है। सेना, वायुसेना और नेवी उच्चतम स्तर के अलर्ट पर हैं और बताया जा रहा है कि हथियारों का मूवमेंट भी शुरू हो चुका है। लोकल कमांडरों को चीन से निपटने के लिए खुली छूट दे दी गई है। सूत्रों ने बताया कि आईटीबीपी को सेना के नियंत्रण में भी लाया जा सकता है।

बस्तर का वीर सपूत शहीद

घर आते ही होनी थी शादी पर आई शहादत की खबर

नवप्रदेश संवादाता

■ 18 साल की उम्र में किया था सेना ज्वाईन
■ 1 माह से आवाज सुनने तरसता रहा परिवार
■ आज शाम तक गांव पहुंचेगी पार्थिव देह

रायपुर। भारत-चीन सीमा विवाद के बीच दुश्मन सेना के हमले में शहीद भारतीय सैनिकों में एक छत्तीसगढ़ का भी वीर सपूत है। कांकेर जिले के चारामा ब्लॉक के कुर्रुटोला गांव गिधाली का बेटा गणेश कुंजाम की शहादत की खबर के बाद गांव में शहीद के घर पर भीड़ जुटने लगी है। बताते हैं कि मंगलवार की रात को भारतीय सेना के 20 सैनिकों की शहादत की खबर आई। शहीद के चाचा तिहारूराम कुंजाम के मुताबिक 1 महीने पूर्व गणेश से परिजनों की बात हुई थी। तब उसने बताया था कि उसकी पोस्टिंग चीन सीमा पर हुई है। बताते हैं कि उसके बाद से परिवार वालों से गणेश का संपर्क नहीं हुआ। पूर्व में छुट्टियों पर जब वह घर आया था तो उसकी शादी तय कर ली गई थी। इस बार अवकाश में आने के बाद उसकी शादी के लिए परिवार तैयार बैठा था। लेकिन बस्तर का बेटा तो नहीं आया पर उसकी शहादत की खबर आज परिवारवालों को मिली। शहादत की खबर के बाद से ही परिवार वालों की यादें लगातार आंसू बनकर बह रही हैं।

गोदड़ी का लाल साबित हुआ शहीद गणेश

चीनी सैनिकों से लोहा लेने वालों में छत्तीसगढ़ के कांकेर का गणेश कुंजाम भी लड़ते हुए शहीद हुआ है। शहीद गणेश 18 साल की उम्र में 2011 में आर्मी ज्वाइन किया था। की थी करीब 1 माह पूर्व ही चीन बॉर्डर पर उसकी पोस्टिंग हुई थी लेकिन इस हिंसक झड़प में अन्य जवानों के साथ उसने भी अपनी जान गवा दी। 27 साल की उम्र में एक सैनिक के लिए सर्वोच्च सम्मान के तौर पर शहादत ही सबसे बड़ा सम्मान होता है। गरीब घर के एकलौते बेटे गणेश की शहादत और उसकी वीरता से घर, गांव, जिला और राज्य के साथ देश का गौरव बढ़ा है। लेकिन उसके यूं चले जाने और विवाह का सपना संजोय बैठे परिजनों समेत पूरा गांव गमगीन भी है।

गांव में गणेश के घर के सामने सभी जुट गए हैं और शहादत व गणेश के सम्मान में नारा लगाया जा रहा है।

जानकारी मिलते ही शहीद गणेश के गृह ग्राम में शोक की लहर उमड़ पड़ी है। वही उसके लिए देश की शहादत पर गर्व भी महसूस किया जा रहा है। घर के बाहर शहीद गणेश अमर रहे के नारे गूंज रहे है। शहीद का पार्थिव शरीर गृह ग्राम लाकर राजकीय समान के साथ उसे अंतिम विदाई दी जाएगी। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

शहादत पर दिग्गज नतमस्तक

छत्तीसगढ़ महतारी के सपूत पर हम सब को गर्व- सीएम भूपेश

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लद्दाख की गलवान घाटी में चीन के सैनिकों के साथ झड़प में शहीद हुए भारतीय सेना के जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शहीद जवानों के शोकसंतप्त परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना और सहानुभूति प्रकट की है। मुख्यमंत्री ने वीर जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि शहीद जवानों में छत्तीसगढ़ महतारी के सपूत कांकेर निवासी श्री गणेश राम कुंजाम भी शामिल हैं। श्री बघेल ने शहीद जवान श्री गणेश राम कुंजाम को श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि हम सबको अपने बहादुर जवानों पर गर्व है, देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए पूरा देश एकजुट है।

शहादत और शहीद गणेश को कभी भुलाया नहीं जाएगा-डॉ.रमन सिंह

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. रमन सिंह ने कहा कि सीमा पर तैनात जवानों ने शौर्य के साथ अपने प्राणों की आहुति देकर भारत मां की रक्षा की है। उनका बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता है। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि उस घर की व्यथा को भलीभांति समझा जा सकता है, जिनके जवान सपूत की शहादत हुई हो। प्रदेश के कांकेर जिले के गणेशराम कुंजाम जी ने अपने प्राण भारत की सीमाओं को सुरक्षित रखने में बलिदान कर राष्ट्रभक्ति की जो भावना जगाई है, युगों तक उन्हें स्मरण रखा जाएगा, उनकी गाथा अमर रहेगी।

स्वास्थ्यकर्मियों को आज वेतन दें राज्य सरकारें : सुको

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने कोरोना महामारी से लड़ाई लड़ रहे चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को बगैर किसी कटौती के कल तक वेतन मुहैया कराने का बुधवार को राज्य सरकारों को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति अशोक भूषण, न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति एमआर शाह की पीठ ने डॉ. आरुषि जैन की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि सभी राज्यों के मुख्य सचिव यह सुनिश्चित करेंगे कि डाक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों का वेतन नही काटा जाएगा। न्यायालय ने कहा कि यदि इस आदेश पर अमल नहीं किया जाता है तो इसे अपराध माना जाएगा और संबंधित अधिकारी को कड़ी सजा मिलेगी। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से कहा कि वह डॉक्टरों एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

हम सेना और सरकार के साथ : सोनिया

नई दिल्ली। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पीएम मोदी से पूछा है वे बताएं कि सीमा पर स्थिति को निपटने के लिए सरकार की क्या

रणनीति है? सोनिया ने आगे कहा कि संकट के इस समय में कांग्रेस सेना और सरकार के साथ है, विश्वास है कि देश दुश्मन का सामना करने के लिए एकजुट होगा। लेकिन, उन्होंने पूछा कि प्रधानमंत्री देश को यह बताएं कि चीन ने कैसे भारतीय जमीन पर कब्जा किया, 20 बहादुर जवान क्यों शहीद हुए? कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लद्दाख की गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ हिंसक झड़प में 20 भारतीय जवानों की शहादत पर दुख जताते हुए मंगलवार को कहा कि देश की सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए हम सब साथ खड़े हैं। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गलवान में शहादतः चीनी विदेश मंत्री से जयशंकर की दो टूक

साजिश के साथ चीनी सैनिकों ने किया हमला

■ एस. जयशंकर और वांग यी के बीच फोन पर बात हुई जिसमें शांति बरतने पर जोर दिया गया

पूर्वनियोजित रणनीति से किया हमला

जयशंकर ने चीनी विदेश मंत्री वांग यी से स्पष्ट कहा, 'गलवान में जो कुछ भी हुआ, उसे चीन ने काफी सोची-समझी और पूर्वनियोजित रणनीति के तहत अंजाम दिया है। इसलिए, भविष्य की घटनाओं की जिम्मेदारी उसी पर होगी।' दरअसल, शांति की बात कर हिंसा का रास्ता अख्तियार करने वाला चीन गलवान घाटी में भारतीय सैनिकों पर धोखे से हमला करने के बाद आगे का रास्ता बातचीत के जरिए निकालने की सलाह दे रहा है।

नई दिल्ली। चीन की विदेश नीति में धोखेबाजी और धूर्तपने का कितना अहम किरदार है, यह एक बार फिर से दिख रहा है। गलवान घाटी में भारतीय सैनिकों पर धोखे से हमले के बाद अब चीन के विदेश मंत्री वांग यी आगे का रास्ता बातचीत के जरिए निकालने पर जोर दे रहे हैं। हालांकि, भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने स्पष्ट कर दिया कि भारत इसे स्थानीय स्तर पर अचानक पैदा हुई परिस्थिति नहीं मानता है, बल्कि इसके पीछे चीन की सोची-समझी साजिश साफझलक रही है।

चीन की चालः उकसावे के बाद शांति की अपील

आज दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की हुई बातचीत में चीन ने बातचीत के मौजूदा तंत्रों के इस्तेमाल पर जोर दिया और कहा कि मतभेदों को बातचीत के जरिए ही हल करना चाहिए। पूर्वी लद्दाख के पैट्रोलिंग पॉइंट- 14 पर हुए खूनी झड़प के दो दिन बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच बातचीत हुई। वांग ने इस बात पर जोर दिया कि मतभेदों से उबरने के लिए दोनों पक्षों को मौजूदा तंत्रों के जरिए बातचीत और समन्वय का रास्ता और दुरुस्त करना चाहिए।

महत्वपूर्ण फैसला — वन्य प्राणियों के गहन उपचार के लिए रायपुर और बिलासपुर में विकसित होंगे अत्याधुनिक अस्पताल

लघु वनोपजों के परिवहन के लिए टीपी पास की अनिवार्यता होगी खत्म

नव प्रदेश संवाददाता

■ वन्य प्राणियों के लिए पशु चिकित्सा विभाग से प्रतिनियुक्ति पर लिए जाएंगे विशेषज्ञ-चिकित्सक

■ हाथी प्रभावित वन मण्डलों में निगरानी के लिए 10-10 लोगों की होगी टीम

जहां वन्य प्राणियों की संख्या ज्यादा वहां चिकित्सक अनिवार्य

मुख्यमंत्री ने बैठक में वन्य प्राणियों के त्वरित उपचार दिलाने के मद्देनजर राजधानी रायपुर के जंगल सफारी स्थित पशु चिकित्सालय और बिलासपुर के कानन पेंडारी स्थित पशु चिकित्सालय को अत्याधुनिक और सर्व सुविधा युक्त अस्पताल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। इस दौरान चर्चा करते हुए वन मंत्री अकबर ने बताया कि वन विभाग में वर्तमान में कार्यरत पशु चिकित्सक संविदा नियुक्ति पर है, वन्य प्राणियों के उपचार के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक बनने के पहले ही कई चिकित्सक अन्य सेवाओं में चले जाते हैं। जिसके कारण वन्यप्राणियों के उपचार में कई बार कठिनाईयां आती है। मुख्यमंत्री ने वन मंत्री श्री अकबर के अनुरोध पर पशु चिकित्सा विभाग में कार्यरत चिकित्सकों को वन विभाग में प्रतिनियुक्ति पर लेने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी 20 वन मण्डलों में जहां वन्य प्राणियों की संख्या ज्यादा है, वहां इन चिकित्सकों को प्राथमिकता से तैनात करने कहा।

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज यहां निवास कार्यालय में आयोजित वन विभाग की बैठक में राज्य के ग्रामीण वनवासियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जिसके तहत अब छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीकृत वनोपजों को छोड़कर अन्य लघु वनोपजों के लिए परिवहन अनुज्ञा पत्र (टी.पी. पास) लेने की अनिवार्यता खत्म कर करने का अहम निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही वन्य प्राणियों के उपचार के लिए दो अत्याधुनिक और सर्व सुविधा युक्त अस्पताल विकसित करने, मैदानी अमलों पर नियंत्रण के लिए वन विभाग के द्वारा मोबाईल एप तैयार करने सहित अनेक मुद्दों पर निर्णय लिया गया। राज्य में लघु वनोपजों के लिए परिवहन अनुज्ञा पत्र समाप्त होने से इसके परिवहन से जुड़े व्यापारियों को विक्रय हेतु लघु वनोपज एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाने में सुविधा होगी। इस अवसर पर वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर, गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बैठक में राज्य में हाथियों सहित अन्य वन्य प्राणियों के संरक्षण पर भी विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया। इस दौरान उन्होंने राज्य में वन्य प्राणियों के संरक्षण के उपायों को बेहतर बनाने सहित इनकी निगरानी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राज्य में विगत 10 वर्षों के दौरान हाथियों सहित अन्य वन्य प्राणियों की संख्या में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में पिछले 10 वर्षों में हाथियों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

इंटेलिजेंस एजेंसियों ने इन 52 चीनी मोबाइल एप को लेकर सरकार को किया अलर्ट

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने सरकार से कहा है कि या तो चीन से जुड़े 52 मोबाइल एप्लिकेशन को ब्लॉक कर दिया जाए या लोगों को इनका इस्तेमाल ना करने की सलाह दी जाए, क्योंकि इनका इस्तेमाल करना सुरक्षित नहीं है। ये ऐप बड़े पैमाने पर डेटा को भारत से बाहर भेज रहे हैं। इस मामले से जुड़े लोगों ने हिंदुस्तान टाइम्स को यह जानकारी दी है। सुरक्षा एजेंसियों ने सरकार को जो लिस्ट भेजी है उसमें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एप जूम, टिकटॉक, यूसी ब्राउजर, एक्सएंडर, शेयर इट और क्लीन मास्टर जैसे एप शामिल हैं।

केंद्र सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इंटेलिजेंस एजेंसियों की ओर से दिया गए प्रस्ताव का समर्थन नेशनल सिक्यॉरिटी काउंसिल सेक्रेटिएट ने भी किया है, जिसका मानना है कि ये एप भारत की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं। एक अधिकारी ने कहा, ''प्रस्ताव पर चर्चा चल रही है।'' उन्होंने यह भी विस्तार से बताया कि सभी मोबाइल एप के मानक और उससे जुड़े जोखिम की जांच की जाएगी।

इस साल अप्रैल में गृह मंत्रालय ने जूम के इस्तेमाल को लेकर एक अडवाइजरी जारी की थी। मंत्रालय ने यह अडवाइजरी नेशनल साइबर सिक्यॉरिटी एजेंसी कंप्यूटर इमर्जेंसी रेस्पॉन्स टीम इंडिया (ष्टश्वक्रञ्ज-द्बठ्ठ) के प्रस्ताव पर जारी की थी। भारत पहला देश नहीं है जिसने सरकार में जूम एप के इस्तेमाल पर रोक लगाई। इससे पहले ताइवान ने भी सरकारी एजेंसियों को जूम एप के इस्तेमाल से रोक दिया। जर्मनी और अमेरिका भी ऐसा ही कर चुके हैं। कंपनी ने गृह मंत्रालय की अडवाइजरी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह यूजर्स की सिक्यॉरिटी को लेकर गंभीर है। सिक्यॉरिटी से समझौता करने वाले मोबाइल एप्स पर कार्रवाई की मांग उठती रही है। वीडियो शेयरिंग एप के स्वामित्व वाली चाइनीज इंटरनेट कंपनी बाइट डांस जैसी कंपनियां इससे इनकार करती रही हैं। लेकिन अधिकारियों का कहना है कि चाइनीज डिवेलपर्स की ओर से तैयार या चाइनीज लिंक्स वाले एप भले ही वह एंड्रॉयड के लिए हों या आईओस के लिए, इनका इस्तेमाल स्पाइवेयर या अन्य नुकसान पहुंचाने वाले वेयर के रूप में हो सकता है। ऐसी खबरें हैं कि सिक्यॉरिटी एजेंसियों ने सुरक्षाकर्मियों को इन चीनी एप्स का इस्तेमाल ना करने की सलाह दी है क्योंकि इससे उनकी डेटा सिक्यॉरिटी को खतरा है।

चीनी कंपनियों के ये एप्स रडार पर

TikTok, Vault-Hide, Vigo Video, Bigo Live, Weibo, WeChat, SHAREit, UC News, UC Browser, BeautyPlus, Xender, ClubFactory, Helo, LIKE, Kwai, ROMWE, SHEIN, NewsDog, Photo Wonder, APUS Browser, VivaVideo- QU Video Inc, Perfect Corp, CM Browser, Virus Cleaner (Hi Security Lab)
Mi Community, DU recorder, YouCam Makeup, Mi Store, x{® Security, DU Battery Saver, DU Browser, DU Cleaner, DU Privacy, Clean Master – Cheetah, CacheClear DU apps studio, Baidu Translate, Baidu Map, Wonder Camera, ES File E&plorer, QQ International, QQ Launcher, QQ Security Centre, QQ Player, QQ Music, QQ Mail, QQ NewsFeed, WeSync, SelfieCity, Clash of Kings, Mail Master, Mi Video call-Xiaomi, Parallel Space

पश्चिमी देशों की सुरक्षा एजेंसियां भी इसी तरह की चिंता जता चुकी

चीन से जुड़े हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर को लेकर पश्चिमी देशों की सुरक्षा एजेंसियां भी इसी तरह की चिंता जता चुकी हैं। एक तर्क यह भी दिया जाता है कि युद्ध की स्थिति में इनके जरिए कम्युनिकेशन सर्विसेज को नुकसान पहुंचा सकता है।

दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध सरकार : गहलोत

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री थावर चंद गहलोत ने दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा है कि कोविड -19 महामारी के दौरान इन लोगों के लिए विशेष इंतजाम किये जा रहे हैं। श्री गहलोत ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए दिव्यांगजनों के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार दिव्यांगजनों के लिए विशेष उपाय कर रही है जिससे उन्हें महामारी के दौरान संभावित परेशानियों से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि महामारी के कारण समाज में व्याप्त अभूतपूर्व स्थिति के बीच सरकार ने विशेष उपाय किए गए हैं, ताकि कल्याणकारी योजना का लाभ दिव्यांगजनों को निर्बाध रूप से मिलता रहे। कल देर शाम आयोजित इस कार्यक्रम में मंत्रालय में सचिव शकुंतला डी गैमलिन, संयुक्त सचिव प्रबोध सेठ तथा एल्मिको अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक डी आर सरीन ने भाग लिया।

गलवान घाटी में चीनी और भारतीय सेना की झड़प के बाद आरोप-प्रत्यारोप

अब चीन ने चोरी-छिपे घुसने के बाद गलवान को बताया अपना

नई दिल्ली (ए.)। 15 जून की रात गलवान घाटी में चीनी और भारतीय सेना की झड़प में चीन के 40 से ज्यादा जवान या तो घायल हुए या मारे गए। वहीं भारत के भी 20 जवान य शहीद हो गए। ऐसे में इतने के बाद भी चीन अपनी अकड़ से बाज नहीं आ रहा। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने कहा कि गालवान घाटी क्षेत्र की संप्रभुता हमेशा चीन से संबंधित रही है। उन्होंने कहा कि-चीनी पक्ष से, हम भारत के साथ और अधिक झड़पों को नहीं देखना चाहते हैं।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि सीमा से जुड़े मुद्दों और हमारी कमांडर स्तर की वार्ता की सर्वसम्मति के बाद भी भारतीय सैनिकों ने हमारी सीमा प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया है। हम भारत से अपने सीमावर्ती सैनिकों को सख्ती से अनुशासित करने, उल्लंघन और उत्तेजक गतिविधि को रोकने के लिए बातचीत के माध्यम से मतभेदों को सुलझाने के लिए कहते रहे हैं। हम राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से संचार कर रहे हैं। इसका सही और गलत होना बहुत स्पष्ट है । यह घटना एलएसी के चीनी पक्ष में हुई और इसके लिए चीन को दोष नहीं दिया जाए। गौरतलब है कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा निकट गलवान घाटी क्षेत्र सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। जानकारों के मुताबिक, इस इलाके में एलएसी पर कोई विवाद नहीं रहा है, लेकिन चीन अब यहां भी गतिरोध पैदा करने की साजिश कर रहा है। चीन को डर है कि इस इलाके में भारत की मजबूत पकड़ से तिब्बत तक उसके जाने वाले राजमार्ग को खतरा पहुंच सकता है। गलवान सेक्टर बेहद संवेदनशील है, क्योंकि एलएसी के नजदीक डीएस-डीबीओ रोड से जुड़ता है।

लेह से दौलत बेग ओल्डी तक भारत की सामरिक सड़क दारबुक-श्योक-दौलतबेग ओल्डी (डीएसडीबीओ) गुजरती है। घाटी में भारत की सबसे अग्रिम गश्ती चौकी के तौर पर गलवान फ्लैश प्वाइंट पीपी 14 है, जिसके बेहद समीप चीनी सेना आ गई है।

लद्दाख टकराव में ढेर हुआ चीनी कमांडर, 40 सैनिक भी ढेर

नई दिल्ली (ए.)। पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में सोमवार रात को भारत-चीन के सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़प में चीन के कमांडिंग अफसर को भी ढेर कर दिया गया। वहीं, न्यूज एजेंसी ने एक बार फिर से बताया है कि इस घटना में 40 से ज्यादा चीनी सैनिक मारे गए हैं। सूत्रों के हवाले से बताया कि जो सैनिक टकराव का हिस्सा थे, उन्होंने चीन के हताहत हुए सैनिकों की संख्या के बारे में बताया है। हालांकि, सही संख्या कितनी है, यह तो सामने नहीं आया है लेकिन 40 से अधिक चीनी सैनिक झड़प में मारे गए हैं।

गलवान घाटी में घटना के बाद से चीनी हेलीकॉप्टर की मौजूदगी को देखते हुए यह कहा जा रहा है कि कई चीनी सैनिक हिंसा में मारे गए। सूत्रों ने कहा, 'हिंसा के बाद गलवान नदी के पास कई एम्बुलेंस और हेलीकॉप्टर देखे गए हैं। ऐसे में बड़ी संख्या में चीनी सैनिक ढेर हुए।' भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने मंगलवार को कहा था कि 15 जून को देर शाम और रात में गलवान घाटी में सैनिक आमने-सामने आ गए, जिसके बाद हिंसक झड़पें हुईं।

हालांकि, दोनों देशों के बीच में सैनिकों द्वारा कोई गोलीबारी नहीं की गई है। लेकिन सैनिकों के बीच पथराव हुआ है। डंडों से एक-दूसरे पर हमला किया। ताजा घटनाक्रम के बाद एक चीनी सैन्य प्रवक्ता ने मंगलवार को भारतीय सैनिकों से अपील करते हुए कहा कि वे सीमा पर चीनी सैनिकों के खिलाफसभी भड़काऊ कार्रवाइयों को तुरंत रोके और बातचीत के माध्यम से विवादों को सुलझाने के सही रास्ते पर वापस आए।

अहमदाबाद में मौजूद हैं कोरोना वायरस के 20 वैरिएंट्स

अहमदाबाद (ए.)। कोरोना वायरस को लेकर की गई तमाम रीसर्च में यह दावा किया गया कि वायरस अपने स्वरूप को लगातार बदल रहा है। इसमें समय और स्थान समेत क्षेत्रीय परिस्थितियां जिम्मेदार होती हैं। गुजरात में बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर (तक्क्रष्ट) की ओर से कराए गए एक सर्वेक्षण में दावा किया गया है कि अकेले अहमदबाद शहर में कोरोना के 20 से ज्यादा रूपांतर (वेरिएंट) मौजूद हैं। प्रदेश के कई प्रमुख शहरों से लिए गए नमूनों के आधार पर हुए सर्वेक्षण में जो रिपोर्ट सामने आई है, वह बताती है कि अहमदाबाद में सबसे ज्यादा कोरोना वैरिएंट्स मौजूद हैं। बताया गया कि वायरस पर देश, काल और क्षेत्रों में परिवर्तन के कारण पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करने के लिए गुजरात में कोरोना वायरस के सैंपल्स की तुलना वुहान में कोरोना वायरस के सैंपल्स से की गई थी। गौरतलब है कि चीन के वुहान से ही कोरोना वायरस का प्रसार दुनिया भर में हुआ।

कोरोना मामले पर सुप्रीम कोर्ट की दिल्ली सरकार को फटकार

■ कहा- आप नहीं चाहते कि सच्चाई सामने आए

नई दिल्ली (ए.)। राजधानी दिल्ली में बेकाबू होते कोरोना के हालात को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक बार फिर केजरीवाल सरकार को फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इसका स्वतः संज्ञान लेते हुए कोरोना वायरस मरीजों के समुचित इलाज और सरकारी अस्पतालों में शवों के गरिमामयी ढंग से निपटान से संबंधित मामले की सुनवाई शुरू की।

कृपया डॉक्टरों, नर्सों की सुरक्षा करें

सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने 'आप' सरकार से पूछा कि दिल्ली ने क्या किया है? कृपया डॉक्टरों, नर्सों की सुरक्षा करें। वे कोरोना वॉरियर्स हैं। दिल्ली सरकार नहीं चाहती कि सच्चाई सामने आए। ऐसे कई वीडियो सामने आए हैं। कोर्ट ने दिल्ली सरकार से कहा, मैसेंजर पर गोली न चलाएं, डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों को धमकी न दें, उन्हें समर्थन दें। आप इस तरह से सच्चाई को दबा नहीं सकते। आपने एक डॉक्टर को सस्पेंड क्यों किया, जिसने आपके एक अस्पताल की दयनीय स्थिति का वीडियो बनाया था?

दिल्ली सरकार से मांगा एक हलफनामा

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दिल्ली सरकार से एक हलफनामा भी देने को कहा है। आगे की सुनवाई शुक्रवार के लिए तय की गई है। गौरतलब है कि बीते शुक्रवार को भी सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने कोरोना मरीजों की मौत के बाद उनके शवों के साथ कोताही बरतने के मामले में कहा था कि कोविड-19 मरीजों के साथ जानवरों से भी बदतर व्यवहार किया जा रहा है और शव कचरे में मिल रहे हैं।

कोर्ट ने इस मामले में चार राज्यों से रिपोर्ट मांगी थी। जस्टिस अशोक भूषण, जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस एम.आर. शाह की बेंच ने कोरोना महामारी से संक्रमित मरीजों का उचित तरीके से इलाज न किए जाने और इसके कारण मृत व्यक्तियों के शव के बेतरतीब प्रबंधन पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई की। कोर्ट ने दिल्ली में कोरोना की जांच में आई गिरावट पर भी चिंता जताते हुए कहा कि राजधानी में पहले की तुलना में कम जांच हो रही है, जबकि संक्रमण दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। जस्टिस भूषण ने कहा था कि हमें मीडिया रिपोर्ट में मरीजों की दुर्दशा की जानकारी मिली है। मरीजों को शवों के साथ रहना पड़ रहा है।

15 मार्च को शवों के इंतजामात को लेकर दिशानिर्देश

कोर्ट ने शवों की बदइंतजामी को लेकर कहा था कि केंद्र ने 15 मार्च को शवों के इंतजामात को लेकर दिशानिर्देश जारी किया हुआ है, लेकिन उसका भी पालन नहीं हो रहा है। कोर्ट ने दिल्ली, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु को नोटिस जारी किए। मामले की सुनवाई 17 जून को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि देशभर के अस्पताल कोविड-19 से मरने वाले मरीजों की उचित देखभाल नहीं कर रहे हैं और परिवार के सदस्यों को उनकी मौत के बारे में सूचना नहीं दे रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कुछ मामलों में परिवार को अंतिम संस्कार में भी शामिल नहीं दिया जा रहा है। कोर्ट ने दिल्ली के रुह्रछ्वक्कअस्पताल सहित अन्य सरकारी अस्पतालों से इस मामले पर जवाब देने के लिए नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने राज्यों के मुख्य सचिवों से कहा है कि वह रोगी प्रबंधन प्रणाली की स्थिति के संबंध रिपोर्ट पेश करें।

आम आदमी पार्टी विधायक आतिशी मार्लेना कोरोना संक्रमित

नई दिल्ली (वार्ता)। कालकाजी से आम आदमी पार्टी (आप) की विधायक आतिशी मर्लेना कोरोना वायरस संक्रमित हो गई हैं। सुश्री मार्लेना ने 16 जून को कोरोना टेस्ट कराया था, जिसकी रिपोर्ट आज 17 जून को पॉजिटिव आई है। फिलहाल उनके लक्षण हल्के हैं और उन्होंने खुद को अपने घर में क्वारंटीन कर लिया है।

'चीनी कम्पनियों को भारत में टेंडर ना भरने दिया जाए'

नई दिल्ली। चीन के साथ हिंसक झड़प में 20 भारतीय सैनिकों के शहीद होने के बाद देश में चीन के खिलाफ गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। इस घटना के बाद देश में एक बार फिर चीनी सामान के बहिष्कार की मांग जोर पकड़ने लगी है। इस बीच स्वदेशी जागरण मंच ने केन्द्र सरकार से अपील की है कि चीनी कम्पनियों को भारत मे टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने पर प्रतिबंध लगाया जाय, चीनी सामानों पर रोक लगाया जाए व किसी भी प्रकार से चीनी सामानों को भारत मे आने से रोका जाए।
इसके साथ ही मंच ने लोगों से भी चीनी सामानों का बहिष्कार करने की अपील की है। स्वदेशी जागरण मंच के सह संयोजक डॉक्टर अश्विनी महाजन ने एजेंसी से हुई बातचीत में कहा है कि वे फिल्म अभिनेता, खिलाड़ियों और सेलिब्रिटीज से भी अपील कर रहे हैं कि चीनी ब्रांड का प्रोमोशन न करें। उन्होंने कहा कि यही शहीद सैनिकों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

बैंक ऑफ इंडिया से 57.26 करोड़ के फर्जीवाड़े में बीजेपी नेता समेत 6 पर सीबीआई ने दर्ज किया केस

नई दिल्ली (ए.)। बैंक ऑफइंडिया की शिकायत पर सीबआई ने मुंबई की दो कंपनियों समेत, कंपनी के एमडी व अन्य पर 57.26 करोड़ रुपये (लगभग) की धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। इसमें एक आरोपी मुंबई बीजेपी का नेता मनोज भारतीय उर्फ मनोज कंबोज है। एफआईआर में नामित अन्य लोगों में जितेंद्र गुलशन कपूर, केबीजे होटल्स गोवा लिमिटेड, एवियन ओवरसीज़ प्राइवेट लिमिटेड, सिद्धांत बाग्ला, इरतेश मिश्रा और अज्ञात लोक सेवक। बैंक ऑफ इंडिया ने यह आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2013 से 2018 के दौरान मुंबई स्थित निजी ओवरसीज कंपनी ने अपने एमडी और अन्य लोगों, जिसमें अज्ञात सरकारीअफसर भी शामिल थे, 2013 में बैंक से 60 करोड़ रुपये की क्रेडिट लिमिट ली। आरोप है कि इसके लिए इन आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज भी तैयार किए और फिर क्रेडिट लिमिट मिल जाने के बाद पैसों को दूसरी जगह पर डायवर्ट कर दिया। इससे बैंक को करीब 57.26 करोड़ का चूना लगा। अब इस मामले में सीबीआई ने सभी आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। सीबीआई की प्रेस रिलीज के मुताबिक मुम्बई में 5 स्थानों पर निजी कंपनी सहित अभियुक्तों के आवासीय और आधिकारिक परिसरों में तलाशी ली गई, जिसके तहत संपत्ति, ऋण, विभिन्न बैंक खाता विवरण और लॉकर सीज किए गए। साथ ही कुछ संदिग्ध दस्तावेजों की बरामदगी हुई। इस मामले में अभी जांच जारी है।

भारत-चीन हिंसक झड़प...सब कुछ वैसे ही हुआ जैसा चीन ने 1969 में सोवियत रूस के साथ किया

नई दिल्ली। पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन सीमा पर हिंसक झड़प में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए। चीन के भी 40 से अधिक सैनिकों के मारे जाने की सूचना है। हालांकि, चीन अभी तक आंकड़ा नहीं बता पाया है। चीन ने इस पूरी घटना को ठीक उसी तरह अंजाम दिया है, जिस तरह उसने 1969 में सोवियत रूस के साथ किया। हालांकि, तब भी उसने अपने मारे गए सैनिकों की संख्या दुनिया से छिपाए रखी। असल में यह उसकी पुरानी रणनीति का हिस्सा है। आइए आपको बताते हैं क्या है 1969 की वह घटना जिसका दोहराव चीन ने भारत संग किया है।

1969 की घटना से पहले आपको बता देते हैं कि सोमवार की रात सीमा पर क्या हुआ। गलवान घाटी में 16 बिहार रेजिमेंट के अधिकारी 6 जून को हुए समझौते के मुताबिक चीनी सैनिकों को पीछे हटने के लिए कहने गए थे। इस दौरान पीछे हटते हुए चीनी सैनिकों ने अचानक पत्थरों, रॉड और लाठियों से भारतीय कमांडिक ऑफिसर और दो जवानों पर हमला बोल दिया। इसके बाद वहां कई घंटों तक दोनों सेनाओं में संघर्ष हुआ। इसमें भारत के 20 सैनिक शहीद हो गए और चीन अपनी पुरानी रणनीति के तहत संख्या को लेकर चुप्पी साधे हुए है। चीनी सेना 51 साल पहले भी ठीक इसी तरह की एक घटना को अंजाम दे चुकी है। स्थान और सामने वाली सेना भले ही इस बार बदल चुकी थी, लेकिन पूरी स्क्रिप्ट 1969 की है। उस समय चीन ने सोवियत रूस के सैनिकों के साथ इस तरह का संघर्ष किया था, जिसमें सोवियत बॉर्डर गार्ड्स के 31 जवानों की मौत हो गई थी। चीन के कितने सैनिक मारे गए यह अब भी रहस्य ही है। 2 मार्च 1969 की सुबह। सोवियत बॉर्डर गार्ड्स ने देखा कि चीन की एक पट्रोलिंग पार्टी जम चुकी उसुरी नदी के पार घूम रही है। उसुरी नदी चीन और पूर्व तब के सोवियत रूस के बीच सीमा हुआ करती थी। चीनी सैनिक नदी के एक विवादित द्वीप की ओर बढ़ रही थी, जिसे चाइनीज झेनबाओ कहते हैं और रूसी दमनस्काई। अमेरिकी नेवी के लिए रिसर्च करने वाली संस्था सेंटर फॉर नेवल एनालिसिस (सीएनए) ने 2010 में इस घटना पर स्टडी की। सीएनए के मुताबिक, उसुरी नदी पर सोवियत रूस के आउटपोस्ट से कमांडर सीनियर लेफ्टिनेंट ईवान स्टेरलिनकोव की अगुआई में बॉर्डर गार्ड्स की एक टीम को आगे बढ़ रही चीन की सेना से मिलने भेजा गया।

घटनाएं दोनों सेनाओं के बीच सामान्य

सीएनए के मुताबिक, उस समय इस तरह की घटनाएं दोनों सेनाओं के बीच सामान्य थी। कई विवादित द्वीपों पर कभी चीनी सैनिक तो कभी सोवियत के बॉर्डर गार्ड्स पट्रोलिंग के लिए जाते तो दूसरी सेना उनसे मिलती थी और दावा करती थी कि आप सीमा पार कर रहे हैं, पीछे हट जाइए। कभी कभार उनमें झड़प भी हो जाती थी। दोनों एक दूसरे पर चिल्लाते, धक्का मुक्की होती या लाठी भी चल जाते थे। लेकिन 2 मा.र्च की सुबह चीनियों का प्लान कुछ और ही था। जब सोवियत बॉर्डर गार्ड्स के जवान जब रेंच में ही थी तब चीनी सैनिकों ने ऑटोमैटिक हथियारों से गोलीबारी शुरू कर दी। सीनियर लेफ्टिनेंट ईवान स्ट्रेरलिनकोव और छह अन्य सैनिक मारे गए। करीब 2 घंटे तक चले संघर्ष में सोवियत बॉर्डर गार्ड्स के 32 जवान मारे गए। इनमें से एक की मौत चीन की हिरासत में हुई।

सोवित रूस के कुल 58 सुरक्षाकर्मी मारे गए

दोनों सेनाओं में बीच-बीच में 22 मार्च तक कई बार संघर्ष हुआ और सोवित रूस के कुल 58 सुरक्षाकर्मी मारे गए। इनमें से 49 बॉर्डर गार्ड्स के जवान थे और 9 सैनिक थे। कुल 94 सैनिक घायल हुए थे। यूक्रेन में तवरिदा नेशनल यूनिवर्सिटी के विद्वान दमितरी रयाबुशकिन ने सोवियत दस्तावेजों के अध्ययन के बाद लिखा था कि सेन्य चिकित्सा विशेषज्ञों ने शवों के परीक्षण में पाया कि 2 मार्च 1969 को मारे गए 31 सुरक्षाकर्मियों में से 19 संघर्ष के दौरान सिर्फघायल हुए थे, लेकिन चीनी सैनिकों ने उनके सिर में राइफल बट से वार किया था। उन्होंने उनके छाती, सिर और गले में चाकू घोंप दिया था।

केवल एक सैनिक को कैदी बनाया गया

उन्होंने यह भी बताया कि केवल एक सैनिक को कैदी बनाया गया था और उसे भी कोई उपचार नहीं दिया गया। इससे पता चलता है कि चीनी सैनिकों को आदेश था कि जो भी उनके हाथ आए उनकी सीधे हत्या कर दी जाए।

■ न्यूज गैलरी

शहर के दो टीआई के साथ 12 पुलिसकर्मी इधर से उधर

रायपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय से आज जारी आदेश में 2 निरीक्षक, 1 उपनिरीक्षक, एक प्रधान आरक्षक सहित सात सिपाहियों को को इधर से उधर किया गया है। एसएसपी कार्यालय से जारी आदेशानुसार निरीक्षक आशीष शुक्ला थाना प्रभारी गंज को राजेंद्र नगर का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह संजय पुंढ़ीर को राजेंद्र नगर से थाना गंज, उप निरीक्षक गोमती प्रसादपाठ को रक्षित आरक्षी केन्द्र से थाना गुढ़ियारी, उप निरीक्षक घनश्या सिंह ो पुलिस लाइन से थाना कोतवाली, प्रधान आरक्षक महेंद्र राजपूत को सायबर सेल से थाना कोतवाली, आरक्षक सुरेश देशमुख को सायबर सेल से थााना खमतराई, आरक्षक टेकसिंह सायबर सेल से थाना टिकरापारा, आरक्षक घनश्याम साहू सायबरब सेल से थाना गंज, आरक्षक अनुरंजन तिर्की सायबरब सेल से थाना मौदहापारा, आरक्षक नितेश राजपूत सायबर सेल से थाना तेलीबांधा, महिला आरक्षक बबीता देवांगन सायबर सेल से थााना पुरानीबस्ती तथा आरक्षक बसंती मौर्य सायबर सेल से थाना गोलबाजार पदस्थ की गई हैं।

लड़के पर ब्लेड से हमला, घायल

रायपुर। शहर के मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम पलौद में एक अज्ञात व्यक्ति ने एक लड़के पर ब्लेड से हमला कर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट ग्राम पलौद निवासी घायल सोनू धीवर 16 वर्ष की मां सरोजनी धीवर ने थाने में दर्ज कराई है। बताया गया कि अज्ञात व्यक्ति ने 16 जून की रात करीब 9.30 बजे सोनू पर ब्लेड से हमला कर दिया। आरोपी द्वारा किए गए हमले में सोनू के सीने और हाथ के पास चोट आई है।

अज्ञात ट्रक की टक्कर से घायल युवक ने तोड़ा दम

रायपुर। अज्ञात ट्रक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए युवक ने ईलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जिसके बाद पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। घटना 25 मई 2020 की है। आमानाका पुलिस के अनुसार मृतक सुरेश सोनवानी पिता शिव कुमार 27 वर्ष निवासी कुम्हारी दुर्ग घटना वाले दिन मोटरसायकल से सुबह 8 बजे किसी काम से रायपुर की ओर आ रहा था। इसी दौरान अज्ञात ट्रक ने नंदनवन मोड़ के पास मेन रोड पर उसकी मोटरसायकल को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे उपचार हेतु अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी कल मौत हो गई। पुलिस ने मामले में अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ धारा 304ए के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

छत्तीसगढ़ के 26 जिलों में पहुंचा कोरोना, गौपेंम जिला हुआ कोरोना मुक्त

■ कोरोना मुक्त हुआ सरगुजा में फिर मिला एक केस

■ लगभग 10 जिलों में 10 से कम है एक्टिव केस

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ में जिस तेजी के साथ कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ी है उसके बाद राज्य के 28 जिलों में से 26 जिले में कोरोना अपना पैर पसार चुका है। हालांकि इनमें गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिला कोरोना मुक्त हो गया है, वहीं इससे पूर्व सरगुजा जिला भी कोरोना मुक्त हो गया था, लेकिन यहां फिर एक एक्टिव केस मिला है। इसके अलावा कोरोना प्रभावित जिलों में 10 जिले ऐसे है जहां 10 से कम एक्टिव केस है। ये जिल भी जल्द कोरोना मुक्त हो सकते है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार 16 जून की स्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य में कोरोना प्रभावित कुल 25 जिले है, जिनमें रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा, धमतरी, बलौदाबाजार, महासमुंद, गरियाबंद, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, सरगुजा, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर, जशपुर, जगदलपुर, कोण्डागांव, दंतेवाड़ा, कांकेर, नारायणपुर शामिल है, वहीं सुकमा, बीजापुर और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (गौपेम) जिला कोरोना मुक्त है। हालांकि इन जिलों में गौपेम जिला में 03 एक्टिव केस मिले थे, जिनके स्वस्थ होने के बाद यहां एक भी केस नहीं है।

शहर के बाग बगीचों में पहले जैसी रौनक नहीं

रायपुर। कोरोना वायरस महामारी के चलते देश भर में पिछले तीन माह से जारी कड़े लाकडाउन के कारण बगीचों को बंद कर दिया गया था हाल ही में राज्य शासन द्वारा शहर के बाग बगीचों को आम लोगों की सैर के लिए खोला गया है बावजूद इसके शहर के बगीचों में अब पहले जैसी रौनक दिखाई नहीं पड़ रही है। सुबह पांच बजे से ही शहर के बुजुर्ग जिस तरह से ठंडी हवा का आनंद लेने बगीचों की ओर दौड़ पड़ते थे वैसा उत्साह अब सुबह शाम की सैर करने वालों में दिखाई नहीं दे रहा है। इस संबंध में सुबह शाम नियमित घूमने वाले वन विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी जेपी दुबे से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि चूंकि डॉक्टरों ने ही इस बात को घोषित रूप से बताया है कि उमरदराज लोगों को कोरोना वायरस से ज्यादा खतरा है इसी वजह से ज्यादातर लोग दहशत की स्थिति में है। वहीं चिकित्सक डॉ. एमआर शुक्ला के अनुसार स्थिति में सुधार होने में अभी वक्त लगेगा। शंकर नगर स्थित पंडित रविशंकर उद्यान जो दूर-दूर से आने वालों की सैरगाह हुआ करता था वह अब कम संख्या में आने वाले लोगों के चलते वीरान पड़ा है। वहीं गांधी उद्यान मरीन ड्राइव, कलेक्ट्रेट गार्डन, मोतीबाग, विवेकानंद सरोवर बूढ़ातालाब एवं अनुपम उद्यान में भी सैर करने वालों की संख्या में कमी देखी जा रही है।

संपूर्ण देशवासी राष्ट्रीय सुरक्षा-भौगौलिक अखंडता की रक्षा के लिए एकजुट हैं : पीसीसी चीफ

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। चीनी हमले में जांबाज और बहादुर सेना अधिकारी और सैनिकों के मारे जाने पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि चीनी सेना द्वारा लद्दाख में तीन स्थानों पर अप्रैल/मई, 2020 के बाद भारतीय सीमा में की गई घुसपैठ की खबरों ने पूरे देश में गंभीरचिंता व व्यग्रता पैदा कर दी, पर सीमा में घुसपैठ के तथाकथित चीनी दुस्साहस पर मोदी सरकार ने मौन साध लिया। ये घुसपैठ लद्दाख में गलवान नदी वैली, हॉट स्प्रिंग्स और पैंगोंग सो झील के इलाके में हुई।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि भारत की 'सुरक्षा व क्षेत्रीय अखंडता' से कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। चीनी सेना के हजारोंसैनिकों ने गलवान वैली और पैंगोंग सो लेक एरिया (लद्दाख) में घुसपैठ कर हमारी 'भूभागीय अखंडता' पर अतिक्रमण का दुस्साहसकिया है। पिछले पांच दशकों में, वास्तविक नियंत्रण रेखा पर एक भी दुर्घटना या हमारे सैनिक की शहादत भारत-चीन सीमा पर नहीं हुई है। गहरी चिंता व

स्तब्ध करने वाली बात यह है कि कल दोपहर के बाद से चीनी सेना द्वारा भारतीय सेना के एक अधिकारी और दो सैनिकों के मारे जाने की खबर मिली। वे रात तक और 20 सैनिकों के हताहत होने की खबर मिली है, यह पूरी तरह से अप्रत्याशित और दुखद खबर है। भारतीयसेना द्वारा 12.52 बजे कथित रूप से जारी एक बयान में हमारे अफसर व सैनिकों के वीरगति प्राप्त करने की पुष्टि की गई है (और बाद में1.08 बजे यह बयान संशोधित कर दिया गया)। हमारे कुछ और जवानों के गंभीर रूप से घायल होने की खबरें भी आ रही हैं। यदि यह सच है, तो चीनी सैनिकों के हाथ हमारे जांबाज और बहादुर अधिकारी और सैनिकों की शहादत की खबरें बहुत हीचौंकाने वाली, भयावह और पूर्णतया दुर्भाग्यजनक हैं। इन खबरों को सुन पूरा देश क्षुब्ध है, रोष में है, परंतु प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री, श्री राजनाथ सिंह ने पूरी तरह सेचुप्पी साध ली है। क्या यह सच है कि चीनी सेना ने गलवान घाटी में भारतीय सेना के एक अधिकारी और सैनिकों को मार डाला है? क्या यह सही हैकि अन्य भारतीय सैनिक भी इस हमले में हताहत और गंभीर रूप से घायल हुए हैं? यदि हां, तो पीएम मोदी और रक्षामंत्री पूरी तरह चुप्पी क्यों साधेहुए हैं? भारतीय सेना के कथित बयान के मुताबिक हमारी सेना के उच्च अधिकारी और सैनिक कल रात उस समय शहीद हुए थे, जब डी-एस्केलेशन की प्रक्रिया गलवान घाटी में चल रही थी। क्या प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री इस बात पर राष्ट्र को विश्वास में लेंगे कि हमारे अधिकारी और सैनिक ऐसे समय में कैसे शहीद हो गये हैं जब सरकार द्वारा कह रही थी कि चीनी सेना कथित तौर पर गलवान घाटी के हमारे क्षेत्र से कब्जा छोड़ वापस जा रही थी? सरकार बताए कि हमारे उच्चसेना अधिकारी और सैनिक कैसे और किन परिस्थितियों में शहीद हुए?

शहीद गणेश कुंजाम को प्रदेश कांग्रेस की भावभीनी श्रद्धांजलि

लद्दाख की गलवान घाटी में शहीद हुये गणेश कुंजाम

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर । लद्दाख की गलवान घाटी में शहीद हुये कांकेर के सेना के जवान गणेश कुंजाम की शहादत पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने गहरा दुख व्यक्त करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि देश की सीमाओं की रक्षा में बस्तर की और छत्तीसगढ़ की माटी के बेटे का खून बहा है।

शहीद गणेश कुंजाम की शहादत पर कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन, प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री प्रशासन रवि घोष, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला ने शोक व्यक्त किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद गणेश कुंजाम की शहादत पर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, राजेंद्र तिवारी सदस्य, रमेश वर्ल्यानी सदस्य, आर पी सिंह सदस्य, सुरेंद्र शर्मा सदस्य, सुशील आनंद शुक्ला सदस्य, किरणमयी नायक सदस्य, विभोर सिंह सदस्य, रउफ कुरैशी सदस्य, विकास दुबे सदस्य, संदीप साहू सदस्य, नितिन भंसाली सदस्य, अधिवक्ता अमित श्रीवास्तव सदस्य, इंजीनियर अमित यदु सदस्य, क्रांति बंजारे सदस्य, नीना रावतिया सदस्य, अधिवक्ता मोहन निषाद सदस्य, ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद गणेश कुंजाम की शहादत पर प्रदेश प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी, धनंजय ठाकुर, विकास तिवारी, मोहम्मद असलम, एडवोकेट सुरेंद्र वर्मा, एम ए इकबाल, वंदना राजपूत, आलोक दुबे जगदलपुर, अभय नारायण राय बिलासपुर, जनार्दन त्रिपाठी सरगुजा, कमलजीत पिंटू राजनांदगांव, कृष्णकुमार मरकाम धमतरी, स्वपनिल मिश्रा, प्रकाशमणि वैष्णव, अशुंल मिश्रा ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

भारतीय सेना में शामिल छत्तीसगढ़ के जवान गणेश राम कुंजाम की शहादत को गृह मंत्री ने किया नमन

भारत-चीन सीमा पर लद्दाख के गलवान घाटी में तैनात भारतीय सेना में शामिल छत्तीसगढ़ के जवान गणेश राम कुंजाम की शहादत को गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने नमन किया है। श्री साहू ने कहा है कि भारत माता की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले छत्तीसगढ़ के सपूत शहीद गणेश राम कुंजाम की वीरता पर समूचे छत्तीसगढ़ को गर्व है। उन्होंने चीन सैनिकों के साथ झड़प में शहीद भारतीय सेना के जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

छत्तीसगढ़ के 20 हजार गांवों में खेतों को खुली चराई से बचाने विशेष अभियान

■ इस महीने की 19 से 30 तारीख के बीच गांव-गांव में होंगी बैठकें

रायपुर। देश भर के गांवों में चारागाहों के लिए जमीन सिमटती जा रही है। ऐसे में ग्रामीणों के घरेलू पशु लिए बरसात के दिनों में अपने चारे के लिए किसानों के हरे-भरे खेतों को चरने लगते हैं। आमतौर पर यह एक राष्ट्रीय समस्या बन गई है। छत्तीसगढ़ सरकार इसके निराकरण के लिए जहां लावारिस पशुओं को आश्रय देने गौठान योजना की शुरूआत करते हुए गांव-गांव में गौठानों का निर्माण करवा रही है, वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस महीने के 19 तारीख से 'रोका-छेका' के नाम से एक विशेष अभियान शुरू करने की घोषणा की है।

राज्य में लगभग ग्यारह हजार ग्राम पंचायतों के अंतर्गत करीब बीस हजार गांव हैं। यह अभियान इन सभी गांवों में चलाया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के तहत स्थानीय ग्रामीणों, पशु पालकों और किसानों के सहयोग से मवेशियों को सुबह से शाम तक गौठानों में रोककर रखा जाएगा ताकि हर गांव 'खुले में चराई' की समस्या से मुक्त हो सके। इसके फलस्वरूप इस वर्ष और अगले वर्षों में भी खेतों में लहलहाती फसलों को नुकसान नहीं होगा, फसलें पशुओं से सुरक्षित रहेंगी और छत्तीसगढ़ के किसान खरीफ के साथ-साथ रबी मौसम में भी तरह-तरह की फसलों की खेती कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि खेतों में पशुओं की खुली चराई पर रोक लग जाने पर छत्तीसगढ़ के किसान साल में दो से तीन फसल ले सकेंगे और यह हमारे किसानों की समृद्धि का आधार बनेगा। मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों से अपील की है कि इस महीने की 19 तारीख से 30 तारीख तक इसके लिए बैठक बुलाकर गांवा में फसल बोवाई के दिन से 'रोका-छेका' अभियान शुरू दिया है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए हर गांव में कोटवारों के माध्यम से मुनादी करवाने की भी अपील की है।

गौरतलब है कि लगभग 18 माह पुरानी भूपेश बघेल सरकार ने दिसंबर 2018 में राज्य की बागडोर संभालने के तुरंत बाद गांवों और किसानों की समृद्धि के लिए 'नरवा, गरूवा, घुरवा और बाड़ी' के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की घोषणा की थी।

फुहारों से बचने...

रायपुर। मानसूनी बारिश से बचने के लिए रंग-बिरंगी छतरियां बारिश में खासकर और बरसाती का बाजार सजा।

समपर्ण | कलाकारों का लंबित भुगतान शीघ्र करने के निर्देश, मंत्री भगत ने की संस्कृति विभाग के काम-काज की समीक्षा

मंत्रालय परिसर में लगेगी महात्मा गांधी की प्रतिमा, अनावरण 2 अक्टूबर को

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने मंत्रालय में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को छत्तीसगढ़ विधानसभा की तर्ज पर मंत्रालय महानदी भवन परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा लगाने की कार्यवाही शीघ्र करने के निर्देश दिए। श्री भगत ने कहा कि प्रतिमा का अनावरण 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर होना निश्चित किया जाए। श्री भगत ने राज्य के कलाकारों का लंबित मानदेय का भुगतान यथाशीघ्र करने को कहा है। उन्होंने मुक्ताकाश संग्रहालय और अम्बिकापुर स्थित संग्रहालय का रख रखाव और उनके विकास कार्यो की समीक्षा की। श्री भगत ने कहा कि अभिलेखागार को दुरूस्थ कर साफ सुथरा रखा जाए। छत्तीसगढ़ की संस्कृति और प्राचीन महत्व की चीजों को सहेज कर रखें। छत्तीसगढ़ से संबंधित जो दस्तावेज मध्यप्रदेश से नही आ पाए हैं उसे तुरंत लाने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने फिल्म सिटी निर्माण, प्रदेश के सभी जिलों में गढ़कलेवा शुरू करने एवं पुरखौती मुक्तांगन में सोलर लाईट लगाने के संबंध में की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। श्री भगत ने कहा कि छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति की पहचान को जीवंत बनाए रखने के लिए विभिन्न जिलों में रह रहे आदिवासियों की कला, संस्कृति, खान-पान, रहन-सहन की वीडियोग्राफी करा कर रखा जाए।

नगरीय क्षेत्रों में भूमि आबंटन एवं व्यवस्थापन कार्य में तेजी लाने के निर्देश

■ राजस्व सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए ली आठ जिलों के अधिकारियों की बैठक

रायपुर। राजस्व विभाग की सचिव सुश्री रीता शांडिल्य ने आज यहां मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य के आठ जिलों के राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर नगरीय क्षेत्रों में 7500 वर्गफीट तक शासकीय भूमि के तीस वर्षीय पट्टे का आबंटन एवं अतिक्रमित शासकीय भूमि के व्यवस्थापन कार्य में प्रगति की समीक्षा की और इन कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने नजूल स्थायी पट्टों का भूमि स्वामी हक, नजूल पट्टों के नवीनीकरण तथा परिवर्तित लगान की वसूली के कार्यो की भी समीक्षा की। राजस्व सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अधिकारियों से कहा कि जिला स्तर पर शासकीय भूमि के आबंटन एवं अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन के संबंध में राज्य के सभी कलेक्टरों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए है। उन्होंने राजस्व अधिकारियों से कहा कि शासकीय भूमि के आबंटन के संबंध में प्राप्त होने वाले आवेदनों का परीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने भूमि आबंटन अथवा व्यवस्थापन तथा भूमि स्वामी हक में परिवर्तन से संबंधित सभी प्रकरणों में इश्तहार, प्रकाशन, दावा आपत्ति विधिवत प्रक्रिया के तहत शीघ्रता से कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है।

प्रदेश में फसलों और पशुओं की सुरक्षा के लिए 'रोका-छेका' संकल्प अभियान 19 से

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुसार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश में फसलों और पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए 19 जून से रोका-छेका संकल्प अभियान की शुरूआत की जा रही है। यह अभियान 30 जून तक चलेगा। इसके तहत खुले में पशुओं की चराई पर रोक लगाने के साथ ही सड़कों पर घुमने वाले मवेशियों को सुरक्षित रखने के लिए लोगों को जागरूक करेंगे। इस अभियान का उद्देश्य खरीफ फसलों तथा शहरों के आसपास स्थित फसलों, बाड़ियों, उद्यानों आदि की सुरक्षा मवेशियों से करना है। नगरीय क्षेत्रों में अभियान के संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा सभी जिला कलेक्टरों, नगरपालिका निगम के आयुक्तों और नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किया गया है। नगरीय क्षेत्रों को आवारा पशु से मुक्त, साफ-सुथरा एवं दुर्घटना मुक्त रखने के लिए 19 जून से 30 जून तक प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में भी ''रोका-छेका-संकल्प अभियान'' चलाया जाएगा। साथ ही 19 जून को पशुपालकों से अपने आसपास के वातावरण तथा शहर को स्वच्छ, साफ-सुथरा तथा दुर्घटनामुक्त रखने के लिए संकल्प पत्र भरवाया जाएगा, जिसके लिए नगरीय निकायों में मुनादी के द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि नगरीय निकायों में निर्मित गोठान और गोठानों की क्षमता का आंकलन किया जाए और इसमें आवश्यक संधारण कार्य कराकर चारे की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निकाय के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कोई भी मवेशी निकाय की सड़कों, सार्वजनिक स्थलों पर आवारा घूमते हुए नहीं पाया जाए।

आवारा घूमते हुए पशुओं को काउ कैचर द्वारा गौठान भेजने की प्रभावी व्यवस्था की जाएगी। पालतू पशुओं को नियमानुसार शुल्क, जुर्माना का भुगतान करने के बाद ही मुक्त कर संबंधित पशुपालक को सौंपा जाएगा। यदि कोई मवेशी 30 जून के बाद निकाय क्षेत्र में अनियंत्रित खुले में घूमता हुआ पाया जाता है तो उसके लिए संबंधित नगरीय निकाय के आयुक्त, मुख्य नगरपालिका अधिकारी जिम्मेदार होंगे। नगरीय निकायों द्वारा प्रत्येक वार्ड में वार्ड प्रभारी की नियुक्ति की जाए। उनके द्वारा 18 जून तक वार्ड का सर्वेक्षण कर, वार्ड में निवासरत पशुपालकों के नाम और पालतू पशुओं की जानकारी एकत्र की जाए।

संपादकीय

चीन का सबक सिखाना जरूरी

चीन ने भारत को छेड़कर जो गुनाह किया है उसके लिए उसे सजा मिलनी ही चाहिए। भारत का सिद्धांत रहा है कि यदि उसे कोई छेड़ता है तो उसे भारत नहीं छोड़ता। इसका उदाहरण पाकिस्तान है जिसके खिलाफ सर्जिकल स्ट्राईक और फिर एयर स्ट्राईक की गई थी। अब चीन के खिलाफ भी ऐसी ही बड़ी और कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। लद्दाख में सीमा विवाद को लेकर चीनी सैनिकों ने भारतीय सैनिकों पर कायराना हमला कर के हमारे 20 जवानों को शहीद कर दिया। भारतीय सेना के जवानों की जवाबी कार्यवाही में बड़ी संख्या में चीनी सैनिक मारे गए है और कई घायल हुए है जिनकी संख्या चीन छिपा रहा है। चीन की यह कायराना करतूत ऐसे समय में हुई है जब सीमा विवाद को लेकर भारत और चीन के बीच उच्च स्तरीय बैठकें हो रही है। ऐसी स्थिति में सीमा पर तनाव बढ़ाने वाली घटना को अंजाम देकर चीन ने साबित कर दिया है कि वह बातचीत का सिर्फ ढकोसला कर रहा है। निश्चित रूप से 20 भारतीय जवानों की शहादत देश के लिए अपूर्णीय क्षति है, उन जवानों की शहादत को सलाम। उनकी यह शहादत व्यर्थ नहीं जानी चाहिए, इसका बदला लेना ही होगा। केन्द्र सरकार ने अब भारत चीन सीमा पर स्थिति भारतीय सैनिकों को फ्री हेंड दे दिया है। इस बारे में गृह मंत्रालय में तीनों सेनाध्यक्षें की उच्च स्तरीय बैठक में आगे की रणनीति पर विचार किया गया है और थल सेना, जल सेना और वायु सेना को अलर्ट कर दिया गया है ताकि चीन की ओर से होने वाले किसी भी हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। इस मुद्दे पर विचार के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सर्वदलीय बैठक भी आहुत की है ताकि विपक्ष को विश्वास में लिया जा सके और चीन को सबक सिखाने के लिए उचित कार्यवाही की जा सके। सरकार और सेना लद्दाख की इस घटना के खिलाफ समय अनुसार कार्यवाही जरूर करेंगे लेकिन हम सभी भारतीयों का यह दायित्व बनता है कि हम भी चीन को सबक सिखाने के लिए अपना योगदान दें। चीनी उत्पादों की बहिष्कार करें ताकि चीन की कमर टूट सके। चीनी उत्पादों का भारत एक बड़ा खरीददार है यदि भारतीय यह प्रण ले ले कि वे चीनी उत्पाद का उपयोग नहीं करेंगे तो चीन की अर्थव्यवस्था पर विपरित प्रभाव पड़ेगा। यही नहीं बल्कि चीनी उत्पाद के बहिष्कार से चीन के हुक्मरानों पर मानसिक दबाव भी बढ़ेगा। तभी चीन की हेकड़ी निकलेगी।

विचार- प्रेम की सुगंध से है संबधों का निचौड़

तबस्सुम परवीन

गृहस्थ जीवन मे तृप्ति व शांति दोनो फल की तरह है। परिवार के वृक्ष पर ये फल तब ही लगेगें, जब जड़ें गहरी और मजबूत होगी, जड़ों मे जब पर्याप्त जल और खाद्य डाली जाती है, तब वृक्ष फलता फूलता है। यही प्राकृतिक समीकरण गृहस्थी पर भी लागू होता है। जैसे कि वृक्ष हमसे मांगते कम है......और हम देते ज्यादा है। यही सिद्धांत जब परिवार मे उतरता है, तो गृहस्थी यही बैकुंठ बन जाती है। समर्पण का भाव जितना अधिक होगा, देने की वृत्ति उतनी ही अधिक प्रबल होगी। स्त्री और पुरुष दोनो का धर्म का मुल स्त्रोत समर्पण मे है । इस प्रवृति को अधिकार द्वारा लोग समाप्त कर लेते है। घर परिवार मे हम जितना अधिक अधिकार बताएंगे, विघटन उतना अधिक बढ़ जाएगा, प्रेम जैसे गायब ही हो जाएगा, भोग घर भर मे फैल जाएगा, एक दूसरे को सुख पहुचाने, प्रसन्न रखने के इरादे खत्म होने लगते है और मेरे लिए ही सब कुछ किया जाए, यह विचार प्रधान बन जाता है। स्वच्छंदता यही से शुरू होती है, जो परिवार के अनुशासन को निगल लेती है जैसे वृक्ष मे महक होती है ....वैसे ही परिवार की सुगंध होती है। शर्त यह है कि, जड़ें मजबूत रहे बड़े बड़े ज्ञानी यह कह कर गुजर गए कि परिवार मे हमे खुद ही सुगंध बनना पड़ता है। यहां अन्य किसी साधन से सुगंध पैदा नही की जाती। स्वयं अपनी सुगंध बनो, यह भारतीय परिवारो का आधार है। जैसे वृक्ष का निचोड़ उसकी सुगंध है, वैसे ही रिश्तो का निचोड़ प्रेम है जड़ जितनी मजबूत है वृक्ष मे उतनी महक है ऐसे ही जिंदगी की जुड़े जितनी मजबूत होगी, व्यक्तित्व उतना ही सुगंधित रहेगा।

टेक ज्ञान-

Samsung Galaxy A21s भारत में लॉन्च

नई दिल्ली। सैमसंग ने भारत में अपना नया स्मार्टफोन लॉन्च किया है। यह Samsung Galaxy A21s स्मार्टफोन है। यह इस साल सबसे किफायती गैलेक्सी A स्मार्टफोन है। सैमसंग का यह फोन कई धांसू फीचर के साथ आया है। फोन के रियर में 48 मेगापिक्सल के मेन कैमरे के साथ क्वॉड कैमरा सेटअप दिया गया है। सैमसंग गैलेक्सी A21s infinity-O डिस्प्ले दिया गया है, जो कि यूजर्स को शानदार विजुअल एक्सपीरियंस देता है। साथ ही, फोन में दमदार बैटरी दी गई है। Samsung Galaxy A21s स्मार्टफोन ब्लैक, वाइट और ब्लू इन 3 कलर ऑप्शन में आया है। इस स्मार्टफोन की शुरुआती कीमत 16,499 रुपये है। यह कीमत 4जीबी रैम और 64 जीबी स्टोरेज वाले वेरियंट की है। वहीं, 6जीबी रैम और 64जीबी स्टोरेज वाले वेरियंट की कीमत 18,499 रुपये है।

हसीन विष कन्याओं का मायावी जाल

योगेश कुमार गोयल

एक बार जब कोई इनके जाल में फंस जाता है तो उससे कुछ सूचनाएं हासिल कर उसे लगातार ब्लैकमेल कर इसके लिए बाध्य किया जाता है यानी यह ऐसा खूबसूरत मकड़जाल है, जिसमें एक बार फंसने के बाद बाहर निकलना लगभग नामुमकिन होता है। हालांकि सोशल मीडिया के इस्तेमाल को लेकर सैन्य बलों द्वारा अपने अधिकरियों को कड़े दिशा-निर्देश जारी किए जाते रहे हैं, फिर भी सोशल मीडिया का दुरूपयोग करते हुए सैन्य अधिकारियों और सैन्य कर्मियों द्वारा इस प्रकार देश के साथ गद्दारी करना सेना के लिए बड़ा सिरदर्द बनता जा रहा है। अगर सेना के कठोर नियमों के बावजूद कुछ लालची अधिकारी या जवान दुश्मन देश की हसीन विषकन्याओं के मायावी जाल में फंसकर देश के साथ गद्दारी करते हैं तो निश्चित रूप इसे अक्षम्य अपराध ही माना जाना चाहिए और ऐसे मामलों की फास्ट ट्रैक अदालतों में त्वरित सुनवाई कराकर ऐसे लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिलानी चाहिए। सेना के प्रबंधन तंत्र को भी कुछ ऐसे पुख्ता इंतजाम करने होंगे ताकि साइबर और सोशल मीडिया के जरिये हो रही हनीट्रैप की ऐसी घटनाओं पर अंकुश लग सके।

दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग के दो अधिकारियों को जासूसी करते हुए पकड़े जाने पर पिछले दिनों भारत से निष्कासित किया गया था और अब आईएसआई के लिए जासूसी कर रहे भारत के तीन रक्षाकर्मियों को राजस्थान पुलिस ने दबोचा है। लखनऊ स्थित मिलिट्री इंटेलीजेंस (एमआई) तथा राजस्थान पुलिस की खुफिया इकाई द्वारा ऑपरेशन 'डेजर्ट चेज' के तहत इन जासूसों की हरकतों पर काफी समय से नजर रखी जा रही थी। एमआई की खुफिया इनपुट के आधार पर ही राजस्थान पुलिस द्वारा आर्मी अम्युनिशन डिपार्टमेंट के नागरिक सुरक्षा कर्मचारी विकास तिलोतिया, सेना के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज के संविदा कर्मचारी चिमनलाल नायक तथा एक अन्य को जासूसी के आरोप में श्रीगंगानगर तथा बीकानेर से दबोचा गया है। ये रक्षाकर्मी आईएसआई को रणनीतिक सैन्य प्रतिष्ठानों के बारे में जानकारी मुहैया करा रहे थे। सैन्य सूत्रों के अनुसार इन जासूसों द्वारा गोला-बारूद से लेकर सेना की हर महत्वपूर्ण जानकारी लीक की जा रही थी और विकास को पाकिस्तानी इंटेलीजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) ने फेसबुक के जरिये ट्रैप किया था। उल्लेखनीय है कि पीआईओ ने भारत की एक हिन्दू महिला 'अनुष्का चोपड़ा' के नाम से एक फेसबुक अकाउंट चलाया हुआ है। इससे पहले अनिका चोपड़ा नामक फेसबुक अकाउंट के जरिये भी हनीट्रैप में भारतीय सैन्यकर्मियों को फंसाये जाने के कई मामले सामने आ चुके हैं।

गत वर्ष आंध्र प्रदेश पुलिस, नौसेना की खुफिया इकाई तथा केन्द्रीय खुफिया एजेंसियों की संयुक्त कार्रवाई में सात नौसैनिकों को गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद नौसेना ने नौसैनिकों के स्मार्टफोन और फेसबुक, व्हाट्सअप, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया था। उसी मामले में इस साल फरवरी माह में खुफिया एजेंसी द्वारा पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में तेरह लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जो हनीट्रैप के शिकार होने के बाद सोशल मीडिया के जरिये पाकिस्तानी एजेंटों को नौसेना से संबंधित संवेदनशील सूचनाएं लीक किया करते थे। वैसे नौसेना हो या सेना के अन्य अंग वायुसेना अथवा थलसेना, भारतीय सेना में हनीट्रैप के ऐसे मामले पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की साजिशों के चलते पिछले कुछ वर्षों से निरन्तर सामने आ रहे हैं। आईएसआई भारतीय सेना में अपने जासूसों का प्रवेश कराने के लिए जिस तरह के हथकंडों का इस्तेमाल कर रही है, वह चिंतनीय है।

खुफिया एजेंसियों की जांच में कई बार खुलासा हो चुका है कि आईएसआई खूबसूरत लड़कियों की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर सुरक्षा बलों के लोगों को प्यार के जाल में फंसाकर जासूसी करा रही है। अभी तक कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं, जब सेना के कुछ वरिष्ठ अधिकारी और सैन्यकर्मी आईएसआई की ऐसी महिला जासूसों के मनमोहक जाल में फंसकर सेना की गोपनीय सूचनाएं लीक

देश में हनीट्रैप के कुछ प्रमुख चर्चित मामलों की बात करें तो वर्ष 2014 में सेना के मेरठ सैन्य क्षेत्र में तैनात सुनीत कुमार को फेसबुक के जरिये आईएसआई एजेंट पूनम प्रकाश तथा रिया को सेना की महत्वपूर्ण सूचनाएं लीक करने के आरोप में हिमाचल के कांगड़ा से दबोचा गया था। सुनीत के बाद एजेंट पूनम के ही मायावी जाल में फंसे बरेली में तैनात मनोहर को पकड़ा गया था। अगस्त 2014 में आंध्र प्रदेश की सिकंदराबाद छावनी की 151 एमसी/एमएफ डिटैचमेंट में तैनात पाटन कुमार पोद्दार को भी फेसबुक के माध्यम से अनुष्का अग्रवाल नामक पाक जासूस के सम्पर्क में आने के बाद उसे खुफिया जानकारियां देने के आरोप में पकड़ा गया था। दिसम्बर 2015 में भटिंडा एयरफोर्स स्टेशन में तैनात केरल निवासी वायुसेना के ग्रुप कैप्टन रंजीत के. के. को सोशल मीडिया पर दामिनी मैकनॉट नामक महिला जासूस के सम्पर्क में आने के बाद सेना से जुड़ी अहम जानकारियां लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

करते पकड़े गए हैं। ज्यादा समय नहीं हुआ, जब वायुयेना के वरिष्ठ अधिकारी अरूण मारवाह और थलसेना के एक अधिकारी को सेना में जासूसी के आरोप में दबोचा गया था और ये मामले उस समय देशभर में सुर्खियां बने थे। तब यह भी उजागर हुआ था कि आईएसआई कैसे सोशल मीडिया के जरिये युवाओं, सैन्यकर्मियों व सेना अधिकारियों को महिला एजेंटों के जरिये अपने जाल में फंसाने में सफल हो रही है।

दरअसल पाकिस्तान परोक्ष रूप से भारत के समक्ष कभी सिर उठाने की हिम्मत नहीं जुटा सकता। जमीनी लड़ाई में भारत से पिटता रहा पाकिस्तान इसीलिए आईएसआई के माध्यम से भारतीय जवानों और अधिकारियों को ऐसी ही हसीनाओं के 'हसीन' जाल (हनीट्रैप) में फंसाकर गुप्त राज हासिल करने की जुगत में काफी समय से लगा है। हालांकि सर्वाधिक चिंताजनक स्थिति यह है कि समय-समय पर सेना के कुछ बड़े अधिकारी भी दुश्मन देश को सूचनाएं लीक करने के मामले में पकड़े जाते रहे हैं।

एक देश द्वारा दूसरे देश की सैन्य जासूसी कराने के मामले कोई नई बात नहीं है बल्कि सदियों से यह सब चला आ रहा है। कभी इस कार्य के लिए खूबसूरत लड़कियों को जासूस बनाकर इसी कार्य के लिए दूसरे देश में भेजा जाता था, जिन्हें 'विषकन्या' नाम दिया जाता था। माताहारी जैसी बेहद खूबसूरत जासूसों के किस्से प्रायः सुने ही होंगे, जिन्हें दूसरे देशों में वहां के सैन्य अधिकारियों को उनकी खूबसूरती के जाल में फंसाकर उस देश की जासूसी के लिए भेजा जाता था। उस समय इन विषकन्याओं को जासूसी के आरोप में पकड़े जाने पर सजा के रूप में गोली से उड़ा दिया जाता था किन्तु अब जासूसी के तौर-तरीके पूरी तरह बदल गए हैं। जासूसी के कार्यों के लिए आज भी भले ही महिलाओं को इस्तेमाल सर्वाधिक किया जाता हो किन्तु आधुनिक तकनीक और साइबर व सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के चलते इन्हें दूसरे देश भेजने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती बल्कि अपने देश में ही रहकर ये महिला जासूस या ऐसे ही छद्म जासूस इन्हीं आधुनिक तकनीकों के सहारे यह काम बखूबी कर रहे हैं। सोशल मीडिया के सहारे की जाने वाली इस तरह की जासूसी को ही 'हनी ट्रैप' नाम दिया गया है।

दुश्मन देश की सैन्य रणनीति के राज जानने के लिए खूबसूरत महिलाओं को जासूस रूपी हथियार बनाकर जासूसी के लिए इस्तेमाल करना ही 'हनीट्रैप' कहलाता है। अमेरिका, रूस, चीन, जापान सरीखे विकसित देशों में हनीट्रैप के मामले अक्सर सामने आते रहे हैं। हनीट्रैप के लिए देश की खुफिया एजेंसियां महिला जासूसों को ये जिम्मेदारी सौंपती हैं, जिसके बदले में उन्हें मोटी कीमत अदा की जाती है। हनीट्रैप के लिए आईएसआई ही अपनी महिला जासूसों की फेसबुक प्रोफाइल तैयार करती है और फर्जी फेसबुक प्रोफाइल वाली महिला एजेंटों की टीम को ही 'साइबर आर्मी' नाम दिया जाता है। फेसबुक प्रोफाइल पर प्रायः ऐसी महिला एजेंटों को ही रखा जाता है, जो बेहद खूबसूरत हों ताकि वे जाल में फंसाए जाने वाले शख्स को वीडियो कॉल के जरिये अपने असली होने का सबूत दे सकें।

कांग्रेस में आगे लाना होगा युवा नेतृत्व

रमेश सर्राफ

राजस्थान में भी राज्यसभा चुनाव को लेकर विधायको की बाड़े बंदी की गयी है। यहां कांग्रेस से राहुल गांधी के चहेते संगठन महासचिव एम वेणुगोपाल एवं नीरज डांगी को प्रत्याशी बनाया गया है। एम वेणुगोपाल जहां कांग्रेस आलाकमान की पसंद के प्रत्याशी है व पार्टी के सबसे पावरफुल महासचिव है। वही नीरज डांगी अशोक गहलोत की पसंद के प्रत्याशी है। कई बार विधानसभा चुनाव हारने के बाद भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उनको राज्यसभा टिकट दिलवाई है। राजस्थान कांग्रेस में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के गुट बने हुए हैं।

कांग्रेस पार्टी अभी भी इस बात को नहीं समझ पा रही है कि आज उसके लिए समय बदल गया है। कभी देश पर एकछत्र राज करने वाले कांग्रेस पार्टी का आधार सिमट चुका है। कांग्रेस के नेताओं को इस सत्य को स्वीकार करना ही होगा। कांग्रेस के नेता जितनी जल्दी इस सत्य को स्वीकार करेंगे उतना ही कांग्रेस के लिए अच्छा होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय राजनीति में आने के बाद कांग्रेस के प्रभाव में लगातार कमी आती जा रही है। 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी के हाथों करारी शिकस्त खाने के बाद कांग्रेस पार्टी एक-एक कर देश के कई प्रदेशों में भी सत्ता से बाहर हो चुकी है। कांग्रेस के कई बड़े दिग्गज नेता चुनाव में शिकस्त खा चुके हैं। मगर फिर भी कांग्रेस पार्टी के बड़े नेता अपने पुराने रवैया पर ही अड़े नजर आते हैं। कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी की सलाहकार मंडली में शामिल अधिकांश नेता वृद्ध हो चुके हैं तथा शारीरिक रूप से भाग दौड़ करने में सक्षम नहीं है। लेकिन फिर भी वह बड़े पदों पर जमे हुए हैं। नए नेताओं के लिए पद छोड़ने को तैयार नहीं है। हाल ही में संपन्न हो रहे कई राज्यों के राज्य सभा चुनाव में भी कांग्रेस के पुराने नेताओं का ही दबदबा देखा गया है।

पिछले लोकसभा चुनाव में हार चुके कांग्रेस के बुजुर्ग नेता मलिकार्जुन खड़गे को कांग्रेस पार्टी ने फिर से राज्यसभा में भेज दिया है। जबकि उनका बेटा प्रियंक खड़गे भी कर्नाटक में विधायक है तथा कुमार स्वामी की सरकार में मंत्री भी रह चुका है। मलिकार्जुन खड़गे के मुकाबले भाजपा ने कर्नाटक में विद्यार्थी परिषद से जुड़े जिला स्तर के दो अनजान लोगों को राज्यसभा की टिकट दी है। कर्नाटक में कांग्रेस यदि मल्लिकार्जुन खड़गे की बजाए किसी नए युवा नेता को राज्यसभा में भेजती तो पार्टी को आगे चलकर काफी फायदा मिलता। मगर सोनिया गांधी के सलाहकारों ने खड़गे को ही राज्यसभा में भेजना उपयुक्त समझा।

कांग्रेस ने मध्यप्रदेश से राज्यसभा के लिए वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह व चम्बल क्षेत्र के बड़े दलित नेता फूलसिंह बरैया को प्रत्याशी बनाया है। मगर हाल ही में

घटे राजनीतिक घटना चक्र के चलते मध्य प्रदेश में कांग्रेस एक सीट पर ही जीत सकती है। ऐसे में पार्टी वहां दिग्विजय सिंह की बजाय फूलसिंह बरैया को राज्यसभा में प्रथम वरीयता के वोट दिलवाकर विजय बनाती है तो उसका लाभ आगे होने वाले 24 विधानसभा सीटो के उपचुनाव में मिल सकता है। फूलसिंह बरैया दलित नेता है जो चम्बल संभाग से आते हैं। ऐसे में उनके राज्यसभा में जाने से दलित वोटों का कांग्रेस की तरफ रुझान हो सकता है।

दिग्विजय सिंह तो वैसे भी कांग्रेस को काफी नुकसान पहुंचा चुके हैं। गोवा कांग्रेस के प्रभारी रहते कांग्रेस के सबसे बड़ी पार्टी होने के उपरांत भी वहां सरकार बनाने से चूक गए थे। मध्यप्रदेश में भी दिग्विजय सिंह के कारण ही तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा ज्योतिरादित्य सिंधिया की उपेक्षा करने के कारण ही कमलनाथ को मुख्यमंत्री पद से हाथ धोना पड़ा था। दिग्विजय सिंह से कांग्रेस को अब नुकसान अधिक है फायदा कम है। समय रहते कांग्रेस में दिग्विजय सिंह को साइडलाइन कर मध्यप्रदेश में कांग्रेस को कमजोर होने से बचा लेना चाहिये।

छत्तीसगढ़ से कांग्रेस ने वरिष्ठ वकील केटीएस तुलसी को राज्यसभा में भेजा है। इससे पूर्व 2014 में कांग्रेस ने उन्हें राज्यसभा के लिए नामित किया था। छत्तीसगढ़ आदिवासी बहुल राज्य है। 15 साल के लंबे समय के बाद वहां कांग्रेस भारी बहुमत से सत्ता में आई है। ऐसे में वहां कांग्रेस को बाहरी की बजाए स्थानीय लोगों को ज्यादा महत्व देना चाहिए था। हालांकि केटीएस तुलसी बड़े वकील है तथा कांग्रेस के कई बड़े नेता बहुत से मामलों में कोर्ट में फंसे हुए हैं। इसलिए उन्हें बड़े वकीलों की जरूरत है। मगर वोट देकर प्रदेश में सत्तारूढ़ करवाने वाली जनता को भी महत्व दिया जाना जरूरी होना चाहिए।

गुजरात में कांग्रेस ने नेतृत्व के नजदीकी शक्ति सिंह गोहिल व भरत सिंह सोलंकी को मैदान में उतारा है। पहले वहां दिल्ली के जुगाड़ू नेता राजीव शुक्ला को टिकट देने की बात चली थी तो विधायकों ने विरोध कर दिया तब भरत सिंह को टिकट दी गई। वहां जब राज्यसभा उम्मीदवार के फार्म भरे गए थे तब कांग्रेस स्थिति कांग्रेस के पक्ष में लग रही थी। मगर इस दौरान कांग्रेस के 8 विधायकों द्वारा त्यागपत्र दे देने के कारण अब वहां कांग्रेस के एक प्रत्याशी के ही जीतने की संभावनाएं बन रही है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तेरे आने की ख़बर

तेरे आने की ख़बर कहाँ अब चमन से मिलती है कि यह महक भी मुझे अपने बदन से मिलती है सकूं भी मिलता है मुझको तेरे क़रीब आ कर और इक कसक सी भी तेरी छुअन से मिलती है चैन भी पाया है मैंने तुम्हारी उल्फत में और बेचैनी भी दिल की चुभन से मिलती है झुलसा दिया है मुझे दिल की इस लगी ने मगर मुझ को राहत भी अब दिल की जलन से मिलती है।

- अनु मित्तल

घर भर की हैं आस

घर भर की हैं आस पिता। रहते दिल के पास पिता। घेरे सघन अँधेरा जब बनते तभी उजास पिता आभा माँ के माथे की। जीवन में मधुमास पिता कर्म सभी करना ऐसे ना हों कभी उदास पिता कंटक चुनते हैं पथ के। ईश्वर का आभास पिता नेह-प्रेम आशीष फलें। करते हैं विश्वास पिता।। कष्ट मौन होकर सहते। 'अधर' भरें उल्लास पिता। **- शुभा शुक्ला मिश्रा**

ख़ास पाती | संघर्षों की अजब कहानी है

संघर्षों की अजब कहानी है जीवन सारस की लम्बी चोंच और समतल प्लेट में पानी है संघर्षों की ..... चतुर लोमड़ी सा है मानव जो जीवन भर छल करता है हासिल सपनों से आगे फिर वही सुराही है संघर्षों की .... कौआ सी कोशिश अपनी घट के तल में पानी है चुन चुन पत्थर डाल रहा उम्मीदों ने ठानी है संघर्षों की .... गजब रेस है अब तो जीवन बस खरहे ही दौड़ रहे हर कच्छप के माथे पर बल है गीली पेशानी है संघर्षों की .... लोकतंत्र के बंदर मालिक जाने कैसे तौल रहे बिल्लियों के झगड़े में हरदम एक पलड़ा भारी है संघर्षो की। **- अमित कुमार अम्बष्ट**

शोख़ चंचल यह हसीना कर रही

शोख़ चंचल यह हसीना, कर रही भव पार। याद में पिय को समेटे , अंग में भर प्यार ।। साथ अद्भुत दे रहा है , खुशनुमा जब वक्त। प्रीत में खुद को बिसर यूँ, मोहना की भक्त।। खेवता है कौन नैया , है कहाँ यह होश । डूब कर ही हो मिलन जब, हो गई मदहोश।। प्रीत ही प्रारब्ध इसका , प्रीत ही है अंत। है अमित यह छाप अनुपम, श्याम जूं हैं कन्त।। पार नैया को कराना , आपका है काम । बिन सहारा चल पड़ी है , ले हरि का नाम।। आस की चादर लपेटे , जी रही इक नार। आसरे की छांव देना , और विस्तृत प्यार। **- अर्चना लाल**

भगत सिंह सुखदेव झूल गए फांसी

भगत सिंह सुखदेव झूल गए फांसी पर आजादी का सपना लेकर। और हमने डाल दिया अपने बच्चों को पिंजरे में ये कहकर कि गुलामी का मजा ही कुछ और है। गुलाम मानसिकता के साथ आप आजाद भारत की बात नहीं कर सकते..देश की तरक्की की बात तो भूल ही जाइए.. आंखें खोलिए जनाब मनोज बोल रहा हूं। **- मनोज स्वाईन**

आत्महत्या न तो कायरता है

आत्महत्या न तो कायरता है और न ही बहादुरी.. इसका जिम्मेदार पूरी तरह से एक खास मानसिक अवस्था है, जिसमें न तो बहादुरी का नामोनिशान होता और न ही कायरता का. वह तो हम लोग अपनी सोच के हिसाब से सामने वाले को सर्टिफिकेट दे देते हैं, भगवान ना करे अगर कल को हम खुद उसी स्थिति में आ जाए तो सारी सोच टांय-टांय फिस्स होने की संभावना अतिशय हो जाती है! - **मिनाक्षी सिंह भारद्वाज**

चुने हुए नेताओ में अपने राजनैतिक

चुने हुए नेताओ में अपने राजनैतिक भविष्य को लेकर चिंता चिंता का कारण है चुनाव में एक बहुप्रचारित मॉडल को अपनाना मॉडल यह कि हर चुनाव में आधे से ज्यादा उम्मीदवार बदल दो बस यही एक मॉडल मुझे पच्चीस पच्चीस करोड़ में बिकने का कारण लगता है। **- संत आर थवाईत**

दूसरे के लिए जीना छोड़ दो

दूसरे के लिए जीना छोड़ दो खुद की मस्ती में मदहोश रहे प्रिय सुनो सब का करो खुद का तभी जीवन सुखद और लम्बी होगी गर होगें अपने तो खुद ब खुद सब समझ जाएंगे बस दो वक्त ही हैं मुस्कुरा ही लो मायुसी में रखा ही क्या बस सब संग जी ले तो बचा ही क्या हैं बैठकर हर समस्या को सुलझा जाएंगे ।

- सोनू कुमार आकाश

कुल मिलाकर जिंदगी तन्हा ना

कुल मिलाकर जिंदगी तन्हा ना गुजारो यारो समय से पहले खुद को ना मारो यारो, अचार बनाना है क्या इन फेसबुकिए यारों का, तभी भी इनका ही दिमाग खा लो यारो. फेसबुक पर सर खपा लो यारो। **- किरन भण्डारी**

QUIZ TIME

1) 'अब्बू खां की बकरी' किस पूर्व राष्ट्रपति की रचना है?

2) 'फेडरेशन ऑफ इटैलियन ऑटोमोबाइल वर्क्स एट तुरीन' को किस अधिक लोकप्रिय ब्रांड के नाम से जाना जाता है?

3) भारत के स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को शंघाई सहयोग संगठन के कितने अजूबों में शामिल किया गया है? (8 / 9 / 10)

4) किस राज्य सरकार ने कुशल एवं प्रशिक्षित उम्मीदवारों को नौकरी खोजने में मदद करने के उद्देश्य से रोजगार संगी ऐप लॉन्च किया है?

5) भारतीय राजनीतिज्ञ का नाम बताइए जिन्होंने शेतकरी संगठन की स्थापना की?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) डॉ. ज़ाकिर हुसैन (2) फिएट (3) 8 (4) छत्तीसगढ़ सरकार (5) शरद अनंतराव जोशी

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1576 - महाराणा प्रताप और मुगल शासक अकबर के बीच हल्दीघाटी का युद्ध शुरू हुआ। 1658 - औरंगजेब ने आगरा के किले पर कब्जा किया था। 1802 - जीए लांग को वियतनाम में गुयेन वंश के पहले सम्राट के रूप में ताज पहनाया गया। 1812 - अमेरिका और ब्रिटेन के बीच युद्ध शुरू हुआ। 1815 - वाटरलू की जंग में नेपोलियन की सेना ने ब्रिटेन को हराया। 1837 - स्पेन ने नया संविधान अपनाया। 1842 - एक प्राथमिक स्कूल प्रणाली स्वीडन में शुरू की गयी। 1887 - पुनर्बीमा संधि पर जर्मनी और रूस ने हस्ताक्षर किया। 1894 - सबसे पहले रोसेबेरी युगांडा एक ब्रिटिश संरक्षण घोषित किया गया। 1897 - क्योटो विश्वविद्यालय ओफ्फिसिएल्लेमेंट जापान में स्थापित किया गया।

पोस्टमार्टम नहीं करने से नाराज परिजनों ने किया सिविल सर्जन का घेराव

■ **विधायक के फोन आने के बाद हुआ पोस्टमार्टम**

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । जिला अस्पताल की सिविल सर्जन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त संचालक डॉ मधुलिका सिंह के दुर्व्यवहार से नाराज होकर मृतक के परिजनों ने उनका घेराव कर दिया । तखतपुर क्षेत्र के ग्राम पोड़ी निवासी कृष्ण कुमार यादव ने मंगलवार को जहर सेवन कर लिया था। जहर सेवन के बाद वह खेत चला गया ।जब उसे बेचैनी महसूस हुई तो घर आ गया लेकिन जहर सेवन की बात उसने परिजनों से छुपा ली। परिजनों को लगा कि उसे किसी सांप ने काट लिया है इसलिए वे उसे लेकर सिम्स पहुंचे लेकिन उसकी हालत को देखते हुए सिम्स ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया। जिला अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई ।

जिसके बाद शाम को मर्चुरी में कृष्ण कुमार यादव की लाश सुरक्षित रखवा दी गई, जिसका पोस्टमार्टम बुधवार को होना था लेकिन बुधवार को जिला अस्पताल के चिकित्सक और सिविल सर्जन मधुलिका सिंह परिजनों से बहानेबाजी करने लगे। कभी नियमों का हवाला देकर उन्हें सिम्स भेजा गया। फिर कभी तारबाहर तो कभी कोतवाली थाने और कभी तो महादेव अस्पताल भी । बार-बार इधर-उधर भेजे जाने से नाराज परिजनों ने डॉ मधुलिका सिंह से गुहार लगाई तो उन्होंने दो टूक कह दिया की जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम नहीं होगा ।जिससे गुस्साए परिजन डॉ मधुलिका सिंह के कार के आगे लेट गए लेकिन इससे भी मधुलिका सिंह का दिल नहीं पसीजा और वह पैर पटकते हुए अस्पताल के भीतर चली गई ।इधर किसी ने इसकी सूचना तखतपुर क्षेत्र की विधायक रश्मि सिंह को दे दी जिन्होंने तुरंत आला अधिकारियों को फोन लगाया। जिसके बाद जिला अस्पताल के भी फोन घनघनाने लगे । ऊपर से आदेश मिलने के बाद मन मार कर आखिरकार जिला अस्पताल में ही कृष्ण कुमार यादव का पोस्टमार्टम किया गया। एक तरफ लोग चिकित्सकों पर फूल बरसा रहे हैं तो वहीं कुछ चिकित्सक अपनी हरकतों से इस पेशे को अब भी बदनाम करने में जुटे हुए हैं । जिसका जीता जागता उदाहरण बुधवार को एक बार फिर देखा गया ।

जोरापारा चौबे कॉलोनी के नागरिक एकजुट महापौर को गिनाई समस्याएं

■ **महापौर ने कहा निगम वित्तीय समस्याओं से जूझ रहा है छोटी मोटी समस्यायों का शीघ्र निराकरण करा सकते है**

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। सुबह 9 बजे महापौर निवास में वार्ड पार्षद पूर्णानंद चंद्रा के साथ मोहल्ले के सभी महिलाओं के साथ वार्ड वासी महापौर रामशरण से मुलाकात किये जिसमे मोहल्ले में व्याप्त समस्यायों के बारे में बताये । मुख्य समस्या में पानी निकासी जिसमे ऊपर की ओर से आ रहे पानी बिरकोना की तरफ से बरसात की पानी आ रहा है नाली छोटी है और टूटे हुए है अधिक पानी की निकासी नही होने से घरों में पानी घुस रहा है। गन्दगी घरों में आ रही है। सड़क में खम्बो में बल्ब नही है अंधेरा रहता है। इसके साथ सबसे बड़ी समस्या जोरापारा तालाब की है जिसमे आमजनों का निस्तारी तालाब से ही होता है जिसमे नाली का पानी आने से पूरा तालाब दूषित हो गया है मजबूरी में निस्तारी कर रहे लोगो के लिए महामारी या अन्य जल जनित बीमारी मुँह खोले बैठी है। तालाब से लगे छेत्र में सड़क की व्यवस्था नही होने से आवागमन की भारी तकलीफ है। तालाब के पास पहले की तुलना में आबादी घनी हो गई है । तालाब के पास से मुख्य सड़क अशोक नगर को मिलती सड़क का चौड़ीकरण आज की मुख्य जरूरत है। तालाब का सौन्द्रीयिकरण भी होना है। सभी अनिवार्य सुविधाओ के लिए निगम।इंजीनियर के द्वारा पूर्व में दिए आवेदन पर कार्रवाई करते हुए निगम के इंजीनियर के द्वारा बजट तैयार कर लिया गया है। अब जरूरत है इच्छा शक्ति के साथ बजट उपलब्ध कराकर जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करने की। आज वार्ड पार्षद के साथ सुनील यादव शंकर यादव प्रीति यादव सोनी मैडम पवार आंटी के साथ मोहल्ले के आमजन उपस्थित होकर मुलाकात किया गया।

क्वारंटाइन सेंटर में मजदूर की हुई मौत

बिलासपुर । जिले में क्वॉरेंटाइन सेंटर में ठहराये गए मजदूरों की मौत का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा । एक और मजदूर की क्वारंटाइन सेंटर में मौत हो गई

मामला रतनपुर का है। यहां गांधीनगर के पास स्थित महामाया कॉलेज को भी क्वॉरंटाइन सेंटर बनाया गया है जहां प्रवासी मजदूरों को ठहराया गया है। खबर है कि यहीं रह रहे एक मजदूर की मौत हो गई है। अव्यवस्थाओं के कारण यह सेंटर पहले भी सुर्खियों में रहा है। यहां ठहराए गए प्रवासी श्रमिकों ने एक बार अधपका भोजन होने का हवाला देकर फूड पैकेट फेंक दिए थे , तो वहीं एक बार उनका विवरण लेने पहुंचे 2 शिक्षकों पर इन्होंने गंदा पानी डाल दिया था और इस बार यहां रह रहे एक मजदूर की मौत से प्रशासन के हाथ पांव फूल गए हैं। बताया जा रहा है कि मृत मजदूर को 13 तारीख को लखनऊ से लाया गया था ,मृतक मस्तूरी मानिकचौरी क्षेत्र का 55 वर्षीय जागेश्वर यादव था। खबर है कि मंगलवार रात को अपने साथियों के साथ जागेश्वर यादव ने भोजन किया था । सुबह वह रोज की तरह उठा और शौचालय जाने के बाद वापस आकर लेट गया, जिसके बाद उसके शरीर में कोई हलचल ना देख परिजनों ने उसे टटोला, लेकिन तब तक उसकी जान जा चुकी थी। सेंटर में रह रहे लोगों का कहना है कि मंगलवार रात को उन्हें जो भोजन दिया गया था वह अधपका था और उसमें कीड़ा भी था। दावा किया जा रहा है कि भोजन में गड़बड़ी के कारण भी मौत हो सकती है। फिलहाल रतनपुर पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

बीजेपी पार्षद जहर खाकर की खुदकुशी, विसरा रिपोर्ट के बाद होगा खुलासा

बिलासपुर । भारतीय जनता पार्टी के पूर्व पार्षद महापौर किशोर राय के एमआईसी सदस्य बंशी लाल साहू ने जहर का सेवन कर आत्महत्या कर ली है।

सरकंडा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बंशीलाल साहू की मौत की जानकारी सुबह मिली । उसके शव को सिम्स में पोस्टमार्टम के लिए रखा गया है । जानकारी हो कि बंसी लाल साहू पुराने नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 55 से पार्षद थे. वर्तमान में चुनाव के दौरान उनको हार मिली थी। सीजीवालडॉटकॉम के

सरकंडा थानेदार शनीप रात्रे ने बताया सिम्स में पोस्टमार्टम के लिए शव को रखा गया है.प्रारंभिक रिपोर्ट में जानकारी दी है कि बंसी की मौत अज्ञात जहर सेवन से हुआ है. डॉक्टरों ने इस बात से भी इनकार नहीं किया है की अत्यधिक शराब के सेवन से भी मौत हो जाती है बहराल पोस्टमार्टम के बाद विसरा रिपोर्ट के आने के बाद मौत का खुलासा होगा ।

जिले में बनाए जा रहे हैं तीन सुविधायुक्त इंग्लिश मीडियम स्कूल

■ **कलेक्टर ने स्कूलों का लिया जायजा**

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । बिलासपुर जिले में तीन हिन्दी माध्यम के शासकीय स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम में उन्नयन किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ.सारांश मित्तर ने आज इन स्कूलों स्कूलों का जायजा लिया एवं आवश्यक निर्देष दिये।

शहर के लाला लाजपत राय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, उच्चतर माध्यमिक शाला मंगला और तारबाहर स्थित उच्चतर माध्यमिक शाला को इंग्लिश मीडियम शाला में उन्नत किया जा रहा है। कलेक्टर ने यहां की जा रही तैयारियों को देखा। कलेक्टर ने सभी स्कूलों में 15 जुलाई से वर्चुअल कक्षाओं की तैयारी हेतु इंटरनेट की सुविधा, शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था, लाईब्रेरी की सुविधा, स्मार्ट फोन, किताबों की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश जिला षिक्षा अधिकारी को दिये। इसी प्रकार स्कूल बिल्डिंग के उन्नयन, रंगरोगन, पुटटी कराने के निर्देष नगर निगम कमिष्नर को दिए। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों की भांति सभी सुविधाएं बच्चों को दिया जाना अनिवार्य है ताकि उनका सर्वागींण विकास हो सके। बच्चों को अध्ययन के लिए ऐसा वातावरण दिया जाए जहां वे स्वयं रूचि लेकर अध्ययन करें। हायर सेकेण्डरी की कक्षाओं के लिए अच्छी प्रयोगषाला निर्माण पर भी उन्होंने जोर दिया। पर्याप्त संख्या में कम्प्यूटर उपलब्धता के भी निर्देष दिए। कलेक्टर ने स्कूलों में चल रहे निर्माण कार्यो को जल्द पूरा करने कहा।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र ठाकुर, नगर निगम कमिष्नर प्रभाकर पांडे,, एस.डी.एम देवेन्द्र पटेल एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कोरोना और बरसात के संक्रमण से निपटने आपातकालीन तैनाती निर्धारित

■ **जिला कार्यालय के नियंत्रण कक्ष में अधिकारी कर्मचारी की रोस्टर अनुसार ड्युटी**

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। कलेक्टर एवं जिला दंण्डाधिकारी पी.एस. एल्मा ने नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) से बढ़ते संक्रमण की प्रभावी रोकथाम तथा आपातकालीन स्थिति से निपटने एवं आवश्यक सहायता के लिए जिला कार्यालय मुंगेली के कक्ष क्रमांक 116 में नियंत्रण कक्ष24ग7 (कंट्रोल रूम) की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष क्रमांक 07755-274274 है। उक्त नियत्रंण कक्ष 24ग7 (कंट्रोल रूम) के संचालन हेतु दिनांक 30 जून तक अधिकारी और कर्मचारियों की रोस्टर अनुसार ड्यूटी लगाई गई है।

उक्त कंट्रोल रूम के नियंत्रण एवं प्राप्त होने वाली सूचना पर त्वरित कार्यवाही हेतु निम्नलिखित अधिकारियों को पर्यवेक्षण अधिकारी नियुक्त किया जाता है। जिसकी ड्यूटी अवधि अपराहन 12:00 से आगामी तिथि के दोपहर 12:00 बजे तक एक दिवस की रहेगी। पर्यवेक्षण अधिकारी परस्पर अपनी ड्यूटी का प्रभार आगामी पर्यवेक्षण अधिकारी को सौंपेगे। 16 जून के लिए डी.एम.सी. श्री वाचस्पति सिंह मोबाईल नंबर 9424180767, 17 जून के लिए सी.ई.ओ. अन्त्याव्यसायी देवेन्द्र जांगड़े मोबाईल नंबर 8770706336,18 जून के लिए उपसंचालक कृषि डी.के.व्योहार मोबाईल नंबर 7389061341,19 जून के लिए सहायक संचालक उद्यानिकी चन्द्रदेव सिंह मोबाईल नंबर 9424168643, 20 जून के लिए प्राचार्य शा.उ.मा.वि. कोदवाबानी रामनाथ गुप्ता मोबाईल नंबर 9770899249, 21 जून के लिए जिला रोजगार अधिकारी व्ही.के. केडिया मोबाईल नंबर 9425517119, 7389061341, 22 जून के लिए प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोदवाबानी रामनाथ गुप्ता मोबाईल नंबर 9770899249, 23 जून के लिए कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग एस.सी. अहिरवार मोबाईल नंबर 9424278711, 24 जून के लिए प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोदवाबानी रामनाथ गुप्ता मोबाईल नंबर 9770899249, 25 जून के लिए प्रभारी सहायक संचालक मछली पालन व्ही.के. भेलवा मोबाईल नंबर 9893032337, 26 जून के लिए सांख्यिकी अधिकारी जे.एल. परतेमोबाईल नंबर 9827270034, 27 जून के लिए प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोदवाबानी रामनाथ गुप्ता मोबाईल नंबर 9770899249, 28 जून के लिए प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छटन ए.डी. अंचल मोबाईल नंबर 9754611738, 29 जून के लिए प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागांव चीनू आर.आर.नेताम मोबाईल नंबर 9926728747, 30 जून के लिए प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोदवाबानी रामनाथ गुप्ता मोबाईल नंबर 9770899249 है।

नगर पालिका और सब्जी दुकानदारों के बीच गहराता जा रहा विवाद

मुंगेली । नगर की सब्जी मंडी में दुकान लगाने को लेकर नगर पालिका और सब्जी दुकानदारो के बीच उपजा विवाद लगातार गहराता जा रहा है। कोरोना संक्रमण के चलते नगर पालिका द्वारा गोलबाजार में लगने वाली सब्जी मंडियों को अन्यत्र स्थापित किया गया था किन्तु नगर के बाहर होने की वजह से सब्जी दुकान दारो द्वारा इसका विरोध करते हुए कई बार ज्ञापन देने के बावजूद भी अब तक कोइ सुनवाई नही हो रही है ।

गौरतलब हो कि नगर के हृदय स्थल गोल बाजार में लगने वाली सब्जी मंडी को जरूरत से ज्यादा भीड लगने के कारण हटाकर बुधवारी बाजार में लगाने का आदेश नगर पालिका द्वारा दिया गया था किन्तु गोलबाजार में दुकान लगाने वाले दुकानदारो ने नगर से दूर होने और साफसफाई की व्यवस्था न होने के कारण उक्त स्थान से हटाकर गोलबाजर में सब्जी दुकान लगाने के लिए जिला मुख्यालय में ज्ञापन सौपा था किन्तु बारबार ज्ञापन सौपने के बावजूद भी अब तक सब्जी दुकानदारो और नगर पालिका के बीच कोई निराकरण नही निकल पाया है, जिसको लेकर दुकानदारों में रोष व्याप्त होने लगा है। गोलबाजार में सब्जी दुकान लगाने वाली किरण सारथी ने बताया कि बुधवारी बाजार में दुकान लगाने से नगर के लोगो के लिए दुरी होने के साथ साथ वहा साफसफाई की व्यवस्था भी नही है जिसके चलते आर्थिक और शारिरिक दोनो परेशानियों का सामना करना पड रहा है, बीते कई सालो से गोल बाजार में सब्जी दुकान लगाने वाले दुकानादारो का कहना है कि नगरपालिका ने कई सालो से चबुतरे का किराया पटाया जा रहा है उसके बावजूद भी नगर पालिका उनकी मांग पर कोई विचार नही कर रहा है। वही सब्जी दुकान दार तरूण मिश्रा ने बताया कि बुघवारी मुक्तिधाम के पास सब्जी दुकान लगने कारण नगर के लोगो को जाने में परहेज है, जिसकी फरियाद लेकर जिला कलेक्टर को 4 बार ज्ञापन दिया जा चुका है किन्तु अब तक कोई समाधान नही निकल पाया है।

> गोल बाजार में लगने वाली भी के चलते सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नही हो पा रहा था जिसके कारण सब्जी मंडी को बुधवारी में लगाया गया है ताकी व्यवस्था को बनाया जा सके ।
>
> **अनुविभागिय अधिकारी, मुंगेली**

16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को मत्स्याखेट के लिए बंद ऋतु के रूप में घोषित

मुंगेली। सहायक संचालन मछली पालन ने बताया कि जिले में 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया गया है। इस दौरान समस्त नदियों नालो तथा छोटी नदियों, सहायक नदियो में जिन पर सिंचाई के तालाब जलाशय बडे-छोटे में किए जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार के मत्स्याखेट पूर्णतः निषिद्व रहेगा। इन नियमों का उल्लंघन करने पर तथा अपराध सिद्व होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनो एक साथ होने का प्रावधान है। यह नियम केवल छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका सम्बंध किसी नदी नालो से नही हो में लागू नही होगा। उल्लेखनीय है कि वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को देखते हुए उन्हे संरक्षण देने हेतु राज्य में छ.ग नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 3 उपधारा 2 के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक अवधि को बंद ऋतु के रूप में घोषित किया गया है।

चराई कर रहे पशुओ के नियंत्रण हेतु प्रचलित रोका-छेका प्रथा और अधिक होगी सुदृढ़ ग्राम स्तर पर बैठक 19 जून को

मुंगेली। जिले मे खरीफ फसल बुवाई कार्य के पूर्व खुले मे चराई कर रहे पशुओ के नियंत्रण हेतु प्रचलित रोका-छेका प्रथा को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा । इस हेतु 19 जून को ग्राम स्तर पर बैठक का आयोजन किया जा रहा है। बैठक मे ग्राम सरपंच, पंच , जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणो द्वारा जिले मे रोका-छेका प्रथा को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु निर्णय लेगे। कलेक्टर श्री पी. एस. एल्मा ने आज यहां बताया कि आगामी फसल बुआई कार्य के पूर्व खुले मे चराई कर रहे पशुओ के नियंत्रण हेतु जिले मे रोका-छेका प्रथा प्रचलित है। इस प्रथा के अनुसार फसल बुआई को बढ़ावा देने तथा पशुओ के चरने से फसल को होने वाले हानि से बचाने के लिये पशुपालक तथा ग्रामवासियों द्वारा पशु को बांधकर रखने अथवा पहटिया की व्यवस्था इत्यादि कार्य किया जाता है । इस प्रयास से न सिर्फ कृषकगण शीघ्र बुआई कार्य संपादित करेंगे। अपितु द्वितीय फसल लेने हेतु भी प्रेरित होंगे। अतः इस संबंध मे 19 जून को ग्राम स्तर पर बैठक का आयोजन किया जा रहा है। बैठक मे ग्राम सरपंच, पंच , जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणो द्वारा जिले मे रोका-छेका प्रथा को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु गौठानों में पशुओ के प्रबंधन व रखरखाव की उचित व्यवस्था हेतु गौठान प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित करने, पहटिया - चरवाहे की व्यवस्था से पशुओ का गौठानों मे व्यवस्थापन सुनिश्चित करने के संबंध मे निर्णय लिया जाएगा।

शहर की यातायात व्यवस्था पर नियंत्रण के लिये तारबहार में बनेगा इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर

बिलासपुर। बिलासपुर में बढ़ते हुए यातायात की समस्या पर नियंत्रण के लिये स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत तारबाहर थाना परिसर में इंटीग्रेटेड ट्रेफिक कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम बनाया जायेगा। कलेक्टर डॉ.सारांश मित्तर, पुलिस अधीक्षक प्रशांत अर्ग्रवाल के साथ आज इस केन्द्र की स्थापना के लिये स्थल निरीक्षण किया।

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट अंतर्गत स्थापित किये जाने वाले इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर के अंदर सूचना प्रौद्योगिकी के उपकरण लगे होंगे। इस प्रोजेक्ट के अंदर शहर के मेजर ट्रेफिक को स्वचालित कर दिया जायेगा साथ ही उनके टाईमर भी गाड़ियों के अनुरूप स्वचालित रूप से कम-ज्यादा होते रहेंगे। यदि कोई भी वाहन ट्रेफिक लाईट का उल्लंघन करता है तो वाहन के नंबर प्लेट के पिक्चर को कमांड सेंटर में भेज देगा और साथ ही उल्लंघन करने वाले वाहन चालक को ई-चालान भेज दिया जायेगा।

यदि कहीं वाहन गतिसीमा का उल्लंघन करता है या उल्टी दिशा में जाता है तो स्वयं क्रिया तरीके से नंबर प्लेट का पिक्चर कमांड सेंटर में आ जायेगा जिससे ई-चालान उनके घर भेज दिया जायेगा। कमांड सेंटर के माध्यम से शहर के प्रमुख स्थानों पर सर्विलेंस कैमरे के जरिये अवांछित गतिविधियों पर नजर रखी जायेगी तथा उसका वीडियो फीड कमांड सेंटर में उपलब्ध होगा। इसके जरिये आपात स्थिति में प्रशासन द्वारा तुरंत कार्यवाही की जा सकेगी।

शहर में कहीं वाहन दुर्घटना घटित होने पर प्रशासन द्वारा तुरंत मदद भेजा जा सकेगा। किसी व्यक्ति या संपत्ति के हानि होने की स्थिति में सर्विलेंस कैमरे की फीड कमांड सेंटर में उपस्थित पुलिस कर्मचारियों को आगाह कर सकेगा ताकि वे तुरंत प्रशासनिक मदद दे सके। कमांड सेंटर के भीतर एक वाररूम भी बनाया जायेगा जहां से प्रशासन के आला अधिकारी किसी भी आपदा की स्थिति में पूरे शहर में नियंत्रण रख सकेंगे और आपदा प्रबंधन के कार्यों का निरीक्षण कर सकेंगे।

स्थल निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय और अधीक्षण यंत्री सुधीर गुप्ता तथा स्मार्ट सिटी के अधिकारी उपस्थित थे।

■ न्यूज गैलरी

ओमप्रकाश साहू बने डोंगरगढ़ विधायक मुख्य प्रतिनिधि

राजनांदगाँव। डोंगरगढ़ विधायक भुनेश्वर सिंह बघेल ने कार्य का सुचारू रूप से संचालन के लिए सभी विभागों में ब्लॉक वार अपने प्रतिनिधि के नियुक्ति किये, जिसमें

राजनांदगाँव ब्लॉक से मुख्य प्रतिनिधि राजनांदगाँव जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू को नियुक्ति किया गया। ओमप्रकाश साहू साहू राजनांदगाँव जनपद सभापति के साथ अब डोंगरगढ़ विधायक भुनेश्वर सिंह बघेल के विधायक प्रतिनिधि के रूप में राजनांदगांव विकासखंड में मुख्यप्रतिनिधि के रूप में दायित्व संभालेंगे।

लोक अदालत 11 जुलाई को

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 11 जुलाई 2020 को जिले में लोक अदालत आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जिले एवं तालुक विधिक सेवा समिति खैरागढ़, डोंगरगढ़, अंबागढ़ चौकी एवं छुईखदान में भी लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित सिविल वाद प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, पारिवारिक मामले राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरणों, धारा-138 परक्राम्य लिखत अधिनियम एवं अन्य राजीनामा योग्य मामलों का निराकरण किया जाएगा। कोरोना वायरस के संक्रमण (कोविड-19) के खतरे को देखते हुए लोक अदालत में उपस्थित रहने वाले अधिवक्ता, पक्षकार और कर्मचारी सामाजिक दूरी बनाए रखेंगे और सभी को मास्क लगाना अनिवार्य होगा। इस निर्देश का पालन नहीं करने पर उनके विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। पक्षकारों से अपील की गई है कि 11 जुलाई 2020 को न्यायालयों में लंबित अपने मामलों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से कराकर त्वरित, सुलभ एवं सस्ता न्याय प्राप्त करें।

पोस्टर, विडियो संदेशों के जरिये लोगों से व्यवहार बदलने की अपील

राजनांदगांव। नेहरू युवा केंद्र राजनांदगांव के तत्वावधान में जिला युवा समन्वयक देवेश कुमार ने बातया कि 1 जून से जिलेभर में सोशल मिडिया के माध्यम से बदले अपना व्यवहार, करे कोरोना पर वार जिसके अंतर्गत लोगों से अपील की जा रही है कि कोरोना महामारी से उत्पन्न इस संकट की घड़ी में सही जीवनशैली अपनाकर एवं अपना रवैय्या सकारात्मक, सचेत एवं भेदभाव रहित रखकर कोरोना से इस लड़ाई में देश का सहयोग कर सकते है। जिले के सभी नौ विकासखंडों में फेसबुक एवं व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से नेहरू युवा केंद्र संगठन एंव पेयजल स्वच्छता विभाग, जलशक्ति मंत्रालय द्वारा साझा किये गये। सभी ई पोस्टरों जन जन तक पहुंचाया जा रहा है, (जिसमें विकासखंड स्तर पर कार्य कर रहे स्वयं सेवक एवं युवा मंडलों की विशेष भागीदारी रही है) अथवा अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार एवं सचिन तेंदूलकर के विडियो संदेश पहुंचाकर परस्पर सम्मान की भावना जागृत करने का प्रयास किया जा रहा है। नेहरू युवा केंद्र राजनांदगांव के द्वारा लॉक डाऊन के दिनों में ग्रामीण एवं शहरी स्तर पर लागों को निःशुल्क मॉस्कका वितरण किया गया। कोरोना से बचने हेतु घर से बाहर न निकलने हिदायत दिया गया। जरूरी काम हो तभी घर से बाहर जाने को कहा गया, बार-बार साबुन से हाथ धोने की जानकारी दिया गया। सड़कों व दीवारों पर बचाव संबंधित नारे, लिखकर लोगों को जागरूक किया गया। विकासखंड एनवायव्ही एव युवा मंडल के सदस्यों द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में घूम घूमकर कोरोना संबंधित बचाव के संबंध में आवश्यक जनकारी प्रदान कर लोगों को जागरूक किय गया।

कलेक्टर ने ली जिला कौशल विकास प्राधिकरण की कार्य योजना के लिए बैठक

राजनांदगांव। कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने जिला कौशल विकास प्राधिकरण की कार्य योजना वर्ष 2020-21 एवं नवीन वीटीपी पंजीयन के लिए बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने जिले में प्रवासी श्रमिकों के स्किल मैपिंग कर रोजगार से जोड़ने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र, समस्त आईटीआई, पशुपालन, मत्स्य, पीएचई एवं अन्य विभाग वीटीपी पंजीयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने एस्पोंसर विभागों को कार्य योजना के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कहा। इसके साथ उन्होंने रोजगार संगी एप में पूर्व प्रशिक्षित हितग्राहियों तथा जिले के नियोक्ताओं को पंजीयन कराने के लिए निर्देश दिए।

लॉकडाउन के बाद वन विभाग में हुई पहली नीलामी, छत्तीसगढ़ राज्य शासन को 1 करोड़ 69 लाख रुपये के राजस्व की प्राप्ति

■ **श्रीमती शालिनी रैना ने किया चिल्फी सहित बोडला ब्लाक का निरीक्षण**

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। मुख्य वन संरक्षक दुर्ग वन वृत्त ने कोविड-19 मैं अपने दौरा के दौरान जिला वासियों को वन विभाग के विभिन्न कार्यों के माध्यम से अधिक से अधिक रोजगार देने तथा वन क्षेत्र में विभागीय कार्यों में संलग्न मजदूरों और वन अमले को शासन स्तर पर समय-समय पर दिए गये समस्त दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया।

ज्ञात हो कि सोमवार को मुख्य वन संरक्षक दुर्ग वन वृत्त, दुर्ग श्रीमती शालिनी रैना, भा.व.से. द्वारा कवर्धा वन मंडल का दौरा किया गया। उनके द्वारा चिल्फी डिपो में नीलामी कार्य संपन्न करवाया गया। लॉकडाउन के बाद यह वन विभाग कवर्धा द्वारा पहली नीलामी थी। इस नीलामी में रुपए 1.54 करोड़ के अपसेट प्राइस के विरुद्ध रुपए 1.69 करोड़ के साल, सागौन, धावड़ा, तिंसा, बीजा साल, हल्दु, अन्य मिश्रित प्रजातियां, आदि के 253 लॉट की नीलामी की गई, जोकि अपसेट प्राइस से 9.8 प्रतिशत ज्यादा है। शासन को वन विभाग से कोविड-19 के महामारी की अवधि

में मिला यह राजस्व बहुत महत्व रखता है। राजानवागांव के पास 2017- 2018 में करवाए गए सँकरी नदी तट रोपण 20 है. विभागीय मद कार्य का निरीक्षण किया गया। शासन द्वारा विभागीय मद से पोषित वर्षा ऋतु में होने वाले 9.50 है. सँकरी नदी तट रोपण की क्षेत्रीय तैयारी का, पंचदेव मंदिर वृक्षारोपण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। बोड़ला स्थित शहद प्रसंस्करण केंद्र का निरीक्षण किया। लघु वनोपज से संबंधित वन धन योजना के अंतर्गत जिला यूनियन कवर्धा के शहद संग्रह के लक्ष्य 65 क्विंटल के एवज में अब तक विभाग ने 100 क्विंटल से ज्यादा शहद का संग्रह तथा 25 क्विंटल से ज्यादा शहद का इस प्रसंस्करण केंद्र पर वैल्यू एडिशन करते हुए प्रसंस्करण कर लिया है। मुख्य वन संरक्षक ने अपने दौरा के दौरान बोडला में मनरेगा से निशुल्क वितरण हेतु पौधा की नर्सरी तैयारी देखी तथा आगामी 25 जून से मुनगा के पौधा स्कूलों और विद्यालयों में पांच पौधा प्रति स्कूल, कम से कम वितरित करने हेतु कार्य रणनीति बनाने बाबत निर्देशित किया। वन-धन योजना अंतर्गत लघु वनोपज के क्रय एवं संग्रहण से संबंधित हाट बाजार तथा प्राथमिक प्रसंस्करण के लिए प्रस्तावित वन-धन केंद्र स्थल का निरीक्षण किया। लालपुर स्थित नर्सरी में पौधा प्रदाय योजना अंतर्गत 75000 पौधा तथा मनरेगा मद से निशुल्क वितरण हेतु 50000 पौधा तैयारी (मिश्रित प्रजातियां) का निरीक्षण किया। वर्षा ऋतु 2020 में वन महोत्सव के दौरान होने वाले वृक्षारोपण में तथा एफ आर ए क्लस्टर में होने वाले वृक्षारोपण में लगने वाले बांस से बने ट्री गार्ड का निर्माण कार्य बंसोड तथा स्व सहायता समूह के माध्यम से होते हुए देखा तथा कारीगरों को समझाइश दी।

मूसलाधार बारिश से निचली बस्तियां जलमग्न

नव प्रदेश संवाददाता

कोरबा। मानसून के सक्रिय होने के साथ जून के पखवाड़े में पिछली रात हुई बारिश ने लोगों को परेशान किया तो सरकारी तंत्र के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी। लगभग 5 घंटे जमकर हुई बारिश ने हर तरफअपनी उपस्थिति दर्ज करायी। इस दौरान कई इलाकों में पानी घुस गया। लोगों को रतजगा करने की मजबूरी झेलनी पड़ी। मिनीमाता कॉलेज के पास जलप्लावन के कारण बाइक सवार दो युवक नाले में डूबने से बचे। जबकि उनकी बाइक को किसी तरह निकाला गया। मुड़ापार क्षेत्र में सत्या वेंचर्स के परिसर में खड़ी तीन कार तेज बहाव में डूब गई। कई स्थानों पर आपदा नियंत्रण के लिए दीवारों को तोडऩा पड़ा।

गर्मी में पानी की किल्लत से जूझ रहे लोग अब पानी की अधिकता से दिक्कतों में है। जून में पहले कभी इस तरह के हालात से उनका सामना नहीं हुआ, जैसा की अब हुआ। समय से पहले मानसून की केरल में प्रवेश और छत्तीसगढ़ पहुंचने के साथ उसके तेवर ने लोगों को परेशान किया। मानसून की पहली बारिश इतनी धमाकेदार हो सकती है लोगों को इसका एहसास भी नहीं था। मौसम विभाग ने इस बार पूर्वानुमान जिस तरह व्यक्त किया था, उसे लेकर तैयारी जरूर की जा रही थी लेकिन रात को हुई बारिश के आगे यह धरी की धरी रह गई। रात्रि 9 बजे से मूसलाधार बारिश का क्रम जो शुरू हुआ तो रात दो बजे जाकर थमा। इतनी अवधी में आसमान से गिरे पानी ने कोरबा नगर के साथ-साथ उपनगरीय क्षेत्रों,कस्बो और ग्रामीण क्षेत्रों में जैसे हाहाकार मचा दिया। जिन क्षेत्रों में पानी को बहने का रास्ता मिला, वहां तो सबकुछ ठीक था लेकिन अनियोजित विकास और निचले इलाकों में कुल मिलाकर पानी ने समस्याएं पैदा कर दी। बारिश की आहट से लोगों ने भले ही अपने स्तर पर खुद को सावधान कर रखा था लेकिन उनकी नींद लग पाती इससे पूर्व आसमान से हो रही गर्जना और तेज बारिश ने उनके सामने यह विकल्प दे दिया कि वे आज जागरण करें। कुछ घंटे बाद विभिन्न क्षेत्रों से अजीबोगरीब तस्वीरें सामने आने लगी। किसी आवासीय परिसर में पानी घुस चुका तो अनेक घरों को उसने अपने कब्जे में ले लिया। लोग खुद को बचाते या सामान को, यह तय करना काफी मुश्किल हो रहा था। लोगों को देर रात दो बजे के बाद थोड़ी राहत मिली, जब बारिश का क्रम कुछ कम हुआ। इस दौरान लोगों ने पानी को बाहर करने की जुगत जमाई। मानिकपुर क्षेत्र में कई घरों में पानी भर जाने के कारण निगम द्वारा लोगों को सावधान किया जाता रहा।

इतनी बारिश की तालाब लबालब

लोगों के लिए अपने तरह का पहला अनुभव रहा कि मानसून की पहली बारिश में मुड़ापार का तालाब लबालब हो गया। इसमें आसमान से हुई बारिश के अलावा विभिन्न क्षेत्रों का पानी शामिल है। मुड़ापार रिहाइसी क्षेत्र में कई स्थानों पर भरे पानी को निकालने के लिए उसका रूख तालाब की तरफकिया गया। मारूति कार के यार्ड सत्या वेंचर्स में घुसे पानी के कारण स्थिति अजीब हो गई। इस दौरान वहां बाउंड्रीवाल का एक हिस्सा तोडऩा पड़ा। इस चक्कर में तीन कार डूब गई। इसके ठीक उलटे तालाब में पानी का दबाव अधिक होने से नमनविहार की दिशा में तालाब का एक तटबंध टूट गया। जबकि पानी को आसानी से निकालने के लिए यहां अतिरिक्त प्रयास भी करने पड़े।

तैरते दिखे सामान, कई जगहों पर मकान टूटे

बरसात का तांडव कितना जबरदस्त रहा, इसका पता इस बात से चलता है कि उसकी जद में आने से सीतामणी, इमलीडुग्गू, मुड़ापार, चिमनीभट्ठा, वैष्णो दरबार मोहल्ला, संजयनगर, रामनगर, कलमीडूग्गु, दादर सहित कुसमुंडा और बांकीक्षेत्र में कई कच्चे मकान या तो टूट गए या जमींदोज हो गए। गनीमत यह रही कि लोग बारिश के दौरान सतर्क थे। इसलिए वे अनहोनी से खुद को बचाने में सफल रहे। कई स्थानों पर घरों के भीतर कई फीट पानी प्रवेश कर गया। इसमें सामान तैरते हुए नजर आये। लोगों के बिस्तर से लेकर कई जरूरी सामान बारिश की भेंट चढ़ें है।

तैराकी नहीं आती थी, फंसे मुश्किल में

बारिश कितनी जोर की थी इसका अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि कोरबा के बुधवारी - घंटाघर मार्ग पर मिनीमाता कॉलेज के पहले स्थित नाला इस बारिश में फिर से ओव्हरफ्लो हो गया। पिछले कई वर्षो से ऐसे हालात बारिश के दौरान यहां बनते रहे हैं। बताया गया कि रात को तेज वर्षा के बावजूद दो युवक बाइक से रास्ते को पार कर रहे थे। पानी के दबाव ने उन्हें उलझा दिया। दोनों बाइक से गिर पड़े। तैराकी के मामले में जीरो दोनों युवकों ने खुद को किसी तरह बचाया लेकिन उनकी बाइक नाला में बहते हुए आगे बह गई। नगर निगम के द्वारा आनन फानन में सर्चलाइट और मशीनरी की व्यवस्था कर आपदा राहत कार्य शुरू किया गया। तब ये दोनों बाइक यहां से निकाली जा सकी।

गंदगी हटने के साथ समस्या, खोज रहे हल

रात्रि को विभिन्न क्षेत्रों में तेज बारिश के कारण पेश आयी समस्याओं की जानकारी मिलने पर नगर निगम आयुक्त और अधिकारी हरकत में आये। सर्वाधिक समस्याग्रस्त वाले क्षेत्रों में तत्काल बचाव कार्य शुरू कराया गया। कोसाबाड़ी जोन के सहायक अभियंता एनके नाथ ने बताया कि पावर हाईट के पास नाले में ओव्हरफ्लो होने से दो बाइक बहने से बची। एक स्थान से जेसीबी के जरिये इन्हें निकाला गया। बताया गया कि पहले से जमा गंदगी पहली बारिश के साथ आगे बढ़ती है इसलिए भी समस्याएं होती है। इसका स्थाई हल तलाशने का काम किया जा रहा है।

अज्ञात व्यक्ति को पहुंचाया थाना, जांच जारी

कवर्धा। रविवार और सोमवार की मध्य रात्रि लगभग 01:15 बजे जिला कबीरधाम थाना पिपरिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दलपुरवा में एक अज्ञात व्यक्ति घुम रहा है, जिसे गांव वालो ने पकड़ के रखे है। सूचना पर डायल 112 की टीम-पिपरिया पैंथर 2 तत्काल मौके पर पहुँचकर, उक्त व्यक्ति से पुछताछ करने पर अपना नाम व पता गौतम नेताम पिता सिद्धि शंकर उम्र 30 वर्ष निवासी आदर्श नगर कवर्धा का होना बताया। जो मौके पर कोई भी पहचान पत्र नही रखा था। जिसे अग्रिम कार्यवाही हेतु लाकर थाना के सुपुर्द किया गया। इस कार्यवाही में आरक्षक 518 हीरा पांडेय, आरक्षक 750 वीरेन्द्र चन्द्रवंशी एवं चालक पोषण निर्मलकर का सराहनीय योगदान रहा।

कलेक्टर ने भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना का निरीक्षण किया

कवर्धा। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के प्रबंध निदेशक और सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया के प्रबंध निदेशक का शक्कर कारखाना के गुणवत्तापूर्ण संचालन तथा किसानों के हित को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में कारखाना के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा में पेराई सीजन 2020-21 प्रारंभ होने से पूर्व तैयारियों का जायजा लेने के लिए कबीरधाम जिले के कलेक्टर एवं प्राधि.त अधिकारी रमेश कुमार शर्मा द्वारा मंगलवार को भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा का भ्रमण कर कारखाना प्रबंधन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक लेकर आगामी पेराई सीजन 2020-21 प्रारंभ होने के पूर्व तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर द्वारा गन्ना किसानां को अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया तथा कारखाना प्रबंधन के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि गन्ना विक्रेता किसानों को गन्ना आपूर्ति पर्ची जारी करने से लेकर तौल तक एस.एम.एस. की सुविधा उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने पेराई सीजन के दौरान कारखाना में अचानक ब्रेक डाउन होने अथवा कारखाना बंद होने की स्थिति में .षकों को कोटवार के माध्यम से मुनादी कराकर जानकारी देने के साथ-साथ ही एस.एम.एस. के माध्यम से भी सूचना देने हेतु कारखाना प्रबंधन को निर्देश दिये गये। समीक्षा बैठक के दौरान नवपदस्थ प्राधि.त अधिकारी के द्वारा समीक्षा बैठक के दौरान कारखाना के मैन्टेनेन्स कार्यो की प्रगति, गन्ना क्षेत्र सर्वेक्षण की प्रगति, गोदाम में शक्कर भण्डाण एवं शक्कर के उचित रख-रखाव एवं विक्रय तथा किसानो को भुगतान की प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई। बैठक में अनुभागीय अधिकारी राजस्व बोड़ला विनय कुमार सोनी, कारखाना के प्रबंध संचालक भूपेन्द्र कुमार ठाकुर, दिलिप जायसवाल, डी.सी. गोटिया एवं .ष्ण कुमार यादव विशेष रूप से उपस्थित थे।

पहाड़ी गुफा सिपाही लाल का नए आशियाना

नव प्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर /मनेन्द्रगढ़। मनेंद्रगढ़ में एक ऐसा शख्स है जो पिछले करीब आठ वर्षो से क्षेत्र के प्रमुख आस्था स्थल सिद्धबाबा पहाड़ी के नीचे गुफाओं में आशियाना बनाकर दिन काट रहा है। फिर भी इसकी जानकारी जिले के अधिकारियों को नही हुई वही उसके पास अपना कोई पहचान पत्र नहीं होने की वजह से उसे शासन की किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।जब कि इंसान को रहने और अपना सिर ढकने के लिए एक छत की जरूरत होती है। इसके लिए वह कोई न कोई इंतजाम कर ही लेता है। कोई झोपड़ी डालकर अपना घर बना लेता है तो कोई पहाड़ी गुफाओं को ही अपने रहने की जगह तलाश लेता है।जब कि आज के युग मे यदि कोई पहाड़ो के गुफा में रह रहा हो तो यह जरूर सुनने में आश्चर्यजनक हैं ।

मिली जानकारी अनुसार वर्ष 1995 में सीधी (मप्र) से मनेंद्रगढ़ पहुंचे 45 वर्षीय सिपाही लाल पिता जगदीश सिंह ने शुरूआत में जीवनयापन के लिए शहर के एक होटल में पांच सालों तक काम किया और होटल ही उसका ठौर-ठिकाना बना रहा। इसके बाद उसने होटल छोड़ दिया और सहर में कही भी व्यवस्था देखकर रुक जाता किन्तु एक दिन किसी ने उसे डॉट दिया जिससे वह अब सहर के बजाय पहाड़ की गुफा को ही अपना आशियाना बना लिया जो कि सिद्धबाबा के जंगल में विगत आठ वर्षो से रह रहा है पिछले आठ सालों से वह पहाड़ के नीचे गुफा में पनाह लिए हुए है। पीने के लिए पानी उसे गुफा के समीप बहने वाले झरने से मिल जाता है वहीं भोजन के लिए अपनी जान को खतरे में डालकर सिद्धबाबा पहाड़ी के नीचे बने मुहाड़ा में से एक-दो बोरी कोयला निकालकर बेच लेता है। जगदीश के पास न तो आधार कार्ड है और न ही उसका राशन कार्ड बना है। इस वजह से उसे शासन की किसी भी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है।

मेरा कोई नहीं

कुछ दिनों तक दुकानों की शेड के नीचे और लोगों के घरों के चबूतरों के आसपास रहा, जब इस पर भी लोगों को आपत्ति होने लगी तो सिद्धबाबा की पहाड़ी के शरण में चला आया। उसने बताया कि वह पहाड़ी के नीचे गुफा में रहता है। यहीं खाना बनाता-खाता और सोता है। सिद्धबाबा में अक्सर भालुओं को लेकर दहशत का वातावरण रहता है, उससे जब यह सवाल किया गया कि उसे जंगली जानवरों और बरसात में जहरीले जीव-जंतुओं से कोई भय नहीं लगता, इस पर उसने कहा कि जंगली जानवर गुफा के ऊपर तक आते हैं, लेकिन आज तक अंदर नहीं आए। उसने कहा कि लंबे समय से अकेले गुफा में रहने की वजह से उसे इसकी आदत पड़ गई है और अब उसे यहां कोई भय नहीं सताता वही ठंड के दिनों में वह गुफा के और भी अंदर चला जाता हैं जिससे उसे वहां ठंड का अहसास भी नही होता ।

विधायक कमरो ने आवास उपलब्ध कराने दिया आदेश

भरतपुर-सोनहत छेत्र के विधायक गुलाब कमरो के संज्ञान में जैसे ही यह बात आई कि एक शख्स अपनी जान को खतरे में डालकर पहाड़ी गुफा में गुजर-बसर कर रहा है। जहा संवेदनशीलता दिखाते हुए उन्होंने तत्काल मनेंद्रगढ़ एसडीएम आर पी चौहान से उसके रहने की व्यवस्था करने का आदेश दिया। साथ ही कहा कि आधार और राशन कार्ड बनवाने के साथ ही उसे शासन की सभी महती योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।

■ न्यूज गैलरी

केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर गागड़ा पहुंचे भद्रकाली

बीजापुर। भाजपा के कद्दावर नेता पूर्व मंत्री महेश गागड़ा की तूफानी दौरा,भैरमगढ़, कुटरू के बाद भाजपा जिला इकाई के साथ पहुंचे भद्रकाली। भद्रकाली मंदिर में मां भद्रकाली का दर्शन कर मंडल की ली बैठक। बैठक के बाद भद्रकाली में जन जन से मिले। पूर्व मंत्री गागड़ा एवं जिलाध्यक्ष मुदलियार। भद्रकाली जनसंपर्क अभियान के दौरान वर्तमान की मोदी केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक उपलब्धियां, योजनाओं को भद्रकाली की जनता से कराया अवगत। जनसंपर्क अभियान के दौरान पूर्व मंत्री गागड़ा के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष घासी राम नाग जिला महामंत्री गोपाल सिंह पवार, सदाशिव आलसा, भोपालपटनम मंडल अध्यक्ष, वेंकट यलाम, गिरिजा शंकर तामडी, राकेश केतारफ मीडिया प्रभारी भाजपा अरविंद पुजारी रहे मौजूद।

नाट्य समीक्षा अध्ययन के लिए डॉ. परवीन अख्तर का चयन

काँकेर/अंतागढ़। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय दिल्ली द्वारा आयोजित थियेटर एप्रीशेयसन कोर्स के लिए डॉ. परवीन अख्तर का चयन हुआ है।15 जून से 27 जून तक आयोजित ऑनलाइन कोर्स में देश से प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। वर्तमान में फरसगाँव के आदर्श हाई स्कूल में प्रधान अध्यापक के पद पर कार्यरत डॉ.परवीन अख्तर समकालीन हिंदी रंग परिदृश्य और डॉ. सुरेश शुक्ला चंद्र पर पीएचडी की डिग्री प्राप्त कर चुकी है। समकालीन हिंदी नाट्य परिदृश्य पर उनकी एक किताब भी प्रकाशित हो चुकी है। वे उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी द्वारा प्रकाशित राष्ट्रीय पत्रिका छायानट में समीक्षात्मक लेखन का प्रकाशन व समसामयिक घटनाओं पर लघु नाटकों का लेखन व रंग निर्देशन में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

केनापारा केज में 56 हजार पंगेशियस फिंगरलिंग बीज का किया गया संचयन

सूरजपुर। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के निर्देषन एवं मत्स्य पालन अधिकारी के मार्गदर्षन में जिले में मत्स्य पालन का कार्य सफल रूप से किया जा रहा है। इसी संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार कोयरी क्रमांक 06 केनापारा में निर्मित केज को 10 वर्ष के लिये मछली पालन हेतु स्थानीय महामाया मछुआरा समूह ग्राम पंचायत तेलईकछार को दिया गया है समूह के द्वारा वर्ष 2020-21 के लिए 04 जून 2020 को 56 हजार नग पंगेषियस फिंगरलिंग मत्स्य बीज का 02 नर्सरीकेज में क्रय कर संचयन किया गया है। जिसे एक माह थोड़ा बढ़ जाने पर 20 केज में बराबर मात्रा में संचयन किया जावेगा। शेष 10 केज में मोनोसेक्स तिलापिया मछली का बीज माह जुलाई में क्रय कर संचयन किया जावेगा। मछलियों को खिलाने के लिये 05 टन मत्स्य आहार भी समूह के द्वारा क्रय किया गया है।

नियमों की अनदेखी करने वालों पर जिला प्रशासन का दल कर रहा निरंतर कार्यवाही

सूरजपुर। जिले मे कोरोना महामारी से बचाव के लिए जिला प्रषासन निरंतर कार्य कर रही है। जिले मे लॉकडाउन को प्रभावी बनाने के लिए कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के निर्देषन मे नियमों का उलंघन करने वालों पर दण्डात्मक कार्यवाही की जा रही है, जिसमें सार्वजनिक स्थानों मे बिना मास्क लगायेपाये जाने पर, नियमों के विरूद्ध बिना अनुमति दुकान खोलने वालों पर प्रषासन के दल द्वारा कार्यवाही करतें हुए जुर्माना वसूला जा रहा है। इसी संबंध मे अपर कलेक्टर श्री एस.एन.मोटवानी से प्राप्त जानकारी अनुसार अबतक नियमों का उलंघन करते पाये गये 939 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही में दो लाख 23 हजार 550 रूपये जुर्माना वसूली किया गया है। इसमे सार्वजनिक स्थानों पर बिना मास्क लगायेपाये जाने पर 800 व्यक्तियों पर 95 हजार जुर्माना एवं नियम विरूद्ध दुकान खोलने पर 139 संचालाको से 1 लाख 28 हजार 550 रूपये जुर्माना वसूल किया गया है, और सभी नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने समझाईस भी दिया गया है। गौरतलब है की 1 जून 2020 से लॉकडाउन को बदल कर अनलॉक 01 लागू किया गया है जिसमें लोग भारी संख्या में घर से निकल रहें हैं ऐसे में सुरक्षा उपायों का पालन न करना बड़े खतरे को आमंत्रण देता दिखाई पड़ता है।

कुंए का रहस्य

चटाई पारा का छोटा सा कुँआ मामूली बारिश में भी छलछला उठा, लोगों में कौतूहल बना यह राज

■ आम जनता है परेशान

रवि कुमार दुर्गा

किरंदुल (नवप्रदेश) । आपने सुना है कि बड़े बड़े नदी तालाबो में बारिश के होने उफान उठने लगता है लेकिन आपने ये कभी नहीं सुना होगा की एक छोटे से कुएं से भी एक दिन की बारिश से उफान उठ सकता हैं। जी हाँ यह घटना है नगर के वार्ड क्रमांक 15 चटाई पारा स्थित जिस पर मोहल्ले के सभी लोग अपनी दैनिक रोजमर्रा के लिये निर्भर रहते हैं ये वह कुँआ हैं। ये कुँआ चारो ओर से बाउंड्री से घिरा हुआ हैं जिस वजह से मोहल्ले में बनी नालियों से बहता पानी बारिश होने की वजह से गंदगी को बहाकर इस कुँए की पानी में आकर सम्मिलित हो जाती हैं और आस पास के क्षेत्र को भी गंदगी कर देती हैं। जिसके चलतें इन दिनों हो रही बारिश से मोहल्लेवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं।

मोहल्लेवासियों का कहना है कि वार्ड पार्षद सिर्फआते हैं और काम हो जाएगा कहकर आश्वासन देकर चले जाते हैं । लेकिन आज तक इसको लेकर कोई निराकरण नहीं हुआ हैं वही कुँए की चारो भरी हुई पानी को निकालने वार्ड वासी मिलकर अपना श्रम दान दिया तत्पश्चात नगर पालिका के सफाई कर्मचारी भी पहुँचकर संयुक्त रूप से मिलकर उस कुँए की साफ सफाई किया गया। ज्ञात हो की इस कुँए में चटाई पारा के सभी लोग निर्भर रहते हैं लेकिन इसके निराकरण करने व सूद लेने अब तक प्रशासन के द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाई गई हैं।

> जैसे ही बारिश छूटती है मैं उस स्थल की मुहैना कर सप्ताह भर के भीतर समस्याओं को दुरुस्त करने अपशिष्ट जल निकासी के लिये नाली निर्माण की कार्य शुरू की जायेगी ।
>
> **संतोष नेगी,** नगर पालिका उप-अभियंता

कमरे का जीर्णोद्धार और टीन शेड के नाम पर भारी भ्रष्टाचार

नवप्रदेश संवाददाता

सक्ती। मामला सक्ती जनपद पंचायत का है सक्ती जनपद पंचायत में जनपद पंचायत के टॉप छत पर टीन शेड का निर्माण हुआ है वही मनरेगा शाखा के बगल में एक कमरे का जीर्णोद्धार किया गया है यह काम बिना निविदा और वर्क आर्डर के बिना पूर्ण हो गया बतलाया जाता है जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आजकल एक अपने चहेते ठेकेदार पर काफी मेहरबान है जनपद के सामने एक टीन शेड का निर्माण हुआ जिसे अपने चहेते ठेकेदार को काम देकर सवालों के घेरे में आए थे यह काम 6 लाख 28 हज़ार के आसपास का था लेकिन सूचना के अधिकार में जनपद सीईओ द्वारा इसे चार लाख का बतलाया गया यह मामला शांत भी नहीं हो पाया था की एक नया मामला उजागर हो गया जिसमें जनपद के टॉप छत पर टीन शेड निर्माण एवं एक कमरे का जीर्णोद्धार का कार्य लागत 4 लाख 80 हज़ार फिर से उसी चाहते ठेकेदार को दे दिया गया बतलाया जाता है इसका भी ना तो निविदा जारी किया गया नहीं वर्क ऑर्डर ठेकेदार ने 30 बाई 30 का टीन शेड का निर्माण तो करा दिया और मजे की बात इस 30 बाई 30 के शेड में लगभग ढाई लाख के पाइप भी लग गए लेकिन सूत्रों का कहना है की जिस प्रकार से स्टीमेट बना उस हिसाब से कार्य करना था वह भी नहीं हो पाया और लाखों रुपए का गबन यहां भी सामने आ गया टीन शेड में जो पाइप लगे हैं वह मानक स्तर के नहीं हैं वही कमरे का जीर्णोद्धार जो हुआ है उसमें पहले बरसात में ही पानी रिसने लगे हैं कमरा का हाल बेहाल है कर्मचारी दबी जुबान पर यह बात भी कह रहे हैं कि क्या मतलब लाखों रुपए खर्च करके सक्ती जनपद पर कई मामले में लगातार समाचार प्रकाशित हो रहे हैं लेकिन किसी भी उच्च अधिकारी का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है जिसके कारण जनपद सीईओ सक्ती का मनोबल और भी बढ़ता जा रहा है अब तो किसी भी प्रकार की समस्या से संबंधित प्रश्न पूछने पर भी वह जवाब देना भी उचित नहीं समझते वही निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी लेना कोई चाहता है तो उसे बताना भी लाजमी नहीं समझते वैसे जनपद का अगर हाल जानना है तो चुनाव से पहले जितनी भी राशि आहरण हुई है उस पर अगर नजर डालें तो मामला खुद-ब-खुद सामने आ जाएगा जहां 14वें वित्त की राशि लेने के लिए सरपंचों और सचिवों की लाइन लगी रहती थी और जो अधिकारी कर्मचारी कार्यालयीन दिवस पर नजर नहीं आते वह रविवार को भी नजर आते थे बहरहाल सक्ती जनपद में अगर यूं ही चलता रहा तो रोज रोज नए मामले सामने आते रहेंगे।

> जिस उद्देश्य से ऊपर का टीना एवं कमरे का जीर्णोद्धार किया गया था वह हो गया है उसमें कुछ कमी है जिसके लिए संजय अग्रवाल द्वारा रिपेयर कराया जा रहा है उसे एक 1 फीट और बढ़ाने के लिए कहा गया है।
>
> **आर एस साहू,** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सक्ती

शीघ्र शुरू होगा सड़क चौड़ीकरण का कार्य

कांकेर। कांकेर शहर से गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण का कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। विधायक कांकेर श्री शिशुपाल शोरी, मुख्यमंत्री के संसदीय सलाहकार श्री राजेश तिवारी, कलेक्टर श्री के.एल. चौहान, पुलिस अधीक्षक श्री एम.आर. अहीरे और नगर पालिका कांकेर के पूर्व अध्यक्ष श्री जितेन्द्र सिंह ठाकुर ने आज जिले के आला अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ सड़क चौड़ीकरण के लिए स्थल का निरीक्षण किया एवं राष्ट्रीय राजमार्ग, विद्युत विभाग और नगर पालिका के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उनके द्वारा ऊपर-नीचे सड़क से लेकर दूध नदी तक सड़क का पैदल निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण कर सीसी रोड निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए राज्य शासन द्वारा तीन करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार गौरव पथ निर्माण के लिए भी दो करोड़ रूपये स्वीकृत किये गये हैं। सड़क चौड़ीकरण के लिए 40 से 50 विद्युत पोल तथा पॉच ट्रॉसफार्मर और तीन पाईप लाईन चेम्बर को शिफ्ट किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिए विद्युत विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है। सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित व्यक्तियों की सहमति भी ली जा रही है। राज परिवार के सदस्यों द्वारा सड़क किनारे के पुराने दीवार को तोड़ने की सहमति प्रदान की गई है। इसी प्रकार अन्य व्यक्तियों द्वारा भी सहमति प्रदान की जा रही है, जिसके बदले में उनका यथोचित व्यवस्थापन किया जाएगा।

वनोपज बनेगा आय का जरिया

कांकेर। लघु वनोपज हर्रा, बेहड़ा, ऑवला, चार, लाख, महुआ इत्यादि ग्रामीणों की आय का बेहतर जरिया बनेगा, वनोपज के संस्करण के लिए कांकेर विकासखण्ड के मर्दापुटी कल्स्टर के ग्राम ईच्छापुर में प्रसंस्करण के लिए मशीन लगाया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को लघु वनोपज के प्रसंस्करण से रोजगार प्राप्त होगा। विधायक श्री शिशुपाल शोरी, मुख्यमंत्री के संसदीय सलाहकार श्री राजेश तिवारी, कलेक्टर श्री के.एल. चौहान और वन मण्डलाधिकारी श्री अरविन्द पीएम आज ग्राम ईच्छापुर पहुंचे थे, जहां उन्होंने ग्रामीणों की बैठक ली और उन्हें वनोपज से होने वाले फायदों से अवगत कराते हुए कहा कि जंगल को बचायें और उसे संरक्षित करें। वनोपज के संग्रहण से उनके जीवन में खुशहाली आयेगी। लघु वनोपज के प्रसंस्करण के लिए ग्राम ईच्छापुर में हर्रा प्रसंस्करण मशीन लगाया जाएगा, जिसमें युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि अॅचल के जंगलों का सर्वे कर वनोपज से संबंधित वृक्षों का चिन्हांकन करें और जहां जरूरत हो वहां पर हर्रा, बेहड़ा, ऑवला, महुआ, कुसुम, बांस इत्यादि पौधों का रोपण करें। उन्होंने जंगल को बचाने की अपील करते हुए कहा कि इससे पर्यावरण संरक्षित होगा और लघु वनोपज के विक्रय से लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने किसानों को भी अपने खेत के मेड़ों में लघु वनोपज से संबंधित पौधे लगाने की अपील किया, पौधे वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। ईच्छापुर के सभी 135 घरों के बाड़ी में सब्जी लगाने के लिए निःशुल्क बीज उपलब्ध कराया जाएगा, इसके अलावा मुनगा और बेर के पौधे भी दिये जाएंगे। नदी के किनारे नर्सरी तैयार की जाएगी, जिसकी देखभाल ग्रामीणों के द्वारा किया जाएगा।

पीएम किसान सम्मान निधि का शतप्रतिशत किसानों को मिले लाभ : कलेक्टर शर्मा

सूरजपुर। आज कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने जिला पंचायत सीईओ श्री आकाष छिकारा एवं अपर कलेक्टर श्री एस.एन.मोटवानी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक लेकर छत्तीसगढ़ शासन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग के निर्देषानुसार जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत लाभांवित होने वाले किसानों की ऑनलाईन प्रविष्टि की विकासखंडवार समीक्षा की।

कलेक्टर श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत अबतक किये गये ऑनलाईन प्रविष्टि एवं शेष किसानों की प्रविष्टि की जानकारी लेते हुए शत्प्रतिषत् एंट्री करने के निर्देष दिये। उन्होंनें इस कार्य के लिए कृषि विभाग के अनुविभागिय अधिकारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को किसानों से संपर्क कर लक्ष्य अनुरूप कार्य पूर्ण करने कहा। इसमें जिन किसानों के दस्तावेजोंमें त्रुटि पाये जाने पर आवेदन रिजेक्ट कर दिया गया है, उनका सत्यापन कर आवष्यकदस्तावेज लेकर आवेदन सुधार कर लाभ दिलाये जाने निर्देष दिया है।

फसलों को बचाने 'रोका-छेका' कार्यक्रम 19 से शुरू

■ गौठानों में होंगे विविध कार्यक्रम

■ विभिन्न विभागों द्वारा लगाये जायेंगे शिविर

कोरबा। किसानों के अथक परिश्रम से उगायी जाने वाली धान की फसल को पषुओं की चराई से बचाने के लिए ग्राम पंचायतों में 19 जून से रोका-छेका व्यवस्था करने के लिए बैठक की जा रही है। इसी दिन गौठानों में विभिन्न विभागों द्वारा षिविर लगाकर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

कोरबा जिले के ग्राम गौठानों में 19 जून को खेतों की फसलों को चराई से बचाने के लिए, गौठानों को आजीविका संवर्धन केन्द्र बनाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत करने के लिए विभिन्नि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग व कृषि विभाग, पषु पालन, मत्स्य पालन आदि विभागों के द्वारा गौठानों में षिविर एवं स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा बनाई गई सामग्री का प्रदर्षन किया जायेगा। गांव में रोका छेका की व्यवस्था करने बैठक भी आयोजित की जायेगी जिसमें पंच,सरपंच,जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी तथा चरवाहे शामिल होंगे।

श्री कुंदन कुमार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि शासन की महत्वाकांक्षी ग्राम सुराजी योजना नरूवा, गरूवा, घुरवा, एवं बाड़ी के सुचारू क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर कोरबा द्वारा विषेष प्रयास किये जा रहे है। इसी कड़ी में 19 जून को कलेक्टर कोरबा के मार्गदर्षन में गौठानों में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों एवं फील्ड के अमले को आवष्यक तैयारी करने के निर्देष दिये है।

देबाशीष पॉल ने अब तक किया 54 बार रक्तदान

डीएम सोनी

बचेली (नवप्रदेश)। लौहनगरी बचेली अब तक 54 जी नही ये कोई फ़िल्म का टाइटल नही है। हां नानापटेकर की अब तक 56 फ़िल्म के टाइटल से मेल जरूर खाता है। चलिए मुद्दे पे आते है आपको बता दे कि बचेली के एनएमडीसी सीएसआर में कार्यरत देबाशीष पॉल अब तक 54 बार रक्तदान कर लोगो का जीवन बचा चुके है। ये हम सभी लौहनगरी वासियो के लिए गौरव की बात है कि हमारे बीच एक ऐसा शख्स है जो बिना किसी प्रचार प्रसार के अब तक 54 बार रक्तदान कर कई लोगो के प्राण बचा चुका है।

इस शख्स की उम्र भी 55 वर्ष है। इतनी बार रक्तदान करने के पश्चात फिटनेस जस की तस कुछ दोस्त तो इनका मजाक भी उड़ाते है कि इस उम्र में भी देबाशीष पॉल 30 की उम्र के लोगो को टक्कर देते है। इनके पुत्र साईराज पॉल भी पिता के इस नेक कार्य से प्रभावित होकर कई बार रक्तदान कर चुके है। आपको बता दे हाल ही में देबाशीष पॉल को रक्तवीर भामाशाह उपाधि से सम्मानित किया गया है जो लौहनगरी वासियो के लिए गौरवपूर्ण विषय है।

आइये इस शख्स के बारे में जानते है।

प्रश्न - आप ने पहली बार कब रक्त दान किया था ?

देबाशीष - मैंने पहली बार रक्तदान 8 वीं कक्षा में पढ़ाई के दौरान दिया था।

प्रश्न - किससे प्रेरित होकर आपने रक्तदान किया था ?

देबाशीष - उस वक्त के डॉक्टर ब्रम्हा एवं डाक्टर कामरा रक्तदान हेतु युवाओ को प्रेरित किया करते थे। उस वक्त के साथी विक्रम को रक्तदान करता देख मेरे मन मे भी रक्तदान की इक्षा जागी थी।

प्रश्न - पहली बार रक्तदान के दौरान आपका अनुभव कैसा रहा ?

देबाशीष - पहले-पहल डर लग रहा था, लेकिन यह प्रक्रिया इतनी सहज थी कि सारा डर दूर हो गया। बस इसके बाद से रक्तदान का जो क्रम शुरू हुआ, वह आज तक चल रहा है।

प्रश्न - कोई यादगार किस्सा ?

देबाशीष - एक बार का किस्सा है जब मैं हैदराबाद किसी कार्य से परिवार के साथ गया हुआ था तो मेरे परिचित भट्टाचार्य जी अस्पताल में भर्ती थे उन्हें ओ पाजिटिव रक्त की आवश्यकता थी अनजान शहर में उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही थी ब्लड बैंक में ब्लड था परंतु बदले में ब्लड देना पड़ता था। तब मैंने अपना रक्त ए पाजिटिव बदले में देकर उनकी सहायता की थी।

प्रश्न - युवाओ को क्या सन्देश देना चाहते है ?

देबाशीष - यही की इंसान ही इंसान के काम आता है। हम आर्थिक रूप से भले ही किसी की सहायता नही कर सकते परंतु ईश्वर के दिये हुए अनमोल उपहार से किसी पीड़ित की मदद कर सकते है। सभी को रक्तदान अवश्य करना चाहिए एवं दुसरो को रक्तदान हेतु प्रेरित भी करना चाहिए।

प्रश्न - आपको फिटनेस का राज ?

देबाशीष - अच्छी हेल्दी डाइट,जंक फूड से परहेज,एक तनावरहित जीवन शैली एवं किसी भी प्रकार के नशे से परहेज। आजकल की युवा पीढ़ी नशे के मकड़जाल में फसती जा रही है। नशे की में आकर युवा अपने शरीर को नष्ट कर रहे है। तनाव की चरम में पंहुच चुके ऐसे युवाओ को इस नशे से बचकर लोगो की किसी ना किसी रूप में मदद करनी चाहिए उससे एक मकसद भी मिलेगा जिससे जीवन जीने में आसानी होगी।

सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक अब 25 जून को

कांकेर। जिला पंचायत कांकेर के सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक अब 25 जून को आयोजित किया जाएगा। बैठक पूर्वान्ह 11 बजे से जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री हेमंत कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में आयोजित होगी, उसके बाद सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी संबंधितों को उपस्थित होने कहा गया है। उल्लेखनीय है कि उक्त बैठक 19 जून को आयोजित होना था, जिसमें संशोधन किया गया है।

नरहरपुर विकासखण्ड के नवीन ग्राम पंचायतों में उचित मूल्य दुकानों के संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित

कांकेर। विकासखण्ड नरहरपुर के अंतर्गत 05 नवगठित ग्राम पंचायतों कोचवाही, नावडबरी, सारंण्डा, गंवरसिल्ली, हटकाचारामा में और ग्राम पंचायत भनसुली में शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए वृहत्ताकार आदिम जाति बहुद्देशीय सहकारी समिति लेम्पस, ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, वन सुरक्षा समिति, कृषि साख समितियॉ एवं अन्य सहकारी समितियों से जो शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालित करने की इच्छुक हों, से निर्धारित प्रारूप में 30 जून तक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय कांकेर में आवेदन आमंत्रित किया गया है।

ग्राम पंचायतों में रोका-छेका कार्यक्रम को तिहार की तरह मनाएं : कलेक्टर

■ गौठानों में 30 जून तक मुर्गी शेड़ बनाने के निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। साप्ताहिक समय सीमा की बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री के.एल. चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने समीक्षा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन जिले के पहुंचविहिन गांवो तक पहुंचाई जाए। उन्होंने वनाधिकार पट्टा, विशेष ग्राम सभा का आयोजन, धान खरीदी केन्द्रों में चबुतरा निर्माण, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, मुर्गी शेड़ निर्माण कार्यां का समीक्षा किया। जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में 19 जून को रोका-छेका कार्यक्रम को तिहार के रूप में मनाये जाने के निर्देश दिये।

जिले में 197 गौठानों का निर्माण किया गया है तथा सभी गौठानों के लिए नोडल अधिकारी बनाये जाने के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किये। रोका-छेका तिहार के दिन कला जत्था को योगदान देते हुए बेनर, पोस्टर बनाकर रैली के माध्यम से नारा लगाते हुए गौठान स्थल पहुचकर सभा के रूप मे परिचर्चा किये जाने के लिए निर्देश दिये। उन्होंने गौठान समिति का गठन करने तथा गाय, बैल, भैंस को निर्धारित स्थान में चराने के लिए समिति द्वारा किसानों को समझाईश दी जायेगी, जिससे किसानों का फसल को पशुओं द्वारा नुकसान नहीं होगा। कलेक्टर ने रोका-छेका कार्यक्रम को तिहार के रूप मे मनाये जाने के लिए सभी जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पुख्ता इंतजाम कराने के निर्देश दिये। उन्होंने गौठानों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी गौठानों में मुर्गी शेड, फलदार और छायादार पौधे लगाने तथा स्व-सहायता समूह के सदस्यों को स्वरोजगार दिलाने की व्यवस्था की जाये। कलेक्टर श्री चौहान ने जिले के सभी गौठान समितियों का बैंक खाता खुलवाने के लिए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किये। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों में सरपंच, सचिव एवं जनप्रतिनिधियों की विशेष ग्राम सभा आयोजित कर व्यक्तिगत, सामुदायिक तथा वन संसाधन, वनाधिकार पट्टा दिये जाने हेतु प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री चौहान ने निर्देशित करते हुए कहा कि 30 जून तक जिन गौठानों में मुर्गी शेड नहीं बनाने वाले संबंधित जनपद सीईओ के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। बैठक में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभागीय योजनाओं का डाटा प्रतिदिन ऑनलाइन एंट्री कराना सुनिश्चित करें, जिससे राज्य स्तर पर जिले का रैंकिंग स्तर बनी रहे। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के आवेदनों को समय-सीमा के भीतर संबंधित अधिकारियों को निराकरण कराने के निर्देश दिये। बैठक में सहायक कलेक्टर सुश्री रेना जमील, पूर्व भानुप्रतापपुर मण्डलाधिकारी आर.सी दुग्गा, पश्चिम भानुप्रतापपुर वनमलाधिकारी आर.सी. मेश्राम, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर एम.आर. चेलक, सी.एल. मार्कण्डेय, समस्त एसडीएम तथा जनपद सीईओ सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय समपार (फाटक) संरक्षा जागरुकता सप्ताह का सफल आयोजन

■ जीवन अमूल्य है कृपया समपार पार करते समय सुरक्षा नियमों का पालन अवश्य करें

बिलासपुर । रेलवे प्रशासन यात्रियों व आम नागरिकों की सुरक्षा व संरक्षा के प्रति संवेदनशील है 7 समपार फाटकों में होने वाली दुर्घटनाओ की रोकथाम के मद्देनजर अनेकों प्रयास किए जा रहे हैं 7 आम नागरिकों की बेहतर सुरक्षा एवं संरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में समपार फाटकों को बंद करने हेतु सीमित ऊंचाई सबवे निर्माण का कार्य भी लगातार किया जा रहा है। सड़क उपयोगकर्ताओं में सुरक्षित समपार फाटक पार करने के दौरान ली जाने वाली सावधानियों एवं नियमों के प्रति जागरूकता लाने प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय समपार (फाटक) संरक्षा जागरुकता सप्ताह का आयोजन किया जाता है ।

इसी संदर्भ में मंडल संरक्षा संगठन, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर व्दारा दिनांक 11 जून से समपार (फाटक) संरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस सप्ताह के दौरान संरक्षा विभाग के अधिकारियों, संरक्षा सलाहकारों, रेलवे सुरक्षा बल के सदस्यों एवं नागरिक सुरक्षा टीम द्वारा मंडल के सभी प्रमुख समपार फाटकों में सड़क उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित ढंग से समपार फाटक पार करने सबंधित नियमों की जानकारी देकर पम्पलेट आदि का वितरण कर तथा बिलासपुर व रायगढ़ स्टेशनों में यात्री उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से सुरक्षित ढंग से समपार फाटक पार करने के नियमों को जन-जन तक पहुँचाने का सफल प्रयास किया गया ।

आज मंडल के जयरामनगर यार्ड में स्थित समपार फाटक संख्या-360 जयरामनगर फाटक, लटिया-जयरामनगर के मध्य स्थित समपार फाटक संख्या-356 जूठी फाटक तथा अकलतरा-लटिया के मध्य स्थित समपार फाटक संख्या-354 लटिया फाटक मैं सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी श्री रवि नेवाले, संरक्षा सलाहकारों तथा सुरक्षा बल के सदस्यों द्वारा तथा बिजुरीङ्कबोरीडांड के मध्य स्थित समपार फाटक एबी-20 नगरपंचायत फाटक तथा बिजुरी यार्ड में स्थित समपार फाटक एबी-18 बिजुरी फाटक में सुरक्षा बल के सदस्यों द्वारा सड़क उपयोगकर्ताओं को पम्पलेट का वितरण करके सुरक्षित ढंग से समपार फाटक पार करने हेतु महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

प्रदेश की पुरानी परंपरा रोका-छेका लागू

■ कलेक्टर शर्मा ने रोका छेका सम्बधी तैयारियों की बैठक में दिये निर्देश

सूरजपुर। आगामी खरीफमौसम में खेतों में लगाई गई फसलों को गांव के मवेशियों के चरने से बचाने के लिए जिले में रोका-छेका की व्यवस्था लागू की जाएगी। पिछले दिनों मुख्यमंत्री भूपेशबघेल ने प्रदेश के किसानों के नाम संदेश में इस व्यवस्था को स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की मदद से लागू करने की मंशा जताई थी। मुख्यमंत्री की मंशानुसार पूरे छत्तीसगढ़ सहित सूरजपुर जिले के समस्तग्राम पंचायतों भी इस व्यवस्था को लागू करने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है।

कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्री आकाष छिकारा, अपर कलेक्टर श्री एस0एन0 मोटवानी की उपस्थिति में रोका-छेंका व्यवस्था लागू करने महत्वपूर्ण बैठक ली। 19 जून को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रोका-छेंका व्यवस्था लागू करने के लिए अपनी पंचायत की कार्य योजना बनाएंगे। मवेशियों से फसल चराई को रोकने वाली यह व्यवस्था पूरे गांव की सहमति से इसी दिन से लागू हो जाएगी। इस व्यवस्था के क्रियान्वयन में गौठानों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। गौठान ग्राम वाली पंचायतों में बैठक गौठानों में आयोजित होगी। इस दौरान ग्रामीण यह शपथ भी लेंगे कि वे अपने मवेशियों को खुले में नहीं छोड़ेंगे। कलेक्टर श्री शर्मा ने ग्राम पंचायतों में होने वाली इन बैठकों में सभी को सोशल डिस्टेसिंग मेंटेन रखने और मास्क लगाकर ही बैठक में शामिल होने कहा है। उन्होंने बैठक स्थल पर हैंडवाश की व्यवस्था रखने के लिए भी पंचायत सचिवों को कहा। बैठक में पंच-सरपंच, जनप्रतिनिधि, गांव के वरिष्ठ नागरिकों, चरवाहों सहित गौठान समिति को भी शामिल करने कहा गया है, ताकि गांव से संबंधित सभी पहलुओं पर विचार-विमर्श कर रोका-छेंका के लिए प्रभावी योजना तैयार की जा सके।

इस दौरान गोठानों में होने वाली बैठकों में विभिन्न शासकीय विभागों और अन्य जरूरतमंद किसानों को गौठानों में बनी कंपोस्ट खाद का वितरण भी किया जाएगा। गौठानों से जुड़े स्व-सहायता समूहों की बनाई गई सामग्रियों का प्रदर्शन और बिक्री भी होगी। गौठानों में पशुओं की स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर लगाए जाएंगे। पशु पालन और मछली पालन के इच्छुक किसानों के किसान केडिट कार्ड भी इस दौरान बनाए जाएंगे। कृषि, पशुपालन, मछली पालन, उद्यानिकी विभाग की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को सामग्री वितरण भी किया जाएगा। किसानों को अभी से गौठानों में पैरादान के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और गौठानों में अपने मवेशियों को नियमित रूप से भेजने के लिए भी कहा जाएगा।

कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने चरवाहे की व्यवस्था से पशुओं का गौठानों में व्यवस्थापन, खुले में विचरण कर रहे पशुओं का नियंत्रण व गौठानों में संधारण, गौठानों में पशु चिकित्सा तथा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, वर्षा के मौसम में गौठानों में पशुओं के सुरक्षा हेतु व्यापक प्रबंध जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

सौर सामुदायिक परियोजना से केशवनगर व नयनपुर के कृषक हुए आत्मनिर्भर

सूरजपुर। क्रेडा विभाग द्वारा सूरजपुर जिले अंर्तगतग्राम-केषवनगर एवं नयनपुर, वि.ख.-सूरजपुर, जिला-सूरजपुर के रेड़ नदी, जिसमें कि जल संसाधन विभाग द्वारा एनीकट भी बनाया गया है। जिससे वर्ष भर पानी की उपलब्धता रहती है। जिसके दायें तरफ 19 कृषकों की 49.35 हेक्टेयर जमीन एवं बायीं तरफ 05 कृषकों की 23.70 हेक्टेयर जमीन है, दोनों तरफ कुल 144 कृषकों की कुल 73.05 हेक्टेयर जमीन है। जिसमें सौर सामुदायिक सिंचाई परियोजना के तहत 24 नग, 05 एच.पी. क्षमता के डी.सी. सोलर सरफेस पंप की स्थापना की गई है। योजना के क्रियान्वयन से वे कृषक अपने खेतों में ग्रीष्मकालीन फसल लगाकर सिंचाई कर रहे है। इससे पूर्व किसानो के द्वारा केरोसीन पंप/डीजल पंप से सिंचाई कर कृषि कार्य किया जा रहा था। परंतु अब सोलर पंप लग जाने से वहां के किसानो द्वारा रबी फसल एवं ग्रीष्मकालीन फसल तथा सब्जियों का उत्पादन कर स्थानीय हाट बाजारों में विक्रय कर किसान की आय में निरंतर वृद्धि हो रहा है। सोलर सिंचाई पंप लगने से ग्राम के किसानो में काफी उत्साह है। सोलर सिंचाई पंप लगने से अपने-अपने खेतों में मेहनत कर फसल लगाकर स्वयं पर आत्मनिर्भर हो रहे है। जिससे कृषकों को अच्छी आय प्राप्त हो रही है। जिससे कृषकों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो रही है।

महिलाएं बाड़ी में कर रहीं हैं अदरक की खेती

■ नई पहल में महिलाएं दिखा रहीं साकारात्मक रूचि

बलरामपुर। शासन की महत्वाकांक्षी नरवा, गरूवा, घुरूवा एवं बाड़ी योजना एक बहुआयामी प्रयास है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था तथा अवसंरचना के विकास के साथ ही ग्रामों को आजीविका केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। गोठान में सामुदायिक बाड़ी विकास के माध्यम से बाड़ियों में सब्जियां तथा उद्यानिकी फसलें लगाई जा रही है। एन.आर.एल.एम. की महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं बाड़ी विकास के कार्यों में सक्रियता के साथ जुड़ी हुई हैं। जिला प्रशासन का भी प्रयास है कि महिलाओं को गोठान के माध्यम से आजीविका से जोड़कर लाभप्रद व्यवसायों में संलग्न किया जाए, ताकि उन्हें अच्छी आय प्राप्त हो। लागत, आय, परिश्रम और भूमि की अनुकूलता को देखते हुए विकासखण्ड शंकरगढ़ के गोठानों में अदरक की खेती करने का फैसला लिया गया है। महिलाओं को अदरक की खेती से जुड़ी सभी जानकारियां दी गई हैं।

लॉकडाउन में रीमा और लक्ष्मीकान्त बंधे शादी के पवित्र बंधन में

नारायणपुर। कुछ सामाजिक कार्य ऐसे होते हैं जो हालात नहीं, केवल शुभ मुहूर्त देखकर किए जाते हैं। शुभ कार्य के लिए परिस्थिति किसी भी प्रकार की हो लेकिन काम जरूर होता है, भले ही उसका आकार या स्वरूप बदल जाए। शादी भी एक ऐसा ही जरूरी सामाजिक कार्य है। लेकिन कोरोना की रोकथाम व नियंत्रण के चलते लगाए गए लॉकडाउन और दहशत के बीच, जब तमाम तरह की बंदिशें लागू हैं। लेकिन सरकार ने इसे मामले में थोड़ी छूट दे दी है। सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के मुताबिक लॉकडाउन के दौरान शादी की इजाजत कुछ शर्तों के साथ दी गई है। इस छूट में स्थानीय प्रशासन से शर्तों के साथ मिली इजाज़त के बाद नारायणपुर की रीमा कैवर्त और भिलाई के लक्ष्मीकान्त निषाद मंगलवार 9 जून को शादी के पवित्र बंधन में बंधे। लॉकडाउन जब से लगा है तब से किसी भी तरह के मांगलिक कार्यों में पूरी तरह से रोक लगी हुई है। लेकिन शासन के निर्देशों के बाद कुछ छूट मिली है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

कोई भ्रम न पाले...

पर बात की उसमें महाराष्ट्र, दिल्ली, तमिलनाडु, गुजरात जैसे राज्य शामिल हैं। ये वे राज्य या केंद्र शासित प्रदेश हैं जिनमें कोरोना विस्फोट हो चुका है। मतलब कोरोना के मामले यहां लगातार बढ़ते जा रहे हैं। कोरोना वायरस पर बात करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो दिन की बैठक बुलाई थी। इसमें पहले दिन की चर्चा मंगलवार को हुई थी। इसमें 21 राज्यों के मुखियाओं से बात की गई थी। ये वे 21 राज्य थे जिनमों कोरोना की स्थिति कंट्रोल में है।

बस्तर का वीर सपूत...

भाजपा परिवार की संवेदना शहीद के परिवार के साथ-विष्णुदेव साय

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने गलवान घाटी में एलएसी पर शहीद हुए 20 जवानों की शहादत पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र कांकेर जिले के गणेश कुंजाम जी ने भी वहां मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। प्रदेशाध्यक्ष साय ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया है। श्री साय ने कहा कि भाजपा परिवार की संवेदना शोक संतप्त परिजनों के साथ है। ईश्वर पुण्यात्मा को शांति व परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

जांबाज जवानों का बलिदान सदा स्मृतियों में रहेगा- नेताप्रतिपक्ष कौशिक

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि इन वीर सपूतों के बलिदान की कहानियां हर युग में याद की जाएगी। सेना के जांबाज जवानों का बलिदान सदा स्मृतियों में रहेंगे। हमारे वीर लाल गणेशराम कुंजाम शहीद हुए हैं। ऐसे सारे वीर सपूतों को हम सब विनम्र श्रद्धांजलि करते हैं।

राष्ट्र हमेशा कृतज्ञ रहेगा, शहीद को मिले अशोक चक्र-अमित जोगी

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) अध्यक्ष और पूर्व विधायक अमित अजीत जोगी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को छत्तीसगढ़ी में ट्वीट करके कांकेर (चारामा) के ग्राम कुरूटोला के निवासी और आदिवासी समाज के गौरव भारतीय सेना के जवान स्वर्गीय श्री गणेश कुंजाम की गलवान घाटी में चीनी घुसपैठियों को खदेड़ते हुए शहादत को नमन करते हुए उन्हें भारत सरकार से अशोक चक्र से सम्मानित करने की सिफ़ारिश करने की माँग करी है, साथ ही उनके परिवार को सरकारी नौकरी और 1 करोड़ वीरता राशि देने का भी आग्रह किया है। अमित जोगी ने फोन पर श्री गणेश कुंजाम के परिवार के वरिष्ठ सदस्य तिहारू कुंजाम को अपने दल और परिवार की ओर से संवेदनाएँ भी दीं।

स्वास्थ्यकर्मियों को गुरुवार तक...

के वेतन भुगतान, उचित आवास और क्वारंटीन की सुविधा को लेकर शुक्रवार तक एक आदेश जारी करे। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी। इससे पहले सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता के वी विश्वनाथन ने दलील दी कि डाक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की बेहतरी के लिए थोड़ी सी और सख्ती की जरूरत है।

हम सेना और सरकार के साथ...

उन्होंने एक बयान में कहा, ''लद्दाख की गलवान घाटी में हमारी सेना के अधिकारी और जवानों की शहादत पर बहुत दुख और गहरी पीड़ा हुई है। उनके अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को नमन है। उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। सोनिया ने कहा, ''देश की सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा में हम सब साथ खड़े हैं। गौरतलब है कि लद्दाख की गलवान घाटी में सोमवार रात चीनी सैनिकों के साथ ''हिंसक झड़प'' में भारतीय सेना के 20 जवान शहीद हो गए। सेना ने यह जानकारी दी।

लघु वनोपज के परिवहन...

की संख्या 225 से बढ़कर आज 290 तक हो गई है। इसके अलावा वन तथा राजस्व क्षेत्रों में विशेषकर हाथी प्रभावित क्षेत्रों में वन्यप्राणियों के बचाव के लिए खुली विद्युत तारों को ऊर्जा और वन विभाग के द्वारा केबल लगाने के संबंध में भी विचार किया गया।

बैठक में वन विभाग के मैदानी अमले पर नियंत्रण और फिल्ड में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए मोबाईल एप विकसित करने का निर्णय लिया गया है। इस एप के माध्यम से वन विभाग के फोरेस्ट गार्ड से लेकर उच्च स्तर के सभी अधिकारियों की मॉनिटरिंग की जाएगी। इससे वन प्रबंधन और वन्य प्राणियों के संरक्षण में तत्काल जरूरी कदम उठाए जा सके। इसी तरह मुख्यमंत्री श्री बघेल ने राज्य में वन्य प्राणियों तथा हाथियों के दल की सतत निगरानी के लिए सभी प्रभावित वन मण्डलों में 10-10 लोगों को चयन कर टीम बनाने के भी निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्हें वन प्रबंधन समितियों के माध्यम से राशि भुगतान करने का निर्णय लिया गया। राज्य में वर्तमान में महासमुन्द वन मण्डल के अंतर्गत मानव-हाथी द्वंद में नियंत्रण के लिए संचालित मोबाईल बेस्ड एलर्ट सिस्टम की सराहना करते हुए इसे धरमजयगढ़ और सूरजपुर वन मण्डल के 10-10 गांवों में लागू करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, वन विभाग के प्रमुख सचिव श्री मनोज पिंगुआ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री राकेश चतुर्वेदी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी श्री अतुल शुक्ला, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री अरुण पाण्डेय, कैम्पा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री व्ही. श्रीनिवास राव, मुख्यमंत्री सचिवालय में उप सचिव सुश्री सौम्या चौरसिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)
सिस्टम निविदा क्र. 65129/निविदा सूचना क्रमांक : 07/व.ले.लि./2020-21 दिनांक 16.06.2020
निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 07.07.2020 (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम निविदा क्र.	समूह क्रमांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत
65129		लीलागर व्यपवर्तन योजना के मुख्य नहर आर.डी. 0 मी. से 12690 मी. के बीच, बछौद डिस्ट्रीब्यूटरी आर.डी. 0 मी. से 11010 मी. के बीच, कुली माईनर आर.डी. 0 मी. से आर.डी. 1500 मी. के बीच, ऊनी माईनर आर.डी. 0मी. से आर.डी. 1800 के बीच, खम्हरिया माईनर आर.डी. 0मी. से आर.डी. 1560 मी. के बीच सी.सी. लायनिंग का कार्य एवं मुख्य नहर, बछौद डिस्ट्रीब्यूटरी एवं माईनरों में 64 नग कोलाबा फिक्सिंग का कार्य तथा मुख्य नहर एवं बछौद डिस्ट्रीब्यूटरी में रिसेक्शनिंग एवं मुरूम टागिंक के कार्य।	रु.1264.05 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 23.06.2020 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं।
नोट :- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
खारंग जल संसाधन संभाग
बिलासपुर (छ.ग.)
कृते - मुख्य अभियंता
हसदेव कछार जल संसाधन संभाग
बिलासपुर (छ.ग.)

जी-81677/8

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार से सरल क्र. 01 से 02 हेतु दिनांक 25.06.2020, सरल क्र. 03 से 14 हेतु दिनांक 30.06.2020 एवं सरल क्र. 15 से 19 हेतु दिनांक 06.07.2020 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	नि.आ.सू. क्र./दिनांक	कार्य का नाम	लागत (लाख में)
1	97	करही, खैरा, सेतगंगा, जरहागांव, पथरिया, चंद्रखुरी में पटवारी कार्यालय सह आवास भवन का निर्मान कार्य। **मुंगेली संभाग मुंगेली। सातवीं आमंत्रण।**	30.35
2	98	जिला बिलासपुर विकासखण्ड मस्तूरी के भुरकुण्डा में शासकीय हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य। **संभाग क्र. 1 बिलासपुर. तृतीय आमंत्रण**	69.05
3	99	ग्राम जगताकापा, ब्लाक पथरिया में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य में शेष निर्माण कार्य। **मुंगेली संभाग मुंगेली। द्वितीय आमंत्रण**	35.28
4	100	वित्तीय वर्ष 2020-21 में उपसंभाग मुंगेली के अंतर्गत राज्यमार्ग एवं मुख्य जिला मार्गों के त्वरित मरम्मत हेतु डब्लू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य। **मुंगेली संभाग मुंगेली। द्वितीय आमंत्रण।**	55.00
5	101	लो.नि.वि. उपसंभाग कोनी बिलासपुर के परफारमेंस गारंटी के अंतर्गत मार्गों में मरम्मत कार्य। **संभाग क्र. 1 बिलासपुर। द्वितीय आमंत्रण।**	50.00
6	102	लो.नि.वि. उपसंभागद क्र. 2 बिलासपुर के परफारमेंस गारंटी के अंतर्गत मार्गों में मरम्मत कार्य। **संभाग क्र. 1 बिलासपुर। द्वितीय आमंत्रण।**	50.00
7	103	लो.नि.वि. उपसंभाग क्र. 1 बिलासपुर के परफारमेंस गारंटी के अंतर्गत मार्गों में मरम्मत कार्य। **संभाग क्र. 1 बिलासपुर। द्वितीय आमंत्रण**	50.00
8	104	जिला बिलासपुर के कुटेला से ठाकुरदेवा मार्ग लं. 1.00 कि.मी. में निर्माण कार्य। **संभाग क्र. 1 बिलासपुर। द्वितीय आमंत्रण**	162.26
9	105	लो.नि.वि. उपसंभाग क्र. 3 बिलासपुर के परफारमेंस गारंटी के अंतर्गत विभिन्न भवनों का मरम्मत कार्य। **संभाग क्र. 02 बिलासपुर। द्वितीय आमंत्रण।**	25.00
10	106	वित्तीय वर्ष 2020-21 में उपसंभाग कोरबा के अंतर्गत राज्यमार्ग एवं मुख्य जिला मार्गों के त्वरित मरम्मत हेतु डब्लू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य। **कोरबा संभाग कोरबा। द्वितीय आमंत्रण।**	55.00
11	107	वित्तीय वर्ष 2020-21 में उपसंभाग भैसमा के अंतर्गत राज्यमार्ग एवं मुख्य जिला मार्गों के त्वरित मरम्मत हेतु डब्लू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य। **कोरबा संभाग कोरबा। द्वितीय आमंत्रण।**	55.00
12	108	वित्तीय वर्ष 2020-21 में कटघोरा उपसंभाग क्र. 01 के अंतर्गत राज्यमार्ग एवं मुख्य जिला मार्गों के त्वरित मरम्मत हेतु डब्लू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य। **कोरबा संभाग कोरबा। द्वितीय आमंत्रण।**	55.00
13	109	वित्तीय वर्ष 2020-21 में कटघोरा उपसंभाग क्र. 02 के अंतर्गत राज्यमार्ग एवं मुख्य जिला मार्गों के त्वरित मरम्मत हेतु डब्लू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य। **कोरबा संभाग कोरबा। द्वितीय आमंत्रण।**	55.00
14	110	उपसंचालक अभियोजन कार्यालय कोरबा के भवन का निर्माण कार्य। **कोरबा संभाग कोरबा। द्वितीय आमंत्रण।**	51.77
15	111	महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोनी बिलासपुर में बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य। **संभाग क्र. 01 बिलासपुर। प्रथम आमंत्रण**	25.77
16	112	लो.नि.वि. उपसंभाग क्र. 01 बिलासपुर के अंतर्गत केन्द्रीय जेल बिलासपुर में ए.आर., एस.आर. एवं एम.ओ.डब्ल्यू. का कार्य। **संभाग क्र. 01 बिलासपुर। प्रथम आमंत्रण**	40.00
17	113	जिला जांजगीर चांपा के वि.खं. बम्हनीडीह के ग्राम कचंदा मुख्य मार्ग से दर्रीबंजर मार्ग लं. 2.00 कि.मी. में निर्माण कार्य। **चांपा संभाग चांपा। प्रथम आमंत्रण**	198.71
18	114	जिला जांजगीर चांपा के हरदी के गजमर्रा पीपर मुख्य मार्ग से पचरिहा पारा तक पहुंच मार्ग लं. 1.575 कि.मी. में निर्माण कार्य। **चांपा संभाग चांपा। प्रथम आमंत्रण**	195.34
19	115	जिला जांजगीर चांपा के वि.खं. अकलतरा के ग्राम पुरैना से बहेरापाली मार्ग लं. 1.80 कि.मी. में निर्माण कार्य। **चांपा संभाग चांपा। प्रथम आमंत्रण।**	176.80

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

जी-81621/5

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

जिंदगी में एक बार डिप्रेशन से गुजरी हैं सुष्मिता सेन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री और पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन का कहना है कि वह भी जीवन में एक बार डिप्रेशन से गुजरी है। सुशांत सिंह राजपूत के आत्महत्या किए जाने की खबर से हर कोई सदमें में है। बताया जा रहा है कि वह पिछले छह माह से डिप्रेशन में थे। इस बीच सुष्मिता सेन ने कहा है कि जिंदगी में एक बार वह भी डिप्रेशन से गुजरी हैं।

सुष्मिता सेन ने कहा, मैंने भी बहुत डिप्रेशन झेला है। मुझे पता है वह बहुत रियल इमोशन होता है। उस वक्त पर हंसना बहुत मुश्किल है फिर भी हमें जीवन चुनना पड़ता है। हमें चुनना भी चाहिए। हर इंसान अलग होता है। कुछ लोगों को दोस्तों और परिवार के सपोर्ट की जरुरत होती है। कुछ डॉक्टर या मानसिक चिकित्सक के पास जाते हैं। यह उनकी समस्या पर निर्भर करता है। मेरी जिंदगी के कई उद्देश्य हैं। मेरी दो बेटियां हैं। मैं अकेले उनका पालन पोषण कर रही हूं। मैं यह नहीं सोच सकती कि जिंदगी खत्म हो गई।

लॉकडाउन में परिवार को मिस कर रहे संजय दत्त

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के माचो मैन संजय दत्त लॉकडाउन में अपने परिवार को बेहद मिस कर रहे हैं।

संजय अपने परिवार से दूर हैं और यही वजह है कि उन्हें अपनी पत्नी और बच्चों की याद सता रही हैं। संजय ने अपने परिवार के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की है जिसे फैन्स खूब पसंद कर रहे हैं। तस्वीर में संजय दत्त अपनी पत्नी मान्यता दत्त और बच्चों शहरान और इकरा नजर आ रहे हैं। संजय दत्त की पत्नी एवं बच्चे इस वक्त दुबई में हैं और लॉकडाउन शुरू होने के वक्त से वहीं पर फंसे हुए हैं। वे लॉकडाउन से पहले वहां गए थे लेकिन उसके बाद इंटरनेशनल फ्लाइट्स बंद होने से सभी दुबई में हैं।

संजय दत्त ने अपनी भावनाओं को शब्द देते हुए तस्वीर के कैप्शन में लिखा, ÷मुझे उनकी बहुत याद आती है। हर कोई जो इस वक्त अपने परिवार के साथ है, इस वक्त को एन्जॉय करे।

सुशांत को याद कर कृति सेनन ने लिखा इमोशनल पोस्ट

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन ने सुशांत सिंह राजपूत को याद करते हुए कहा कि उनके साथ उनके दिल का एक हिस्सा भी चला गया।

सुशांत सिंह राजपूत की आत्महत्या ने हर किसी को दुखी कर दिया है। इस बीच सुशांत की कथित एक्स गर्लफ्रेंड कृति सैनन ने उन्हें याद करते हुए अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। अपने पोस्ट में कृति ने लिखा है, ÷सुश ..मुझे पता है तुम्हारा प्रतिभाशाली दिमाग तुम्हारा सबसे अच्छा दोस्त था और सबसे बुरा दुश्मन भी। लेकिन, इस बात ने मुझे अंदर से पूरी तरह तोड़ कर रख दिया है कि तुम्हे जीने से ज्यादा आसान मरना लग रहा था। काश उस समय तुम्हारे पास ऐसे लोग होते, जो तुम्हारे इस बुरे समय में तुम्हारी मदद कर सकते और यह समय आसानी से कट जाता। काश तुमने खुद से प्यार करने वालों को खुद से दूर ना किया होता। काश मैं तुम्हारे अंदर जो कुछ टूट चुका था। उसे जोड़ सकती, लेकिन मैं ऐसा नहीं कर पाई। मेरे दिल का एक हिस्सा तुम्हारे साथ जा चुका है और एक में तुम हमेशा जिंदा रहोगे। मैं तुम्हारी खुशियों के लिए प्रार्थना करना कभी नहीं छोड़ सकती।

धर्मेन्द्र ने लोगों को डिप्रेशन से दूर रहने की सलाह दी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के हीमैन धर्मेन्द्र ने लोगों को डिप्रेशन से दूर रहने की सलाह दी है।

धर्मेंद्र सोशल मीडिया पर खासे एक्टिव हैं। धर्मेंद्र इन दिनों अपने फार्म हाउस पर समय बिता रहे हैं और वहीं से वीडियो पोस्ट कर फैन्स को एंटरटेन कर रहे हैं। धर्मेंद्र ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वो दिखा रहे हैं कि कैसे उनके फार्म हाउस पर गाय घास चर रही हैं। उन्होंने वीडियो को शेयर कर लिखा, ÷डिप्रेशन को डिप्रेशन दे दो....हसरतों से कहो...हद में रहें...कोरोना की...फुरसत कोरोना से...फुरसत मिलकर रहेगी। धर्मेंद्र ने इस तरह फैन्स को डिप्रेशन से दूर रहने की सलाह दी है।वो वीडियो में कहते दिख रहे हैं , गाय घास चर रही हैं और मैं ठंडी सेवइयां खा रहा हूं। आप सब कैसे हैं। कोरोना से बचकर रहिए। लव यू ऑल।

योर ऑनर में जज की भूमिका में नजर आयेंगे जिमी शेरगिल

मुबंई (वार्ता)। बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता जिमी शेरगिल लोकप्रिय टीवी चैनल सोनी लिव की आने वाली वेबसीरीज 'योर ऑनर' में जज की भूमिका निभाते नजर आयेंगे।

सोनी लिव रोमांचक फिक्शन कहानियों से लेकर जीवन की वास्तविक घटनाओं पर आधारित ओरिजिनल कंटेंट पेश करने वाला है। सोनी लिव का पहला ओरिजिनल कंटेंट 'योर ऑनर' एक डार्क थ्रिलर है और नैतिकता को लेकर इसमें काफी पेचिदगियां हैं। यह सीरीज 18 जून को लाइव होने वाली है।

'योर ऑनर' की प्रेरणा ईजराइली सीरीज 'क्वोडो' से ली गयी है। यस स्टूडियो द्वारा वितरित इस सीरीज को स्फेयरओरिजिन्स के अप्लॉज़ एंटरटेनमेन्ट ने प्रोड्यूस किया है और इसके निर्देशक हैं राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता ई.निवास। इस थ्रिलर में नैतिकता और सदाचार की पेचिदगियों में फंसे बिशन खोसला की तकलीफको जिमी शेरगिल ने काफी अच्छी तरह दर्शाया है। इस रोचक पेशकश में जिमी शेरगिल के साथ मीता वशिष्ठ, वरुण वडोला, यशपाल शर्मा, पारुल गुलाटी, सुहासिनी मुले, रिचा पलोद, कुंज आनंद, पुलकित माकोल और महाबीर भुल्लर जैसे जाने-माने कलाकार हैं। जिमी शेरगिल इस शो के बारे में बताया, ÷एक एक्टर के तौर पर मुझे नहीं लगता है कि खुद को अलग-अलग किरदारों को करने से रोकना चाहिये। जिस भी फिल्म से मैं जुड़ रहा होता हूं तो मेरे लिये स्क्रिप्ट सबसे महत्वपूर्ण होती है। 'योर ऑनर' ऐसी ही सीरीज है, जिस पर मुझे गर्व है।

पैतृक गांव में कोरोना से लड़ने में मदद कर रहे हैं भुल्लर

जालंधर (वार्ता)। वैश्विक महामारी कोरोना के इस दौर में भारतीय मूल के टॉप मिक्सड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) खिलाड़ी और वन चैंपियनशिप स्टार अर्जन सिंह भुल्लर पंजाब के जालंधर के अपने पैतृक गांव में लोगों को कोविड-19 से लड़ने में मदद कर रहे हैं।

एमएमए में दुनिया के टॉप खिलाड़ी भुल्लर ने हमेशा अपने करियर को लोगों को प्रेरित करने, खेल की नई ऊंचाइयों को छूने और समाज में एक वास्तविक बदलाव लाने की तलाश के रूप में इस्तेमाल किया है। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेल 2010 में कुश्ती में स्वर्ण पदक जीता था। 2016 के ओलम्पियन भुल्लर ने वन चैंपियनशिप में उन्होंने शानदार पदार्पण किया है। वैश्विक मंच पर मिली सफलता के बावजूद भुल्लर का अपने देश के प्रति गहरा प्रेम और सम्मान बरकरार है।

भुल्लर ने संकट के इस दौर में अपने गांव की महिलाओं को मास्क बनाने में मदद करने के लिए सिलाई मशीन, कपड़ा और कई अन्य सामग्रियां उपलब्ध करवाई हैं।

उन्होंने कहा, जब मैं छोटा था तब से अक्सर भारत आता रहा हूं। मुझे अब भी अपने गांव से बहुत लगाव है। हमने महिलाओं को एकत्रित करने के लिए गांव के भीतर एक बहुत ही खास जगह बनाई है क्योंकि महिलाओं के पास पुरुषों की तुलना में कहीं जाने-आने और समय बिताने के लिए स्थान नहीं हैं। भुल्लर ने कहा,÷महिलाओं इस दौर में अपने कामकाज से अच्छा वक्त गुजार रही हैं। वे सिलाई मशीनों के साथ मास्क बना रही हैं जो मैंने उनके लिए खरीदे हैं। आज ये महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर हैं, बल्कि पूरे गांव और पड़ोसी क्षेत्र का सशक्तिकरण कर रही हैं। भुल्लर ने भारत में मिक्स्ड मार्शल आर्ट को बढ़ावा देने लिये गांव में एक जिम भी बनाया है। उन्होंने कहा, ÷यह स्थानीय स्कूल से जुड़ा है और आसपास के गांव के बच्चे भी खेल का अभ्यास करने आते हैं। मैं अपने गांव को एक आदर्श गांव बनाना चाहता हूं जिससे यह संदेश जाए कि अगर इरादे नेक हों तो कुछ भी संभव है।

लॉकडाउन के दौरान धैर्य में सुधार आया: सविता

भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता ने कहा है कि लॉकडाउन ने उन्हें धैर्य रखना सिखाया है और छोटे लम्हों की भी कद्र करने के कई कारण दिये हैं।

बेंगलुरु (वार्ता)। हरियाणा के सिरसा की रहने वाली सविता ने कहा, ÷मैं हमेशा से शांतिप्रिय इंसान रही हूं लेकिन मेरे हिसाब से लॉकडाउन के दौरान हमारे धैर्य का स्तर काफी बढ़ा है। बेंगलुरु के साई सेंटर में हम सब अपने साथियों के साथ अच्छा वक्त गुजार रहे हैं जिससे हमें एक-दूसरे के साथ भी जुड़ने का मौका मिला है। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, ÷मैंने इस दौरान अपने परिवार को बहुत याद किया है, लेकिन मैं भी बहुत खुश हूं कि वे सभी सुरक्षित और स्वस्थ हैं। एक बार जब मैं घर वापस लौटूंगी तो वह वास्तव में मेरे लिये वह कीमती क्षण होंगे। टीम इंडिया के लिये 12 वषों से खेल रही सविता ने यह माना कि उनका सर्वश्रेष्ठ अभी आना बाकी है। अगले साल होने वाले टोक्यो ओलंपिक के लिए सविता ने कहा कि 2016 में रियो ओलंपिक में खेलने का उनका अनुभव उनके व्यक्तिगत प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद करेगा। एफआईएच विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर मौजूद भारतीय टीम की खिलाड़ी सविता ने कहा, ÷मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आना अभी बाकी है।

टी-20 विश्वकप स्थगित हुआ, तो अभी नहीं लूंगा संन्यास: हफीज

इस्लामाबाद (वार्ता)। पाकिस्तान क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी मोहम्मद हफीज ने कहा है कि अगर इस अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाला टी-20 विश्वकप स्थगित होता है तो वह इस वर्ष संन्यास नहीं लेंगे क्योंकि वह टी-20 क्रिकेट से संन्यास लेने से पहले इस फॉर्मेट में अपने टीम को विश्वकप जिताना चाहते हैं। हफीज ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिये कहा, ÷मैंने विश्व कप के बाद टी-20 क्रिकेट से संन्यास लेने पर काफी सोचा। ऐसे ही जब मैंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया, तो मैंने अपनी शर्तों पर संन्यास लेने का फैसला किया। मैंने अपने लक्ष्यों और पाकिस्तान क्रिकेट के हितों को ध्यान में रखा। मैं एक बड़ा टूर्नामेंट खेलने के बाद टी-20 क्रिकेट से संन्यास लेना चाहता हूं, जिसमें मैं अच्छा प्रदर्शन करूं और उम्मीद है कि उसमें जीत दर्ज करूंगा। मेरी यही योजना है और अगर टी-20 विश्वकप स्थगित हो जाता है तो इसका मतलब यह नहीं है कि मैं इसे नहीं खेलूंगा। हफीज ने टी-20 विश्वकप 2009 को छोड़ बाकी लगभग सभी विश्वकप में हिस्सा लिया है।

वन हैवीवेट विश्व चैंपियनशिप पर है भुल्लर की नजर

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय मूल के टॉप मिक्सड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) खिलाड़ी और वन चैंपियनशिप स्टार अर्जन सिंह भुल्लर की नजरें वन हैवीवेट विश्व चैंपियनशिप खिताब पर टिकी हुई हैं। वन हैवीवेट विश्व चैंपियनशिप खिताब इस समय फिलीपींस-अमेरिकी सुपरस्टार ब्रेंडन वेरा के पास है। भुल्लर ने पिछले साल अक्टूबर में जापान के टोक्यो में वन चैंपियनशिप पदार्पण किया था और शीर्ष खिलाड़ी मौरो सेरिली को सर्वसम्मत फैसले से हराया था। पूर्व वर्ल्ड टाइटल चैलेंजर पर जीत ने भुल्लर विश्व खिताब की होड़ में पहुंचा दिया है। भुल्लर और वेरा के बीच मुकाबले का अभी खुलासा नहीं हुआ है लेकिन कोरोना के कारण मौजूदा हालात में सुधार आने पर मुकाबले को लेकर घोषणा की जायेगी। भुल्लर ने कहा कि वह विश्व खिताब मुकाबले के लिए तैयार हैं।

मिजोरम के फुटबॉलरों ने ऑनलाइन चंदा जुटाकर की मदद

आइजॉल (वार्ता)। मिजोरम के पेशेवर फुटबॉलर खिलाड़ियों ने 18 वर्षीय एच लालवेनमावी के परिवार की सहायता के लिये राज्य के मोबाइल गेमर्स के साथ चैरिटी प्रदर्शनी मैच में हिस्सा लिया। लालवेनमावी का पिछले सप्ताह निधन हो गया था। वह राज्य में कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर राज्य में लॉकडाउन को सफल बनाने की दिशा में काम कर रहे थे।

इस वर्ष टी-20 विश्व कप होना 'अवास्तविक' और 'अंसभव': एडिंग्स

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष अर्ल एडिंग्स ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के कारण इस वर्ष पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप का आयोजन 'अवास्तविक' और 'अंसभव' है।

मेलबोर्न (वार्ता)। 18 अक्टूबर से 15 नवंबर तक होने वाले टूर्नामेंट के बारे में आईसीसी को फैसला लेना है जिसने पिछले हफ्ते अपनी बोर्ड बैठक में विश्व कप पर फैसला जुलाई तक टाल दिया है। कोविड-19 महामारी के मद्देनजर टूर्नामेंट के स्थगित होने की आशंका के बावजूद आईसीसी इसे लेकर आशावादी बना हुआ है। पिछले हफ्ते आकस्मिक योजना पर चर्चा के लिए बुलाई गई आईसीसी बोर्ड की बैठक के बाद आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनु साहनी ने कहा था कि इस बारे में निर्णय लेने के लिए केवल 'एक मौका' था और यह 'सही' होना चाहिए। इस पर कोई भी अंतिम निर्णय ब्रॉडकास्टर, खिलाड़ियों समेत सभी हितधारकों से परामर्श कर लिया जाएगा। आईसीसी बोर्ड में हिस्सा लेने वाले एडिंग के अनुसार समय काफी तेजी से भाग रहा है। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट में भाग लेने वाले 16 देशों में से कई देश अभी भी महामारी के चपेट में हैं। टूर्नामेंट का आयोजन कराना बहुत मुश्किल है और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इसके लिये आईसीसी को अन्य विकल्प सुझाये हैं। एडिंग्स ने सुझाव दिया कि ऑस्ट्रेलिया 2021 के अक्टूबर-नवंबर में इस कार्यक्रम की मेजबानी करे और भारत 2022 में एक वर्ष बाद टूर्नामेंट का आयोजन करे। इस तरह से सभी सदस्य देशों की वित्तीय मदद हो सकेगी। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो यह 'क्रिकेट को नुकसान' पहुंचाने वाला होगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) केविन रॉबर्ट्स ने पिछले महीने इस बात की आशंका जताई थी कि अक्टूबर-नवंबर में होने वाला टी 20 विश्व कप 'बहुत जोखिम' भरा है। रॉबर्ट्स ने हालांकि कहा था कि टूर्नामेंट को स्थगित करने पर उसके प्रभाव उतने स्पष्ट नहीं है और आईसीसी इसको लेकर 'कई तरह की संभावनाओं' पर विचार कर रही है। टी-20 विश्व कप स्थानीय आयोजन समिति के सीईओ और रॉबट्र्स के स्थान पर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अंतरिम सीईओ बनाये गए निक हॉकली ने कहा कि सीए टूर्नामेंट स्थगित होने सहित किसी भी कार्यक्रम के लिए तैयार रहेगा। हॉकली ने कहा कि टी-20 विश्व कप का आयोजन कराने को लेकर काफी तैयारियां चल रही हैं और अगले महीने आईसीसी की एक बैठक होने वाली हैं जिसमें इससे जुड़े कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाएंगे।

एडिंग्स ने सुझाव दिया कि ऑस्ट्रेलिया 2021 के अक्टूबर-नवंबर में इस कार्यक्रम की मेजबानी करे और भारत 2022 में एक वर्ष बाद टूर्नामेंट का आयोजन करे। इस तरह से सभी सदस्य देशों की वित्तीय मदद हो सकेगी। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो यह 'क्रिकेट को नुकसान' पहुंचाने वाला होगा।

यूएस ओपन को लेकर स्वार्थी हो रहे हैं अमेरिकी : किर्गियोस

सिडनी (वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी निक किर्गियोस ने कहा है कि अमेरिकी टेनिस संघ वर्ष के आखिरी ग्रैंड स्लेम यूएस ओपन को उसकी निर्धारित तारीख 31 अगस्त से 13 सितम्बर तक कराने की कोशिशों में स्वार्थी साबित हो रहा है। अमेरिका में खतरनाक कोरोना वायरस के मामले दुनिया में सबसे ज्यादा होने के बावजूद अमेरिकी टेनिस संघ दर्शकों के बिना इस टूर्नामेंट को न्यूयार्क में कराने के लिए तैयार है। दुनिया के शीर्ष टेनिस खिलाड़ियों नोवाक जोकोविच, एश्ले बार्टी और सिमोना हालेप ने यूएस ओपन में खेलने को लेकर अपनी चिंता जताई है। दुनिया में मार्च के मध्य से टेनिस गतिविधियां ठप्प पड़ी हुई हैं, हालांकि हाल में बेलग्राद में चैरिटी टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था जिसे जोकोविच ने आयोजित किया था। वर्ष का दूसरा ग्रैंड स्लेम फ्रेंच ओपन सितम्बर तक के लिए स्थगित कर दिया गया है जबकि तीसरा ग्रैंड स्लेम विम्बलडन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहली बार रद्द कर दिया गया है।

न्यूज गैलरी

अधेड़ और युवक ने फांसी लगाई

महासमुंद। अलग-अलग चौकी व थाना क्षेत्र में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पहली घटना भंवरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम लिमदरहा का है जहां अभिमन्यु सिदार पिता सेंधु सिदार(50) ने अज्ञात कारण से घुटकुरी जंगल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम सुनसुनिया निवासी दीपक राजपूत पिता अनुरुद्ध राजपूत (22) ने गांव से लगे डोंडगीखार में तेंदू पेड़ में चुनरी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

अधेड़ पेड़ से गिरा, अस्पताल ले जाते रास्ते में मौत

महासमुंद। पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम हरदी के चनवारी खार में अधेड़ की पेड़ से गिरने से मौत हो गई। वह अपने खेत में लकड़ी काटने गया था। ग्राम हरदी निवासी कुलेश्वर पटेल पिता टीकाराम (53) सुबह लकड़ी काटते समय एक पेड़ उनके ऊपर गिर गया जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई थी। उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था लेकिन उसने रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

अंग्रेजी स्कूल में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू

महासमुंद। सरकारी अंग्रेजी स्कूल खुलने से शहर के गरीब बच्चों का सपना साकार होने जा रहा है। तुमगांव मार्ग स्थित नयापारा स्कूल का संचालन इस वर्ष से अंग्रेजी माध्यम से शुरू होने जा रहा है। इसमें प्रवेश की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर प्रवेश चल रहा है। गरीब बच्चे निजी स्कूल की अपेक्षा सरकारी अंग्रेजी स्कूल में प्रवेश के लिए रूचि दिखा रहे हैं। यहां हर दिन 8 से 10 फॉर्म प्रवेश पाने के लिए बच्चे फॉर्म जमा कर रहे हैं। जमा करने वालों में पहली से 9 वीं व 11 वीं के बच्चे शामिल हैं अभी तक 85 बच्चे फॉर्म जमा कर चुके हैं। स्कूल की प्राचार्य अमी रूफस ने बताया कि प्रवेश की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। 15 जुलाई से वर्चुअल क्लास भी शुरू कर दिया जाएगा। कोरोना संक्रमण के चलते स्कूल खुलने की तिथि निर्धारित नहीं हो पाई है। जिला शिक्षा अधिकारी राबर्ट मिंज ने बताया कि पहली से 9वीं और 11 वीं के लिए नयापारा स्थित अंग्रेजी हाईस्कूल में प्रवेश शुरू हो गया है। शिक्षा सत्र 2020-21 के लिए इन कक्षाओं में 40-40 सीटें निर्धारित की गई है। वहीं 11 वीं कक्षा के लिए 20-20 सीटें निर्धारित है।

12 व्यवसायियों के खिलाफ कार्रवाई

महासमुंद। कोविड-19 के संक्रमण के फैलाव एवं प्रसार को रोकने के लिए शासन ने कई निर्देश दिए हैं। इसी को लेकर मंगलवार को नगर पालिका महासमुंद क्षेत्र में प्रतिबंधित पॉलिथीन कैरी बैग के उपयोग एवं बिना मास्क पहने व्यवसाय करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके तहत यहां मुख्य मार्ग व्यावसायिक क्षेत्र में 14 व्यवसायियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें मास्क न पहने दो व्यवसायी से 300 रुपए अर्थदंड वसूला गया, वहीं फुटपाथ में चाट-ठेला, होटल के माध्यम से खाद्य सामग्री का सीधा विक्रय करने वाले 12 व्यवसायियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित पॉलिथीन कैरीबैग 2 किलो जब्त किया गया।

अधेड़ से महुआ शराब बरामद

महासमुंद। बसना में एक अधेड़ से पुलिस ने पांच सौ रूपए की अवैध शराब जब्त की। पुरूषोत्तमपुर निवासी सुखदेव मुंडा पिता पंचराम (56) अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी से कुल ढाई लीटर महुआ शुराब जब्त कर आबकारी एक्ट 34 ए के तहत कार्रवाई की।

शराब बेचते युवक पकड़ाया

महासमुंद। अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा युवक पुलिस गिरफ्त में आ गया। वार्ड 9 निवासी शैल जायसवाल से पुलिस ने 2040 रूपए की अंग्रेजी शराब बरामद कर आबकारी एक्ट 34 ए के तहत कार्रवाई की।

जुआ खेलते 6 पकड़ाए, 6 लाख बरामद

महासमुंद। ढाबे के पीछे कार की लाइट में जुआ खेल रहे 6 को गिरफ्तार कर सरायपाली पुलिस ने 6 लाख 27 हजार, 2 कार और दो मोटर साइकिल बरामद की है। जुआरियों के खिलाफ 13 जुआ एक्ट के अलावा लॉकडाउन के नियमों के खिलाफ कृत्य के लिए धारा 188, 269, 270 के तहत कार्रवाई अलग से की। जानकारी के मुताबिक पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बोड़सरा के एक ढाबे में कुछ जुआरियों जुआ फड़ लगा कर लाखों रूपये का दांव लगा रहे हैं। पुलिस ने ढाबे की घेराबंदी कर ढाबे के पीछे कार की लाइट में जुआं खेलते सभी 6 जुआरियों को पकड़ा। जुआरियों से 6 लाख 27 हजार 50 रुपए, एक ब्रेजा कार, एक वेगनआर सहित 2 मोटर साइकिल पुलिस ने बरामद की। पकड़े गए जुआंरियों में किशन पटेल, लखपति पटेल, नीलाम्बर पटेल, हरिराम पटेल, निरंजन मानिकपुरी, खीरसागर पटेल शामिल रहे। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी श्रीमती मल्लिका तिवारी, व थाना स्टाफएवं सायबर सेल का योगदान रहा।

बोर्ड के सदस्य बने चोपड़ा

महासमुंद। राज्यपाल अनुसूइया उइके ने पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता डॉ. विमल चोपड़ा को स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ रायपुर के प्रबंधन बोर्ड का सदस्य नामित किया है। इस नियुक्ति पर भाजपा नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

पाइपलाइन विस्तारीकरण हेतु भूमिपूजन

महासमुंद। शहर के अयोध्या नगर वार्ड 3 में पाइपलाइन विस्तारीकरण का भूमिपूजन मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर की उपस्थिति में किया। जल प्रदाय योजना के तहत पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड 3 में मंगलवार को पाइपलाइन बिछाने के कार्य की शुरुआत की। इस दौरान पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने ठेकेदार को बरसात के पहले कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश शुरू हो गई तो फिर कार्य को पूरा कर पाना मुमकिन नहीं है। इसलिए खुदाई के लिए अधिक मजदूरों से काम लिए जाने के निर्देश दिए।

डोंगरा में अवैध शराब बिकने से बिगड़ रहा गांव का माहौल

■ लिखित शिकायत के बावजूद नहीं हो रही कार्रवाई

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। लवन पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव लवन सरखोर, बरदा, मुंडा जुड़ा, बगबुडा, कोनारी, गिंदोला, कुम्हारी बनगबौद सहित दर्जनों गांव में अवैध शराब का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है। कदम-कदम पर शराब बिक रहा है लेकिन पुलिस इससे अनजान है। जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों के द्वारा शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से अवैध शराब बिक्री करने वालों के हौसले बुलंद है। क्षेत्र के ग्राम डोंगरा में दो व्यक्ति द्वारा अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। इसके चलते गांव में माहौल खराब हो रहा है। अशांत वातावरण के चलते ग्रामीण परेशान है। गांव में अवैध शराब की बिक्री को बंद कराने सरपंच धनकुमार औधेलिया, उप सरपंच शिव वर्मा ने ग्राम पंचायत के लेटर पेड में पंच भूपेन्द्र वैष्णव, तोरन वर्मा, वंदना देवी, बसंती,

सबिता, संतोषी, भारती, अनुप वर्मा, भूपेन्द्र चेलक के साथ विगत दिनों लवन चौकी पहुंचकर शराब बेच रहे दोनो कोचिंयो का नाम लिखकर लिखित में शिकायत देकर शीघ्र ही कार्रवाई करने की मांग किए है।

ग्राम पंचायत डोंगरा सरपंच व जनप्रतिनिधियों ने बताया कि गांव में अवैध की बिक्री होने से गांव का महौल खराब हो रहा है। पियक्कड़ लोग शराब के नशें में गांव की गली में बेखौफ होकर गाली गलौज करते है। जिसके चलते महिलाओं का घर से निकलना दूभर हो गया है। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि गांव के दो व्यक्तियों द्वारा तिल्दा रोड में खुलेआम लवन शराब भट्ठी से शराब लाकर लोगों को शराब परोस रहे है, इससे गांव में शराब की बिक्री होने से गांव का माहौल खराब हो रहा है। जगह-जगह पे पानी पाउच, डिस्पोजल बिखरे पड़े हुए दिख जाएंगे। सरपंच व जनप्रतिनिधियों ने बताया कि यदि शीघ्र ही इन दोनों शराब कोचियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो हमें मजबूर होकर उच्चाधिकारियों के पास जाकर शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग करेंगे।

इस संबंध में ग्राम पंचायत डोंगरा सरपंच धनकुमार अवधेलिया ने कहा कि चौकी प्रभारी द्वारा शीघ्र ही कार्रवाई नही किया गया तो पंचायत प्रतिनिधि द्वारा पुलिस अधीक्षक से मिलकर चौकी प्रभारी का शिकायत किया जाएगा।

इस संबंध में लवन चौकी प्रभारी पुरुषोत्तम कुर्रे ने कहा कि ग्राम पंचायत का शिकायत मिला है शराब चाहिए तभी कार्रवाई होगा। शराब बेच रहे कोचिया को पकड़ने के लिए मुखबीर लगाया गया है।

राजस्व अधिकारी कार्यों में प्रगति लायें : कलेक्टर डेहरे

गरियाबंद। जिले के नवपदस्थ कलेक्टर छतर सिंह डेहरे ने आज राजस्व अधिकारियों की प्रथम बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के राजस्व संबंधी फ्लैगशीप योजना की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के निराकरण के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। श्री डेहरे ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप राजस्व अधिकारी कार्यो में तेजी लाए, राजस्व प्रकरणों का निराकरण समयावधि में हो, शासन की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करते हुए जिले में राजस्व अधिकारियों की पृथक पहचान हो। बैठक में 7500 वर्गफूट भूमि का आबंटन, व्यवस्थापन तथा फ्रीहोल्ड, डायवर्सन की वसूली, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पंजीयन, वन अधिकार पत्रों का किसान सम्मान निधि में पंजीयन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए बैंक, आधार एवं नाम में हुए त्रुटियों में सुधार, सामुदायिक वन अधिकार के लंबित दावों का निराकरण तथा सीमांकन, बंटवारा, नामांकन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा शत् प्रतिशत निराकरण के निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने सीमाकंन प्रकरण के लंबित होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए तहसीलदारों को

आर.आई, पटवारी और कोटवार की संयुक्त टीम गठित कर प्रकरण निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने एस.डी.एम व तहसीलदारों को भू-अभिलेख मैन्युअल से आर.आई, पटवरियों को अवगत कराने कहा। एसडीएम, तहसीलदार द्वारा पटवारी बस्ता जांच अनिवार्य रूप से किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व अधिकारी प्रकरण लंबित न रखे। न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण वॉक सूची के क्रमानुसार सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर जे.आर. चौरसिया, एसडीएम जी.डी. वाहिले, अंकिता सोम, आशीष अनुपम टोप्पो, डिप्टी कलेक्टर ऋष्ा ठाकुर और तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और हल्का पटवारी उपस्थित थे।

कलेक्टर की अध्यक्षता में प्राकृतिक एवं बाढ़ आपदा प्रबंधन संबंधी बैठक संपन्न

गरियाबंद। कलेक्टर छतर सिंह डेहरे की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्राकृतिक एवं बाढ़ आपदा प्रबंधन के लिए राजस्व विभाग, जिला सेनानी एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक ली गई। कलेक्टर ने कहा कि बाढ़ एवं अतिवृष्टि से प्रभावित होने की संभावना वाले गांवों की पहचान कर लें। समय पर नालियों की साफसफाई हो जानी चाहिए, ताकि बारिश से नालियां जाम न हो। मकानों को कोई क्षति न हो, बाढ़ प्रभावित संभावित ग्रामों में ऐसे लोगों के दल गठन कर ले, जो तैरना जानते हो, जिससे बाढ़ से प्रभावित लोगों का तत्परता से बचाव कार्य हो सके। उन्होंने कहा कि बाढ़ आपदा से क्षति के त्वरित आंकलन की व्यवस्था रखें, ताकि नियमानुसार प्रभावितों को क्षतिपूर्ति हेतु सहायता राशि प्रदान की जा सके। कलेक्टर ने कहा कि बाढ़ आपदा की स्थिति में विभाग के सभी अधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करेंगे। कार्य योजना के पश्चात नामजत ड्यूटी आदेश लिखित में जारी करें। जिला स्तर के सभी अधिकारियों का नाम, पता और मोबाईल नम्बर रखी जाए। संबंधित विभाग द्वारा बाढ़ राहत हेतु आश्यकताओं की मांगपत्र राहत शाखा कलेक्टोरेट में शीघ्र प्रस्तुत किया जाए। खाद्य विभाग द्वारा चिहांकित राहत शिविरों के लिए पांच-पांच क्विंटल राशन का भण्डारण और संबंधित पीडीएस दुकान में 50 लीटर मिट्टी तेल का भण्डारण अभी से कर लिया जाए। राहत शिविर स्थल हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य टीम की ड्यूटी के साथ चिकित्सा व्यवस्था अभी से सुनिश्चित कर लिया जाए। कलेक्टर ने कहा कि कंट्रोल रूम चैबीस घंटे संचालित होंगे। ड्यूटीरत कर्मचारी प्राप्त सूचना पंजीबद्ध करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी एस.डी.एम सूचनातंत्र को मजबूत रखे और संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों का संपर्क नम्बर अपने पास रखे वक्त आने पर इनसे भी सहयोग ली जा सके।

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मिरगी में 86 विद्यार्थियों को किया गया सुखा राशन वितरण

अर्जुनी। भाटापारा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत मिरगी में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के 85 विद्यार्थियों को 1 मई से लेकर 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश के 45 दिन का सुखा राशन ज्ञान गंगा महिला स्व सहायता समूह द्वारा युवा सरपंच पिलाराम सेन ग्राम पंचायत सचिव केशव प्रसाद ध्रुव एवं शिक्षकों की उपस्थिति में वितरण किया गया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक ईश्वर प्रसाद रजक ने बताया कि कोविड-19 के मद्देनजर शासन की गाइडलाइन के अनुसार सोशल डिस्टेंस को ध्यान में रखते हुए 45 दिनों का सूखा राशन वितरण किया गया द्य इसके तहत प्रत्येक बच्चों को 6 किलो 750 ग्राम चावल 1 किलो 350 ग्राम दाल 675 ग्राम सोयाबीन बड़ी 450 ग्राम 350 ग्राम 375 ग्राम नमक का वितरण किया गया। स्व सहायता समूह के राजकुमारी वर्मा लता साहू मिना साहू शिक्षक गजपति प्रसाद ध्रुव हेमकुमार देवांगन पालकगण एवं पंच उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री समन्वय स्थानातंरण आदेश, केवल कागजों तक ही सीमित

छुरा। छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक -बी-1-1/2019/एक/4, दिनांक 28/5/ 2020 को कुमारी अर्चना पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर- रायपुर का प्रतिनियुक्ति- स्थानांतरण आदेश, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत- छुरा के लिए हुआ था, किंतु 20 दिनों के बाद भी छुरा जनपद में ज्वाइनिंग नहीं होने से छुरा ब्लॉक के लोगों को केवल निराशा ही हाथ लगा है, क्योंकि छुरा ब्लॉक के लोगों को डिप्टी कलेक्टर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर पदस्थापना से क्षेत्र में प्रशासनिक कसावट की उम्मीद नजर आ रहा था, किंतु ज्वाइनिंग नहीं होने से केवल क्षेत्र के लोगों को निराशा ही हाथ लगा है एवं छत्तीसगढ़ शासन और माननीय मुख्यमंत्री जी के समन्वय आदेश पर भी प्रश्न चिन्ह लग गया है। क्षेत्र के लोगों को अब छत्तीसगढ़ शासन के आदेश पर भी भ्रम पैदा होना शुरू हो गया है कि कहीं यह आदेश केवल कागजों में ही सीमित ना हो जाए। अतः छत्तीसगढ़ शासन एवं माननीय मुख्यमंत्री जी से अनुरोध है कि इस स्थानांतरण आदेश का पालन जरूर हो।

सेवा के साथ मिला रोजगार, यूनिफार्म तैयार कर रही समूह की महिलाएं

महासमुंद। कोरोना के संक्रमण से जहां पूरा विश्व अपार संकट से जूझ रहा है। ऐसी स्थिति में हमारा देश व राज्य भी अछूता नहीं है। महासंकट की इस दशा सेउबरने व रोकथाम व पीड़ितों की मदद के लिए राज्य सरकार द्वारा जिले में समुचित प्रबंध किया जा रहा है। महासमुंद जिला अंतर्गत विकास खंड महासमुंद तथा बसना के राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन व नाबार्ड के ई.शक्ति परियोजना से जुड़े स्व सहायता समूहों द्वारा सामाजिक संस्था निदान के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल के कोरोना हास्पिटल के लिए यूनिफ़ार्म तैयार किया जा रहा है। वर्तमान स्थिति में जहां चारों ओर जनजीवन अस्त व्यस्त है। कोरोना के दखल से रोजगार तथा स्वरोजगार पूर्ण रूप से रुक सा गया है। ऐसी दशा में बीमारी के भय के साथ-साथ आर्थिक समस्या एक बड़ी चुनौती के रूप मे सामने आई है। महिलाओं के हुनर को आजीविका से जोडने् सामाजिक संस्था निदान के मार्गदर्शन में महिलाओं द्वारा प्रतिदिन लगभग तीन जोड़े कपड़े तैयार किया जा रहा है। जिसका महिलाओं को 120 रुपए प्रति जोड़े का कुल 360 रुपए लाभ हो रहा है।

चीनी सेना के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

महासमुंद। प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में वास्तविक नियंत्रण रेखा के गलवान घाटी में चीनी सेना के द्वारा अनावश्यक झड़प किया गया। जिसमें भारतीय सेना अधिकारी सहित 2 जवान शहीद हो गए। इसके विरोध में स्थानीय नेहरू चौक में कांग्रेसजनों ने चीनी झंडे को आग के हवाले कर 'चीनी सेना मुर्दाबाद, भारतीय सेना जिंदाबाद' अमर शहीद अमर रहे का नारा लगाते हुए तीव्र प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने चीनी सेना द्वारा किए गए झड़प को कायराना बताते हुए कहा कि चीन हमेशा से ही दोगली और धोखेबाजी की नीति पर चलती है। हम इसका पुरजोर विरोध करते हैं। प्रभारी महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी हरदेव ढिल्लो ने कहा कि चीन और चीनी सेना को यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारा देश भारत 2020 का है ना कि 1962 का। जनपद अध्यक्ष भागीरथी चंद्राकर ने कहा कि 1965 में चीन धोखेबाजी करते हुए हिंदी चीनी भाई-भाई का नारा दिया, फिर धोखे से आक्रमण कर भारत को नुकसान पहुंचाया। लेकिन, अब परिस्थिति अलग है इसका खामियाजा चीन को भुगतना पड़ सकता है। इस दौरान शहर अध्यक्ष जसबीर ढिल्लो, पूर्व कोषाध्यक्ष जिला कांग्रेस सुरेश द्विवेदी, पूर्व पार्षद खिलावन बघेल, शहर महामंत्री हार्दिक सोना, प्रदीप चंद्राकर, एल्डरमैनगण अनवर हुसैन, जावेद चौहान, सुनील चंद्राकर, स्पोर्ट्स सेल अध्यक्ष निर्मल जैन, पार्षद निखिलकांत साहू, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शाहबाज राजवानी, राजा सोनी, हरबंश मक्कड़, पूर्व पार्षद लखन चंद्राकर, पुनीत पटेल, बसंत चंद्राकर, लीलू साहू, गोपी पाटकर, सच्चिदानंद ठाकुर, लोकेशचंदन साहू, रमेश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए।

कंटेनमेंट जोन में प्रावधान के अंतर्गत होगी कार्रवाई

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। कटेंनमेंट जोन के चिन्हित क्षेत्र अंतर्गत सभी दुकानें एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठान आगामी आदेश पर्यन्त बंद रहेंगे। प्रभारी अधिकारी द्वारा उक्त क्षेत्र में घर पहुंच सेवा के माध्यम से आवश्यक वस्तु की आपूर्ति उचित दरों पर सुनिश्चित की जाएगी। सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। मेडिकल इमरजेंसी को छोड़कर अन्य किन्हीं भी कारणों से घर के बाहर निकलना प्रतिबंधित होगा। स्वास्थ्य विभाग के मानकों के अनुरूप व्यवस्था के लिए पुलिस पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार आवश्यक सर्विलांस कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग एवं सैम्पल जांच आदि की कार्रवाई की जाएगी।

जिले के 24 गांव कंटेनमेंट जोन में

जिले में महासमुंद का महामाया पारा के अलावा बागबाहरा शहर सहित 24 गांव फिलहाल कंटेनमेंट जोन में शामिल हैं। इसमें से कई गांवों के मरीज स्वस्थ होकर वापस भी लौट चुके हैं। इसके बावजूद कंटेनमेंट जोन के नियमों के तहत 28 दिन तक ये इसी जोन में रहेंगे। इसमें सरायपाली के 7 गांव, बसना के 8, पिथौरा के 4 और बागबाहरा के 5 गांव शामिल है। वहीं आज ब्लॉकवार जारी रेड, आरेंज व ग्रीन जोन की सूची जारी कर दी गई है, जिसमें बीते सप्ताह की तरह ही इस बार भी बागबाहरा, बसना और सरायपाली ब्लॉक को रेड जोन में रखा गया है।

जिले में 02 धनात्मक प्रकरण मिले

महासमुंद। जिले में मंगलवार को कुल 02 धनात्मक प्रकरण की पुष्टि हुई है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर ने जाँच के बाद धनात्मक रिपोर्ट की सूचना जिला प्रशासन को दी है। जिला प्रशासन द्वारा इसकी पुष्टि की गई है। ये दोनो पॉजिटिव पुरूष हैं। इनमें से एक 55 वर्ष और दूसरा 13 वर्ष का हैं। 55 वर्षीय व्यक्ति जिला मुख्यालय सुभाष नगर का है, जो चेन्नई से लौटा है जो क्वारेंटाईन सेंटर पर रह रहा था। इसी प्रकार 13 वर्षीय बालक सरायपाली विकासखण्ड के ग्राम सिंघोड़ा का हैं, जो बरगढ़ (ओड़िशा) के एक हॉस्पिटल से उपचार कराकर लौटा था, उन्हें होम क्वारेंटाइन पर रखा गया था। इन्हें कोविड हॉस्पिटल भेजने की तैयारी की जा रही है।

ग्राम बम्हनी कटेंनमेंट जोन घोषित

महासमुंद। जिले के पिथौरा ब्लाक स्थित ग्राम बम्हनी के मरीज की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव पाए जाने के कारण कोरोना वायरस के संक्रमण के फैलाव को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम बम्हनी को कन्टेंनमेंट जोन घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कार्तिकेया गोयल ने बताया कि जिले के मरीजों का सैम्पल जांच के लिए भेजा गया है। कंटेनमेंट जोन में उत्तर दिशा में खीलाल का खेत, दक्षिण दिशा में कृषि विभाग का भवन, पूर्व दिशा में नारायण का खेत एवं पश्चिम दिशा में शासकीय भूमि खार शामिल हैं। इसके अलावा उक्त कन्टन्टमेंट जोन के अलावा 03 किलोमीटर की परिधि को बफर जोन घोषित किया गया है।

बैठक समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा, फसलों की सुरक्षा हेतु गांवों में हो पशुओं के लिए रोका-छेका

गौठानों में हो पशुधन के लिए बेहतर व्यवस्था : कलेक्टर डेहरे

गरियाबंद। कलेक्टर छतर सिंह डेहरे ने अधिकारियों की समय-सीमा बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। वहीं गांवों में पशुओं के लिए गौठानों में बेहतर व्यवस्था करने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के मंशा से अवगत कराते हुए कहा कि खरीफ फसल को मवेशियों से बचाने रोका-छेका की प्रक्रिया अपनाने गांव वालों को प्रेरित करें। इसके तहत गांव वाले रायसुमारी कर फसल को मवेशी न चर पाये इस हेतु वे स्वयं व्यवस्था सुनिश्चित कर सकते हैं। कलेक्टर ने सभी एस.डी.एम, जनपद सीईओ और तहसीलदार को संबंधित क्षेत्र के नवनिर्मित गौठान और गांव के पारंपरिक गौठान में पशुओं के लिए चारे आदि की पर्याप्त व्यवस्था रखने कहा। उन्होंने ग्राम पंचायत और नगरीय क्षेत्रों में कांजी हाउस को भी व्यवस्थित करने कहा। ताकि आवश्यकता पड़ने पर लावारिस पशुओं को यहां रखा जा सके। कलेक्टर ने कहा कि जिले के गौठान और कांजी हाउस की सूची पशु चिकित्सा विभाग को उपलब्ध करा दी जाए, ताकि समय-समय पर पशु चिकित्सक पशुओं के ईलाज के लिए पहुंच सके। समीक्षा के दौरान उन्होंने वन अधिकार पट्टा वितरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, नगरीय क्षेत्रों में 7 हजार 500

वर्गफीट भूमि आबंटन और डायवर्सन के प्रकरण में प्रगति लाने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। स्कूल भवनों में अतिक्रमित भूमि का सीमांकन कराने डी.ई.ओ को निर्देशित किया। विकासखण्डों में चिन्हांकित भूमि में उद्यानिकी विभाग द्वारा पौधरोपण कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने शासन के मंशा के अनुरूप मितव्यता बरतने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए वित्तीय वर्ष 2019-20 में प्राप्त बजट व हुए खर्च तथा वर्ष 2020-21 हेतु प्राप्त बजट व अब तक हुए खर्च से जिला कार्यालय को अवगत कराने कहा। कलेक्टर ने विभागों के माननीय हाईकोर्ट में लंबित प्रकरणों पर जवाब दावा प्रस्तुत करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कोविड-19 के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक सावधानियां बरतने कहा। बैठक में पीएमओजीपी, जन चैपाल, पीजीएन के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई तथा गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिये गये। बैठक में जिला पंचायत के सी.ई.ओ श्री विनय कुमार लंगेह, अपर कलेक्टर जे.आर. चौरसिया, एसडीएम जी.डी. वाहिले, अंकिता सोम, आशीष अनुपम टोप्पो, डिप्टी कलेक्टर ऋष्ा ठाकुर, सभी जनपद सीईओ और समस्त विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

■ न्यूज गैलरी

एमजी मोटर के हलोल संयंत्र में हेक्टर प्लस का उत्पादन शुरू

नई दिल्ली (वार्ता)। यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी एमजी मोटर इंडिया ने अपने नये यात्री वाहन हेक्टर प्लस के वाणिज्यिक उत्पादन की शुरुआत कर दी है। कंपनी ने आज यहां बताया कि अत्याधुनिक हलोल संयंत्र में निर्मित हेक्टर प्लस को पहली बार ऑटो एक्सपो 2020 में प्रदर्शित किया गया था और जुलाई 2020 से इसकी बिक्री शुरू होगी। हेक्टर प्लस और भारत की पहली इंटरनेट कार हेक्टर का सबसे बड़ा अंतर है बीच की कैप्टन सीटें। कंपनी के मुख्य संयंत्र अधिकारी मनीष मानेक ने कहा कि हेटर प्लस का लक्ष्य विशिष्ट पारिवारिक जरूरतों को मध्य पंक्ति में कैप्टन सीटों और किशोरों के लिए तीसरी पंक्ति जोड़कर पूरा करना है। हेक्टर ब्रांड परिवार को आगे बढ़ाते हुए हेक्टर प्लस एडवांस टेक्नोलॉजी, बेस्ट-इन-क्लास सुरक्षा और बेजोड़ सुविधा के साथ सबसे बेहतर विकल्प के रूप में उपलब्ध है।

नया नोकिया 5310 फोन लांच

नई दिल्ली (वार्ता)। मोबाइल फोन बनाने वाली कंपनी 'होम ऑफ नोकिया फोंस' एचएमडी ग्लोबल ने आज नोकिया 5310 लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि नोकिया 5310 के ओरिज़नल एक्सप्रेस म्यूज़िक के साथ एमपी3 प्लेयर एवं एफएम रेडियो (जो वायर या वायरलेस से चल सकता है) तथा ड्युअल फ्रंट स्पीकर है। नोकिया 5310 में क्लासिक डिज़ाईन और स्लीक नया फील तथा लंबी चलने वाली बैटरी है। नोकिया 5310 की घोषणा मार्च 2020 में वैश्विक मंच के लिए की गई और अब यह भारत में लॉंच किया जा रहा है। 16 जून से नोकिया 5310 नोकिया. कॉम /फोंस से प्रीबुक किया जा सकेगा। इसकी बिक्री 23 जून से शुरू की जायेगी। इसकी कीमत 3399 रुपये है।

वायदा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट

नई दिल्ली। कमजोर हाजिर मांग के कारण वायदा कारोबार में बुधवार को सोने की कीमत में 0.34 की गिरावट देखने को मिला। सोने का वायदा भाव अब 47,406 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। एमसीएक्स में अगस्त महीने में डिलिवरी वाले सोने की वायदा कीमत 161 रुपये गिरकर 47,406 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जिसमें 14,002 लॉट का कारोबार हुआ। इसी तरह अक्टूबर महीने में डिलिवरी वाले सोने की वायदा कीमत 165 रुपये यानी 0.35 प्रतिशत की कमी के साथ 47,612 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई, जिसमें 5,603 लॉट का कारोबार हुआ। वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना भाव 0.28 प्रतिशत गिरकर 1,731.60 डॉलर प्रति औंस हो गया। सोने के साथ ही चांदी का वायदा भाव भी 243 रुपये गिरकर 48,087 प्रति किलो रह गया।

यूपी के गौरजीत, लंगड़ा और चौसा को जीआई टैग दिलाने का प्रयास

उत्तर प्रदेश के लंगड़ा, चौसा और गौरजीत आम को भौगोलिक पहचान दिला कर निर्यात से किसानों की आय बढ़ाने तथा व्यापार में धोखाधड़ी को रोकने के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

नई दिल्ली (वार्ता)। मलिहाबादी दशहरी के जीआई रजिस्ट्रेशन में योगदान के पश्चात केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान लखनऊ मंडी परिषद के सहयोग से उत्तर प्रदेश की विशेष धरोहर गौरजीत, बनारसी लंगड़ा और चौसा को भी यह मान्यता दिलाने के लिए प्रयासरत है। उत्तर प्रदेश के इन आमों का कोई मुकाबला नहीं, परंतु जीआई रजिस्ट्रेशन के पश्चात देश -विदेश में इनका अच्छा बाजार बनाने में और सुगमता होगी । किसानों को आम का अच्छा मूल्य दिलाने के लिए भविष्य में यह रजिस्ट्रेशन सहायक होगा। विशेष भौगोलिक पहचान मिलने से इन आमों के उत्पादकों को अच्छी कीमत मिलना संभव है और अन्य क्षेत्रों के उत्पादकों द्वारा नाम का अनधिकृत उपयोग कर अपने फलों का दूसरे नामों से मार्केटिंग करने पर रोक लग सकेगी।

केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के निदेशक शैलेन्द्र राजन के अनुसार मलिहाबाद, माल एवं काकोरी के दशहरी के अतिरिक्त आम की नौ प्रजातियों को जीआई रजिस्ट्रेशन प्राप्त है। रत्नागिरी का अल्फांसो, गिर (गुजरात) केसर, मराठवाड़ा का केसर, आंध्र प्रदेश का बंगनापल्ली, भागलपुर का जरदालु, कर्नाटक के शिमोगा का अप्पीमिडी, मालदा (बंगाल) का हिमसागर, लक्ष्मण भोग और फज़ली यह गौरव प्राप्त कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश के आमों की विविधता, गुणवत्ता एवं उत्पादन को देखते हुए केवल दशहरी को रजिस्ट्रेशन प्राप्त होना पर्याप्त नहीं है । गौरतलब है की पश्चिम बंगाल की आम की तीन किस्मों को रजिस्ट्रेशन प्राप्त हो चुका है ।

डॉ राजन ने बताया कि कई बार जीआई रजिस्ट्रेशन प्राप्त आमों को बेचने के लिए विक्रेता धांधली करने से नहीं चूकते हैं और मुनाफा मूल क्षेत्रों के उत्पादक को नहीं मिल पाता है । भले ही अल्फांसो आम कर्नाटक या तमिलनाडु का हो उसे व्यापरियों द्वारा रत्नागिरी अल्फांसो का नाम दे देना आसान है । कर्नाटक के अल्फांसो विक्रेता, रत्नागिरी अल्फांसो के नाम का फायदा उठा लेते हैं । मलिहाबादी दशहरी के नाम से हरियाणा, हिमाचल, मध्य प्रदेश और कई अन्य प्रदेशों की दशहरी भी बेची जाती है। आवश्यकता है कि जीआई द्वारा नाम के दुरूपयोग को रोका जाए और आवश्यक प्रमाणीकरण के आधार पर ही जीआई उपयोग करने की अनुमति दी जाए। डॉ राजन के अनुसार भौगोलिक संकेतक (जीआई) का इस्तेमाल ऐसे उत्पादों के लिये किया जाता है, जिनका एक विशिष्ट मूल स्थान होता है। इन उत्पादों की विशेषता एवं प्रतिष्ठा एक क्षेत्र विशेष से उत्पादित होने के कारण होती है। यह संकेतक उत्पाद की गुणवत्ता और उत्पादन के मूल स्थान का आश्वासन देता है।

विचार करने के लिए रिजर्व बैंक और वित्त मंत्रालय को मिला समय

मोरेटोरियम पर सुप्रीम कोर्ट में ब्याज माफी मामले की सुनवाई टली

नई दिल्ली। मोरेटोरियम पर ब्याज माफी मामले की आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई थी। इस मामले में आज सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त के पहले हफ्ते तक के लिए सुनवाई टाल दी। सुप्रीम कोर्ट ने ब्याज माफी मामले पर विचार करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक और वित्त मंत्रालय को अधिक समय दिया है। बैंक ने कोर्ट को बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा समय दिए जाने से ब्याज माफी के कुल बोझ का आकलन करने में मदद करेगा।बता दें बैंक ब्याज माफी के हक में नहीं है।

इससे पहले शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अधिकारियों को तीन महीने के भीतर एक संयुक्त बैठक बुलाने के लिए कहा था ताकि यह तय किया जा सके कि 31 अगस्त तक छह महीने की अवधि के दौरान ईएमआई पर ब्याज बैंकों द्वारा वसूला जा सकता है या नहीं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार तक सुनवाई को स्थगित कर दिया था।

इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि वो ब्याज माफ करने के लिए नहीं बल्कि टालने की बात कर रहा है। वित्त मंत्रालय और आरबीआई को आपस में बैठक करने को लेकर कोर्ट ने कहा कि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता दोनों की बैठक का इंतजाम करें। बता दें पिछली सुनवाई में कोर्ट ने कहा था कि आर्थिक पहलू लोगों के स्वास्थ्य से बढ़कर नहीं है। ये सामान्य समय नहीं हैं। एक ओर ईएमआई पर मोहलत दी जा रही है, लेकिन ब्याज में कुछ भी नहीं। यह ज्यादा नुकसान वाली बात है।

इससे पहले शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अधिकारियों को तीन महीने के भीतर एक संयुक्त बैठक बुलाने के लिए कहा था ताकि यह तय किया जा सके कि 31 अगस्त तक छह महीने की अवधि के दौरान ईएमआई पर ब्याज बैंकों द्वारा वसूला जा सकता है या नहीं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार तक सुनवाई को स्थगित कर दिया था।

आगरा निवासी शर्मा ने दायर की है याचिका

आगरा निवासी शर्मा ने ऋण स्थगन अवधि के दौरान की कर्ज की राशि के भुगतान पर ब्याज वसूल नहीं करने की राहत देने का सरकार और रिजर्व बैंक को निर्देश देने का अनुरोध किया है। केन्द्र की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह इस संबंध में वित्त मंत्रालय का जवाब दाखिल करना चाहेंगे और इसके लिए उन्हें वक्त चाहिए। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव दत्ता ने कहा कि अब स्थिति साफ है और रिजर्व बैंक कह रहा है कि बैंक का मुनाफा प्रमुख है। बता दें होम लोन, पर्सनल लोन, वाहन कर्ज की ईएमआई चुका रहे लोगों के लिए आरबीआई ने राहत दी है। इसके मुताबिक उपभोक्ता जून, जुलाई और अगस्त की अपनी किस्त चाहें तो होल्ड कर सकते हैं। यानी अगर आप अगले 3 महीने तक अपने लोन की ईएमआई नहीं देते हैं तो बैंक दबाव नहीं डालेगा। इससे पहले भी आरबीआई मार्च,अप्रैल और मई की ईएमआई होल्ड करने की छूट दे चुका था।

मई में महज 2.81 लाख लोगों ने की हवाई यात्रा

घरेलू मार्गों पर दो महीने के अंतराल के बाद यात्री उड़ानें शुरू होने के बाद मई में दो लाख 81 हजार लोगों ने हवाई यात्रा की।

नई दिल्ली (वार्ता)। कोविड-19 का संक्रमण रोकने के लिए दो महीने की रोक के बाद 25 मई से घरेलू यात्री उड़ानें दुबारा शुरू की गई थीं इसलिए महीने के दौरान सिर्फ अंतिम एक सप्ताह में उड़ानों का परिचालन हुआ। ऐसे में एक साल पहले की तुलना में इस साल मई के आँकड़ों में भारी गिरावट रही है।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के आँकड़ों के अनुसार, मई 2019 में घरेलू मार्गों पर एक करोड़ 21 लाख 87 हजार लोगों ने हवाई यात्रा की थी। इस प्रकार इस साल मई में इसमें 97.69 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। उड़ानों पर प्रतिबंध के कारण इस साल जनवरी से मई के दौरान यात्रियों की संख्या तीन करोड़ 31 लाख 94 हजार रही है जो पिछले साल की समान अवधि के पाँच करोड़ 86 लाख 34 हजार की तुलना में 43.39 प्रतिशत कम है।

मई में विमानों में यात्रियों की संख्या भी काफी कम रही। स्पाइसजेट, एयर इंडिया और इंडिगो को छोड़कर अन्य विमान सेवा कंपनियों की आधी से ज्यादा सीटें खाली रहीं। स्पाइसजेट का पैसेंजर लोड फैक्टर (पीएलएफ) 57.2 प्रतिशत, एयर इंडिया का 54 प्रतिशत और इंडिगो का 52.6 प्रतिशत रहा। एयर एशिया का पीएलएफ 46 प्रतिशत, विस्तारा का 44.1 प्रतिशत, स्टार एयर का 36.6 प्रतिशत और ट्रूजेट का 24.3 प्रतिशत रहा।

डीजीसीए ने बताया कि यात्रियों की संख्या के लिहाज से मई में इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी 50.6 प्रतिशत, एयर इंडिया की 17.1 प्रतिशत, स्पाइसजेट की 17.1 प्रतिशत, एयर एशिया की 7.8 प्रतिशत और विस्तारा की 6.5 प्रतिशत रही।

कारोबार | सेंसेक्स में 200 अंकों की तेजी, 10000 के करीब पहुंचा निफ्टी

शेयर बाजार में फिर से लौटी रौनक

नई दिल्ली। मोरेटोरियम पर सुप्रीम कोर्ट में ब्याज माफी मामले की सुनवाई टलने और विचार करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक और वित्त मंत्रालय को समय मिलने की खबर के बाद शेयर बाजार में बैंक स्टॉक में तेजी देखने को मिल रही है। वहीं सेंसेक्स अब 222.47 अंकों की उछाल के साथ 33,827.69 के स्तर पर तो निफ्टी भी 59.95 अंकों की तेजी के साथ 9,973.95 के स्तर पर पहुंच गया है। आज शेयर बाजार गिरावट के साथ खुले। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 166 अंकों की गिरावट के साथ 33438 के स्तर पर खुला। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी दिन के कारोबार की शुरुआत कमजोरी के साथ 9,876.70 के स्तर से की। इससे पहले मंगलवार को सेंसेक्स 376.42 अंकों की बढ़त के साथ 33,605.22 के स्तर पर बंद हुआ तो वहीं निफ्टी 100.30 अंक ऊपर 9,914.00 के स्तर पर।

बता दें मोरेटोरियम पर ब्याज माफी मामले की आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई है। रिजर्व बैंक और वित्त मंत्रालय अपना पक्ष रखेंगे। बैंक ब्याज माफी के हक में नहीं है। इसको लेकर भी बैंकों के शेयर दबाव में दिख रहे हैं। एक्सिस बैंक 0.62त, एचडीएफसी बैंक 0.80त, आईडीएफसी फर्स्ट, 1.00त नुकसान के साथ कारोबार कर रहे हैं। वहीं बैंक ऑ बड़ौदा, कोटक महिंद्रा, फेडरल बैंक, पीएनबी, ICICIBANK, एसबीआई, बंधन बैंक, इंडसइंड बैंक, आरबीएल भी लाल निशान पर हैं।वहीं एलएसी पर चीन के साथ झड़प में भारत के 20 जवान शहीद और चीन के भी 43 सैनिकों के घायल होने या मारे जाने की खबर के बाद चीन और भारत में बढ़ रहे तनाव को देखते हुए भी बाजार में कमजोरी दिख रही है।

आज शेयर बाजार गिरावट के साथ खुले। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 166 अंकों की गिरावट के साथ 33438 के स्तर पर खुला। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी दिन के कारोबार की शुरुआत कमजोरी के साथ 9,876.70 के स्तर से की। इससे पहले मंगलवार को सेंसेक्स 376.42 अंकों की बढ़त के साथ 33,605.22 के स्तर पर बंद हुआ तो वहीं निफ्टी 100.30 अंक ऊपर 9,914.00 के स्तर पर।

एचपीसीएल का चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ 99 प्रतिशत घटा

सार्वजनिक क्षेत्र की हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) का शुद्ध लाभ 31 मार्च, 2020 को समाप्त तिमाही में 99 प्रतिशत घटकर 27 करोड़ रुपये रह गया। रिफाइनिंग मार्जिन कम होने और अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल के दाम में नरमी से पेट्रोलियम भंडार पर हुए नुकसान के कारण कंपनी का लाभ कम हुआ है। इससे पूर्व वित्त वर्ष 2018-19 की इसी तिमाही में कंपनी ने 2,970 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। एचपीसीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक एम के सुराना ने संवाददाताओं से कहा, ''शुद्ध लाभ में कमी का मुख्य कारण पहले के बचे तेल भंडार पर नुकसान और विनिमय दर में उतार-चढ़ाव है।

दिल्ली में डीजल के दाम ऐतिहासिक उच्चतम स्तर पर, पेट्रोल 77 रुपये

नई दिल्ली (वार्ता)। कीमतों में लगातार 11वें दिन बड़ी बढ़ोतरी से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज डीजल के दाम ऐतिहासिक उच्चतम स्तर पर पहुँच गये तथा पेट्रोल 19 महीने बाद 77 रुपये प्रति लीटर से महँगा बिका। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में डीजल की कीमत आज 60 पैसे बढ़कर 75.79 रुपये प्रति लीटर हो गई जो अब तक का उच्चतम स्तर है। इससे पहले दिल्ली में इसका अधिकतम खुदरा मूल्य 17 अक्टूबर 2018 को 75.69 रुपये प्रति लीटर रहा था। पेट्रोल की कीमत 55 पैसे बढ़कर 77.28 रुपये प्रति लीटर पर पहुँच गई जो 15 नवंबर 2018 के बाद का उच्चतम स्तर है। देश में पेट्रोल-डीजल के दाम 07 जून से रोजाना बढ़ रहे हैं। इन 11 दिनों में दिल्ली में पेट्रोल 6.02 रुपये यानी 8.45 प्रतिशत और डीजल 6.40 रुपये यानी 9.22 प्रतिशत महँगा हो चुका है। पेट्रोल की कीमत कोलकाता और मुंबई में आज 53-53 पैसे बढ़कर क्रमशः 79.08 रुपये और 84.15 रुपये प्रति लीटर पर पहुँच गई। चेन्नई में यह 49 पैसे बढ़कर 80.86 रुपये प्रति लीटर रही। डीजल कोलकाता में 54 पैसे महँगा होकर 71.38 रुपये, मुंबई में 57 पैसे महँगा होकर 74.32 रुपये और चेन्नई में 52 पैसे की वृद्धि के साथ 73.69 रुपये प्रति लीटर बिका।

आज का भविष्यफल

मेषः आज का दिन मेष राशि वालों के लिए राहत एवं सुख सुविधाओं से भरा रहेगा। आज मानसिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा। नई ऊर्जा का संचार मन को प्रसन्न रखेगा।

वृषभः आज आपको विशेष सावधानी रखनी होगी। आज किसी प्रिय वस्तु के गुम होने की संभावना है। किसी अपने के साथ वाद-विवाद का भी योग है। आर्थिक रूप से आज खर्चे कुछ बढ़े रहेंगे।

मिथुनः मिथुन राशि वालों के लिए आज का दिन बेहद खास है। आज कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा। इससे मन में उल्लास रहेगा। नई योजनाएं सफलता दिलाएंगी।

कर्कः कर्क राशि वालों के लिए आज का दिन सामान्य है। आज आप जितना कर्म करेंगे उसी अनुपात में लाभ मिलने की संभावनाएं भी बनेंगी। परिवार में शांति का माहौल रहेगा।

सिंहः आज सिंह राशि वालों का भाग्य उनका साथ देगा। कई दिनों से चली आ रही मानसिक दिक्कतें भी खत्म हो जाएंगी। किसी नई जगह जाने का योग है।

कन्याः कन्या राशि वालों को आज वाहन धीमी गति से चलाना चाहिए। साथ ही अनावश्यक कार्य के लिए बाहर न निकलना ही ठीक रहेगा। आज शत्रु प्रबल रहेंगे इसलिए परिवार के साथ ही समय व्यतीत करें।

तुलाः तुला राशि वालों के लिए आज का दिन नई ऊर्जा एवं नई संभावनाएं लेकर आया है। आज आपकी प्रियजनों से मुलाकात होने का योग है। इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

वृश्चिकः आज धन प्राप्ति का योग है। आज आपको मायके से कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा। शत्रु आज निर्बल रहेंगे।

धनुः आज का दिन धनु राशि वालों के लिए मिश्रित शुभाशुभ फल प्रदान करेगा। आज एक तरफ मन में उदासी रहेगी तो दूसरी तरफ भविष्य की रणनीति मन में चल रही होगी।

मकरः आज का दिन आपके लिए मंगलमय है। आज आप जितना कर्म करेंगे भाग्य उसे दोगुना करके शुभ फल के रूप में आपको प्रदान करेगा। आपको पराक्रम से सफलता मिलेगी। इससे मन में असीम ऊर्जा का संचार होगा।

कुंभः आज का दिन आपके लिए मंगलमय है। आज आप जितना कर्म करेंगे भाग्य उसे दोगुना करके शुभ फल के रूप में आपको प्रदान करेगा। आपको पराक्रम से सफलता मिलेगी।

मीनः मीन राशि वालों के लिए आज का दिन मिश्रित प्रभाव वाला। यानी कि आज के दिन ना काहू से दोस्ती ना काहू से बैर वाली कहावत चरितार्थ होगी।

सू- दोकू क्र.056

	1			4			7	
		6	9		2			1
	7			6		8		2
1							8	
	8			5		2		3
3		2			4		1	
	3		2			4		
		8		1	6			7
9			4				2	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 55 का हल

3	9	6	8	2	5	4	7	1
8	2	5	1	7	4	6	3	9
7	1	4	6	9	3		2	5
1	8	9	3	6	7	8	5	4
2	6	7	5	4	8	1	9	3
5	4	3	9	1	2	7	8	6
6	7	2	4	3	9	5	1	8
9	5	1	7	8	6	3	4	2
4	3	8	2	5	1	9	6	7

शब्द सामर्थ्य -056

बाएं से दाएं :
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. गैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

ऊपर से नीचे
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 55 का हल

स्वा	द		सा	म	ना		कै	दी
व		ख	ल	ना	य	क		वा
लं	प	ट		ना	क	क	ट	ना
बी		प				ड़ी		प
	अ	ट	प	टा			शा	न
स	ह		यो			र	ति	
ह	म		द	र	ब	द	र	
म	क	र		सी	ल			
त		क्षा		द	वा	खा	ना	

नव प्रदेश

हाथियों की एग्जाई लोकेशन से वाकिफ नहीं फॉरेस्ट

बीमार एलिफेंट की घटना ने खोली विभाग की पोल

नव प्रदेश संवाददाता

कोरबा। हाथियों की अपडेट लोकेशन के बारे में जिस तरह वन विभाग दावा करता है उसे बीमार बेबी एलिफेंट की घटना ने खोखला कर दिया है। सवाल यह उठता है कि आखिरकार बीमार हाथी इतने दिन जंगल मे भटकता रहा और अधिकारियों की इसकी भनक भी नही लगी। अब जाकर जब हाथी मरणासन्न अवस्था मे है तब इलाज की औपचारिकता का निर्वहन किया जा रहा है। हाथी के स्वास्थ्य में सुधार आएगी इसकी कम अपेक्षा नज़र आ रही है।

विगत कुछ वर्षों से हाथियों के मरने का आंकड़ा बढ़ते ही जा रहा है। यह पहली घटना है जब कोई बेबी एलिफेंट बीमार हुआ है जाहिर सी बात है जंगल मे जो महकमा तैनात रहे है वह भी इसकी अनदेखी करते रहे है। वह तो सही हुआ कि हाथी किसान के घर के आगे आकर गिर गया और उसकी जानकारी विभाग

को समय पर मिल गई। यदि यही हाथी जंगल के बीच मे कही गिर गया होता तो उसके लाश सड़ने के बाद ही विभाग को जानकारी मिलती। सोचने वाली बात यह है कि हाथियों से भरे पूरे जंगल मे त्वरित इलाज के लिए चिकित्सक नही है। जब कभी यंहा हाथी बीमार पड़ते है तो उन्हें त्वरित इलाज नही मिलाता और उन्हें वाइल्ड लाइफ के चिकित्सकों इंतजार करना पड़ता है तब तक हालात और गंभीर हो जाता है जैसे गुरमा में हाथी की हो रही है।

इसका भी अंदेशा

वनांचल क्षेत्र में महुआ शराब बनाने का प्रचलन है। महुआ शराब को जल्दी तैयार करने उसमे यूरिया भी मिलाया जाता है। ग्रामीण अंचलों से मिली जानकारी की माने तो बेबी एलिफेंट जंगल मे फेंके महुआ शराब के पाश जिसमे यूरिया मिला रहता है उसे खाने का अंदेशा लगा रहे है। यही वजह है कि बेबी एलिफेंट पूरी तरह से अस्वस्थ हो चुका है। हालांकि वन विभाग के अधिकारी इस बात से इंकार कर रहे है लेकिन हाथी की तबियत खराब के पीछे का कारण भी वन विभाग नही बता पा रहा है। जिससे जाहिर है हाथी की बीमारी को जानबूझकर छुपाया जा रहा है।

त्रिपल एम पर काम कर रहे वन अमला

वन मण्डल में तैनात वन अमला त्रिपल एम की तर्ज पर काम कर रहा है। पहला मनी, मोबाइल और ऊपर के अधिकारियों को मैनेज करने ज्यादा फोकस रहता है, और अपने मूल कार्य को दरकिनार कर रहे है थी वजह है कि बेबी एलिफेंट बीमार होकर मानव की शरण मे आ जाता है तब वन अमला को भनक लगती है। जबकि हरेक बीट में बीट गार्ड की तैनाती है और रेंज में रेंजर भी वन्यजीवों की मॉनिटरिंग करते है। बाउजूद इसके बीमार हाथी का अंदाजा न लगा पाना वन विभाग के काम काज की पोल खोलता है।

चल रहा इलाज-एसडीओ

बीमार एलिफेंट का इलाज वन विभाग के अधिकारियों की देखरेख में चल रहा है। अभी भी हाथी खड़ा नही हो पा रहा है। बीमारी के बारे में स्पष्ट जानकारी नही है लेकिन डिजाइड्रेशन की वजह से हाथी काफी कमजोर हो चुका है।

आशीष खेलवार, एसडीओ वन मंडल कोरबा

सेहत में हो रहा सुधार

गुरमा में मिले घायल हाथी का उपचार विशेषज्ञयो की टीम कर रही है। हाथी के सेहत में पहले से काफी सुधार आया है। यूरिया युक्त महुआ खाने की बात बेबुनियाद है। पहले की तुलना में अभी हालात ठीक है।

अनिल सोनी, पीसीसीएफ, बिलासपुर

अस्पताल में गुटखा खाकर किया हुड़दंग, लगा जुर्माना

■ **जिला चिकित्सालय में गुटखा खाते एक युवक पकड़ाया**

नव प्रदेश संवाददाता

महासमुंद। जिला चिकित्सालय में भटगांव, गुंडरदेही के रहने वाले एक युवक को घूमते हुए गुटखा चबाना उस वक्त भारी पड़ गया, जब वह चालाकी से गुटखा छिपाए परिसर के भीतर प्रवेश कर गया और उसने मुंह में लगाए मास्क की आड़ में गुटखा का सेवन कर रहा था। इस बीच चहल-कदमी करते हुए जब वह प्रसूती वार्ड के नजदीक पहुंचा तो वहां तैनात सुरक्षाकर्मी की नजर उस पर पड़ गई। फिर पहले तो उसे समझाईश दी गई की वह बाहर जाकर गुटखा थूक आए। लेकिन नियम और कायदे को ताक में रखने वाला युवक उल्टा सुरक्षाकर्मियों पर ही बरस पड़ा और बड़े-बड़े लोगों तक अपनी पहुंच का हवाला देते हुए धमकी देने लगा। सुरक्षाकर्मी द्वारा इसकी सूचना चिकित्सालय प्रबंधन के जिम्मेदार अफसरों को दी गई। इस पर सुरक्षाकर्मियों सहित नगर सैनिकों का दल भी मौके पर आ पहुंचा। इस दौरान करीब आधे घंटे तक युवक ने सबको परेशान किया। शोर बढ़ता देख अन्य मरीजों की परेशानी को समझते हुए उसे चिकित्सालय भवन के बाहर ले जाया गया। लेकिन बार-बार उसे समझाने के बाद भी जब युवक अपनी गलती मानने को तैयार नहीं हुआ तब सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ आरके परदल के निर्देश पर उससे दो सौ रुपए का चालान काट सरकारी खजाने में जमा किया गया। बताया जा रहा है कि उक्त युवक अपने तीन साथियों के साथ जिला चिकित्सालय में दाखिल हुआ था, जो अपने परिचित के भर्ती मरीज से मिलने के लिए आया था।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान परिस्थिति में अस्पताल में एक मरीज के साथ केवल एक ही परिजन के रुकने की अनुमति है। चिकित्सालय प्रबंधन को युवक और उसके साथियों द्वारा चिकित्सालय परिसर में अनायास भीड़ बढ़ाना भी तर्कसंगत नहीं लगा। चालानी कार्रवाई के साथ-साथ युवक को चिकित्सालय की पूरी नियमावली से भी अवगत करते हुए दोबारा नियम न तोडऩे की कड़ी हिदयत दे कर छोड़ा गया।

नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर के बाद कार्यकर्ताओं ने थाने में दिया धरना

नव प्रदेश संवाददाता

कोरबा। दीपका नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद उनके समर्थकों ने बुधवार को थाने का घेराव कर दिया। दर्जनभर से ज्यादा कार्यकर्ता थाने के सामने धरने पर बैठ गए। इसके बाद से नगर पालिका दीपका क्षेत्र सहित जिले में सरगर्मी तेज हो गई है।

दरअसल नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ वन रक्षक के साथ अभद्रता व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। वन रक्षक उर्मिला देवी राज वन विभाग की जमीन पर खोदाई एवं अवैध कब्जा की सूचना पर यहां अवलोकन करने एवं कार्य रोकने के लिए पहुंची थी।

जिसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष एवं अन्य लोगों ने अंजाम भुगतने और तरह-तरह की

धमकियां दी। पुलिस ने वन रक्षक की रिपोर्ट पर पालिका अध्यक्ष समेत 15 लोगों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। इसी बात से आक्रोशित उनके समर्थकों ने थाने के सामने धरना दे दिया है।

करेंट से हाथी की मौत के मामले में पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई

रायपुर। रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वनमण्डल के गेरसा गांव में करेंट की वजह से हाथी की मौत के मामले में दो आरोपी किसानों और विद्युत विभाग के तीन कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। आरोपी कृषक भादोराम एवं एक अन्य कृषक को इस मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी किसानों को सिंचाई पम्प के लिए अवैध रूप से विद्युत कनेक्शन देने तथा घटना स्थल से साक्ष्य मिटाने के मामले में विद्युत विभाग के सब इंजीनियर पी. कुजूर, लाईनमेन श्री अमृत लाल तथा सहायक को गिरफ्तार किया गया है।

70 कोविड पॉजिटिव में से 43 ने जीती जंग, शेष 27 का उपचार जारी

महासमुंद। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग जिले के कोविड पॉजिटिव मरीजों का उपचार जिले में ही संभव करने की लगभग पूरी तैयारी कर चुके हैं। वहीं दूसरी ओर कोविड-19 की महामारी जिले के मरीजों के सामने कमजोर साबित होती नजर आ रही है। स्वास्थ्य विभाग की एकीकृत रोग निगरानी शाखा से मिली जानकारी के अनुसार जिले में अब तक कुल 70 मामले मिले जो कोविड-19 के धनात्मक प्रकरण मिले हैं।